ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



● ऑस्टियोआर्थराइटिस से जूझ रहे लोगों का इलाज करायेंगे सोनू सूद

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● पौष कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2079 ● सोमवार, 19 दिसम्बर 2022 ● वर्ष-23 ● अंक-313 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

# इश्क, लिव इन रिलेशन, फिर शादी...उसके बाद बीवी को 50 टुकड़ों में काट कर फेंक दिया

### साहिबगंज में दोहराया गया श्रद्धा हत्याकांड, आरोपी पति को झारखंड पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अब तक 15 टुकड़े बरामद, मृतका का नाम रूबिका पहाड़िया, आरोपित का नाम दिलदार अंसारी



**नवीन मेल टीम। साहिबगंज** पहले इश्क, फिर लिव इन रिलेशन, फिर शादी और अंत में 50 टुकड़ों में बंटी लाश। यही सब हुआ बोरियो के गोंडा पहाड़ पर रहने वाली रूबिका पहाड़िया नामक महिला के साथ। कहते हैं, उसे मारने वाला कोई और नहीं, उसका पति ही है। नाम है दिलदार अंसारी। पुलिस ने शक के आधार पर दिलदार को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि हत्या करने के बाद दिलदार ने ही शव को 50 से ज्यादा टुकड़े करके अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया होगा। पुलिस अब तक 15 टुकड़े बरामद कर चुकी है। अगर कुत्ते इन मानव अंगों को लेकर बाहर नहीं आते तो कभी पता ही नहीं चलता कि किसी की जिंदगी खत्म हो गयी है। किसी को मार कर एक नहीं बल्कि 50 टुकड़ों में काट कर फेंक दिया गया है। रूबिका के साथ जो कुछ भी हुआ, वह श्रद्धा के साथ भी हुआ था। आफताब ने श्रद्धा को मारा, रूबिका को दिलदार ने मारा। आफताब ने श्रद्धा के 35 टुकड़े किये थे। दिलदार ने रूबिका के 50 या उससे ज्यादा टुकड़े किये। दिल्ली वाली घटना साहिबगंज में भी घट ही गयी। इसके पहले, दो माह पहले पीछे जायें तो दुमका में भी एक शातिर दिमाग के शख्स ने अंकिता नामक एक लड़की को सोती हुई अवस्था में देह पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी। कई दिनों के संघर्ष के बाद अंकिता की रिम्स में मौत हो गयी थी। साहिबगंज में झारखंड पुलिस की छानबीन में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ये है पूरा मामला

**गौरतलब** है कि शनिवार की देर शाम बोरियो संथाली पंचायत के मुखिया एरिका स्वर्ण मरांडी के पुत्र मनोज दास ने स्थानीय थाने की पुलिस को सूचना दी कि निर्माणधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पास कुछ मानव अंग मिले हैं। कुत्ते के झुंड उन टुकड़ों के पास मंडरा रहे थे। इसके बाद पुलिस हरकत में आयी। थाना प्रभारी जगन्नाथ पान, एएसआई करुण कुमार राय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। इसके बाद कुछ लोगों से पूछताछ की। जहां मानव शरीर का टुकड़ा मिला, उससे करीब 300 मीटर दूर बंद पड़े मकान में पुलिसकर्मियों की टीम दाखिल हुई। वहां पुलिस टीम ने देखा कि एक बोरे में मांस के टुकड़े और हड्डियां पड़ी हुई हैं। वहीं से कुत्ते मानव अंगों को मुंह में दबाकर बाहर तक ले आये थे। इसके बाद छानबीन में उसी बंद मकान से महिला की क्षत-विक्षत डेड बॉडी भी मिली।

### जयपुर में युवक ने ताई को 10 टुकड़े कर जंगल में फेंका

**एजेंसी, जयपुर।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तरह जयपुर में भी हुए भीषण हत्याकांड का मामला सामने आया है। यहां भतीजे ने अपनी 64 वर्षीय विधवा ताई की बेरहमी से हत्या कर दी और उसके शव के दस टुकड़े करके उन्हें जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को बयानों के मेल न खाने पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी काफी पढ़ा-लिखा है और मनोरोगी लगता है। पुलिस का कहना है कि युवक ने अपनी ताई के सिर पर हथौड़ा मारा और उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पत्थर काटनेवाले कटर से उसने शव के दस टुकड़े किये और उन्हें जंगल में अलग-अलग जगह फेंक दिया। अनुज शर्मा नाम के 32 साल के युवक पर आरोप है कि उसने अपनी 64 वर्षीय विधवा ताई की हत्या की। उसकी ताई अपने परिवार के साथ रहती थी। आरोप है कि जब वह चाय बना रही थी तब उसने उसके सिर पर वार किया। हत्या के बाद उसके शरीर के दस टुकड़े कर दिये और उन टुकड़ों को उसने बाल्टियों और सूटकेस में पैक करके जंगल में फेंक दिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### छात्रावास में छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हजारीबाग।** बीते रात्रि बड़कागांव के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्रावास में दसवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा बादाम निवासी छोटे राम की पुत्री निशा कुमारी है। जो पिछले कई वर्षों से केजीबीभी में रहकर पढ़ाई कर रही थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव पुलिस एवं भारी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंचे और पंखे से लटके शव को उतारा। जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार यह इस विद्यालय की दूसरी घटना है। यह घटना अपने आप में कई सारे सवालों को जन्म दे दिया है। एक ही हॉल में कई लड़कियां रहती हैं फिर भी इस तरह की घटना घट जाती है जो गंभीर मामला है। जांचोपरांत ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल के कमरे से युवक का शव बरामद

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल से शाहरुख नाम के युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गयी है। मृतक के परिजनों का कहना है कि शाहरुख की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। अपर हटिया इलाके स्थित मुस्लिम मोहल्ले में शाहरुख नामक युवक का शव स्कूल के एक कमरे में मिला। शाहरुख बिजली मिस्त्री का काम किया करता था और अपर हटिया स्थित लिटिल एंजल स्कूल के परिसर में बने कमरे में ही रहा करता था। रविवार को शाहरुख काफी देर तक जब अपने कमरे से नही निकला, तब उसका का एक परिचित उसे खोजते हुए स्कूल पहुंचा तो शाहरुख का शव देखा, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी।

# चैम्पियन अर्जेंटीना

## तीसरी बार फुटबॉल विश्व कप का विजेता बना अर्जेंटीना



### फुटबॉल विश्व कप की खास बातें :-

- ●विजेता टीम को 347 करोड़ रुपये मिलेंगे।
- ●उपविजेता टीम को 248 करोड़ रुपये मिलेंगे।
- ●इस बार का मेजबान कतर था।
- ●कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया।
- ●कुल धनराशि थी 440 मिलियन डॉलर।
- ●तीसरे स्थान पर रही क्रोएशिया टीम को मिले 223 करोड़ रुपये।
- ●चौथे स्थान पर रही मोरक्को की टीम को मिले 206 करोड़ रुपये।
- ●हर टीम को मिलेंगे 75 करोड़ रुपये। (जो खेल से बाहर हो गये)।

**नवीन मेल टीम। दोहा** 2011 में क्रिकेट वर्ल्ड कप खेलने के लिए जब टीम इंडिया उतरी थी तो सभी के मन में यही भावना थी कि इस विश्व कप को जीत कर मास्टर बलास्टर सचिन तेंदुलकर को गिफ्ट किया जाये। सचिन आखिरी बार 2011 का

### फुटबॉल विश्व के इतिहास में तीसरी बार पेनल्टी शूटआउट से हुआ फैसला

वर्ल्ड कप खेल रहे थे। कुछ ऐसी ही भावना 11 साल बाद यानि 2022 में अर्जेंटीना की टीम ने मेस्सी के लिए संजो कर रखी थी। मेस्सी ने मैदान पर अपना जौहर तो दिखाया ही, पूरी टीम भी उनको इज्जतदार विदाई देने के लिए फ्रांस के खिलाफ लड़ती हुई दिखी। नतीजा सामने है। 36 साल के बाद अर्जेंटीना ने फुटबॉल वर्ल्ड कप जीत लिया है। इस जीत के साथ ही टीम अर्जेंटीना ने अपने हीरो मेस्सी को शानदार विदाई दी। पूरा अर्जेंटीना खुशी से झूम रहा था जबकि जबरदस्त वापसी करने के बावजूद फ्रांस के खाते में सिर्फ गम और उदासी ही आयी। अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। अर्जेंटीना ने सबसे पहले 1978 फिर 1986 और अब 2022 में विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है।

### गोल्डन कप का अनावरण दीपिका पादुकोण ने किया



**कतर** में चल रहे फीफा विश्व कप फुटबॉल मैच के ट्रॉफी का अनावरण भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने किया। ऐसा करनेवाली वह भारत की पहली अभिनेत्री है। इसके साथ ही भारत के साथ एक स्वर्णिम इतिहास रच गया। गौरतलब है कि सोने की इस ट्रॉफी को कुछ चुनिंदा खिलाड़ी और हेड्स ऑफ स्टेट ही छू सकते हैं। इसलिए लिहाज से देखा जाये तो फीफा वर्ल्ड कप को छूने वाली दीपिका पादुकोण ने एक नया ही इतिहास बना डाला है। दीपिका इन दिनों कतर में है और उनको लेकर भारत में जबरदस्त बवाल मचा हुआ है। उन्होंने फिल्म पठान के गीत बेशर्म रंग में जो भगवा कलर की बिकनी पहनी है, उसे लेकर उनकी कड़ी आलोचना की जा रही है।



### क्लोजिंग सेरेमनी में नोरा फतेही ने बिखेरा जलवा

फीफा वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल मुकाबला से पहले लुसैल स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी का भी आयोजन हुआ। क्लोजिंग सेरेमनी में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का धांसू परफॉर्मेंस देखने को मिला। स्थानीय गीतकार आइशा, अमेरिकी सिंगर डेविडो, इराकी संगीतकार रहमा रियाद ने भी शानदार परफॉर्मेंस दिया।



एबाप्पे की मेहनत बेकार

## शीत सत्र : विपक्ष के सवालों का मजबूती से जवाब देगी सरकार

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

### सीएम आवास पर हुई यूपीए विधायकों की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आज से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर यूपीए विधायक दल की बैठक हुई। करीब एक घंटे तक चली बैठक में हाईकोर्ट में रद्द हुई नियोजन नीति से जुड़े मसले पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही विपक्ष को इस बात को लेकर चर्चा हुई कि विपक्ष किन-किन मसलों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर सकती है। शीतकालीन सत्र में विपक्ष हाईकोर्ट द्वारा रद्द की गयी नियोजन नीति, साहिबगंज के बोरियो में आदिम युवती के साथ हुई दरिंदगी को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। इससे साफ है कि शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने की संभावना है। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के हर आरोपों का गठबंधन के सदस्य मजबूती के साथ जवाब दें। बैठक के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के सभी सकारात्मक सवालों का जवाब देने की तैयारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में बरामद किया विस्फोटक



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** लातेहार के चातम जंगल में सुरक्षाकर्मियों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। बटालियन ने सभी बम को निष्क्रिय कर दिया है। माना जा रहा है कि इन बमों के जरिये नक्सल विरोधी अभियान में लगे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाया जाना था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया।

जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर सीआरपीएफ की 214वीं बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर लातेहार थाना क्षेत्र के चातम जंगल में छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी क्रम में बटालियन को नक्सलियों द्वारा जंगल में एक गड्ढे में छिपा कर रखा गया विस्फोटक मिला। इसके साथ ही एक देसी पिस्टल, पांच-पांच किलोग्राम के दो सिलिंडर बम, एक-एक किलोग्राम के दो टिफिन बम, दो किलोग्राम का एक केन बम, पांच डेटोनेटर और बिजली के तार मिले। सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ता ने बरामद विस्फोटकों को डिफ्यूज कर दिया।

### चार लाख रुपये के एवज में मिले मात्र एक लाख 54 हजार ही

# कुआं तो तैयार हो गया, पर दुधारू भैंस बिक गयी

**किशन श्याम विमल। भवनाथपुर** एक गांव है। मकरी। यहां रहते हैं बाला यादव। इन दिनों टेंशन में हैं।

### बाला यादव की दुखद कहानी



पिछले दो साल से दौड़-धूप कर रहे हैं, लेकिन उनका काम हो नहीं रहा है। दौड़ते-धूपते परेशान हो गये। परेशान होने के बाद इस संवाददाता से मिले। लेकिन, ठहरें। आप पूछेंगे कि क्या कोई नयी कहानी सुनाने जा रहे हैं तो समझ लें, यह सिस्टम की लापरवाही का मामला है। सरकार की नीयत बेशक बेहतर हो लेकिन उस नीयत पर सवाल उठवाने का काम करते हैं अफसर लोग।

मामला यह है कि मनरेगा योजना के तहत 20121 में कई कुओं का निर्माण किया गया था। मकसद यह था कि किसानों को अपने खेत में सिंचाई करने में दिक्कत न हो। कहा गया ता कि हर किसान को चार लाख रुपये प्रति कुआं निर्माण पर दिया जायेगा। योजना अच्छी थी। लिहाजा, बाला यादव ने भी तय कर लिया कि वह भी कुआं खुदवायेगा।

**बाला ने नवीन मेल से कहा –**

**मैंने** कुएं का काम शुरू करवा दिया। कुआं खोदवाना चालू किया और ईश्वर की कृपा से कुआं बांध भी दिया गया। पानी भी शानदार है। लेकिन इस चक्कर में मेरी दुधारू भैंस बिक गयी। हजारों रुपये का कर्जा मेरे माथे पर चढ़ गया। मेरे समझ में यह नहीं आ रहा कि जब सरकार को पैसे देने ही नहीं तो ऐसी योजनाएं बनाते क्यों हैं? यह ठीक है कि मेरा कुआं तैयार हो गया लेकिन इस कुएं के पीछे तो मेरी दुधारू भैंस बिक गयी न। मार्केट के लोगों का कर्जा भी मेरे माथे पर है। समझ में नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### क्या कहते हैं मंत्री आलमगीर आलम

**इस** संबंध में जब राष्ट्रीय नवीन मेल ने ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को सारी बातें बतायी गीं तो उन्होंने कहा कि मनरेगा का पैसा भारत सरकार ही देती है। इस संबंध में आपने ध्यान दिलाया है तो निश्चित ही बीडीओ को आदेशित किया जायेगा। आप यकीन रखें, इस मामले में बेहद जल्द कार्रवाई होगी। एक काम और करवाएं। एक आवेदन सचिव के नाम पर भिजवा दें।

## पूर्वोत्तर में 'विवादों के बॉर्डर' नहीं, विकास के कॉरिडोर बना रहे : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी, शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह मेघालय के शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और जी किशन रेड्डी, पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं, शिलांग में अपने संबोधन में पीएम मोदी कतर में फीफा वर्ल्ड कप फाइनल का जिक्र करते हुए कहा कि जब फुटबॉल का बुखार हम सभी को जकड़ रहा है, तो मैं फुटबॉल की शब्दावली में ही आपसे बात क्यों न करूं? फुटबॉल के खेल में जब कोई खिलाड़ी खेल भावना के खिलाफ जाता है, तो उसे रेड कार्ड दिखाया जाता है और मैदान से बाहर भेज दिया जाता है। इसी तरह पिछले आठ वर्षों में हमने पूर्वोत्तर के विकास में कई बाधाओं को रेड कार्ड दिखाया है। हम पूर्वोत्तर में 'विवादों के बॉर्डर' नहीं, विकास के कॉरिडोर बना रहे हैं। भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद को खत्म करने का काम किया है। हमारे लिये विकास सिर्फ शिलान्यास तक सीमित नहीं रहता, जैसे पहले सिर्फ फीते कटते थे और फोटो खींचती थी। काम नहीं होता था, हम शिलान्यास भी करते हैं और लोकार्पण भी करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में प्रदान की गयी बेहतर हवाई सेवा कृषि उपज के निर्यात में मदद कर रही, जिससे किसानों को फायदा हो रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग सरकार भ्रष्टाचार, भेदभाव, हिंसा, वोट बैंक की राजनीति को खत्म करने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### रातू सिमलिया में प्रखंड अंजुमन कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक

**रातू।** प्रखंड के सिमलिया मैदान में रविवार को प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के 27 अंजुमन कमेटी के सैकड़ो लोग उपस्थित हुये। जिसमें सर्व सहमति से ये निर्णय लिया गया की इस चुनाव से संबंधित एक और बैठक इसी मैदान में बहुत जल्द किया जाएगा जिसमें छूटे हुए ज़िम्मेदार व्यक्ति व समाज के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों तथा उलेमाओं को भी बुलाया जाएगा। बैठक के उपरांत सबकी सहमति से आगे की कार्यवाही की जाएगी। रातू प्रखंड उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रखंड अंजुमन के सदर कमरुल हक, सेकेट्री कुदुस अंसारी, नायब सदर अंजुम खान,नायब सेकेट्री नौशाद आलम,खलील अंसारी पूर्व उप प्रमुख महमूद आलम अमन ग्रुप अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, सिमलिया सदर शमीम, खैरुद्दीन अंसारी, महफूज अंसारी,रयुप अंसारी के अलावा सैकड़ो लोग शामिल थे।

### स्प्रिट की कालाबाजारी करते छह टैंकर पकड़े गये

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के मलटोटी गांव से स्प्रिट की कालाबाजारी करते छह टैंकर के पकड़े जाने की सूचना मिली है । रांची के एसएसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर की गई है कार्रवाई । खलारी डीएसपी के नेतृत्व में सभी टैंकरों को पकड़ा गया है,आखिर मांडर पुलिस को पता क्यों नहीं है,ध्यान देने की बात है। जप्त टैंकरों को अलग-अलग स्थानों पर झाड़ियों में छुपाकर रखा गया था ,जबकि मांडर पुलिस बल दिन रात उस स्थान पर गश्ती कर रहे हैं। मांडर व रातू थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में चल रहा था कालाबाजारी का काम । मांडर पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### रांची के मिथलेश कुमार सिंह झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष बने

**रांची ।** झारखंड ताइक्वांडो संघ की वार्षिक आम सभा एवं कार्यकारिणी सदस्य की बैठक रांची के एस.भी. पब्लिक स्कूल (विश्वकर्मा स्कूल), सेक्टर-4, नियर प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, राँची में रवि प्रकाश (अधिवक्ता, उच्च न्यायालय) अध्यक्ष, झारखड ताईक्वांडो संघ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें ताइक्वांडो खेल के विस्तार, विकास एवं ताइक्वांडो के अन्य गतिविधियों पर चर्चा हुई । इस दौरान वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन के लिए लोहरदग्गा, बोकारो, राँची, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम एवं कोडरमा जिला ने अपना अपना आयोजन हेतु प्रस्ताव रखा जिसमें सभी जिला को तैयारी करने का समय देते हुए सभी से सफलता पूर्वक आयोजन हेतु पूर्ण विवरण माँगा गया है। इस बैठक में झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय कुमार शर्मा ने ताइक्वांडो के सभी प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह वार्षिक स्तर पर करने का निर्णय लिया जोकि झारखंड ताइक्वांडो संघ में एक ऐतिहासिक पहल है। इस बैठक में झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष प्रभात कुमार शर्मा ने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय स्तर पर सभी मामलों से सभी को पूर्ण रूप से अवगत कराते हुए सभी को फर्जी ताइक्वांडो चलाने वाले लोगों से बचने का भी मार्गदर्शन दियें साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ताईक्वांडो खेल के विवाद का जल्द से जल्द निबटारा होने का यकीन दिलाएँ।

### क्वार्टर फाइनल मैच में सीएए रांची ने 4-0 से जीत हासिल किया

**रांची।** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा पतरातू स्थित मंदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट 2022-23 का आयोजन किया गया। सीएए रांची एवं एस एस ए चाईबासा के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया जिस जिसमें सी एए रांची 4-0 से जीत हासिल किया पहला गोल रोहित तिग्गा दूसरा गोल अश्वनी पूर्ति तीसरा गोल बबलू कच्छप ने किया। मुख्य अतिथि सोमनाथ मुंडा कांके प्रमुख ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी सोमरा मुंडा को दिया।

## गूंज महोत्सव का महामहिम राज्यपाल ने किया उद्घाटन

# एक साथ 5 हजार छऊ कलाकारों के नृत्य ने लोगों का मन मोहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** एक साथ पांच हजार कलाकारों ने छौ नृत्य किया। झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के विभिन्न जगहों से आए छौ कलाकारों ने एक साथ नृत्य करके देश भर में रिकार्ड बनाया। इंडिया बुक आफ रिकार्ड के अधिकारी ने सर्वाधिक संख्या में ट्रेडिशनल डांस किए जाने का रिकार्ड गूंज परिवार के नाम किया। गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो को इंडिया बुक आफ रिकार्ड को और से प्रमाण पत्र भी दिया गया। वहीं स्टेडियम परिसर में सिल्ली, राहें एवं सोनाहातु कस्तूरबा विद्यालय, प्रोजेक्ट गर्ल हाईस्कूल सिल्ली एवं उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मुरी के 15 सौ छात्राओं ने सामुहिक नृत्य कर अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया पुरा स्टेडियम छात्राओं को ताली बजाकर होंसला बढ़ाया। इससे पुर्व मुरी टुंगरी से सिल्ली स्टेडियम परिसर तक गूंज कार्निवाल का आयोजन किया गया जिसमें छऊ कलाकार, स्कूली क्षात्राओं एवं स्थानीय लोग शामिल थे। महामहिम राज्यपाल रमेश वैश ने कार्निवाल के अवलोकन किया एवं कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

## पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने झामुमो छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**रांची ।** रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संथाल परगना क्षेत्र में झामुमो के कद्दावर नेता एवम पार्टी के पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने झामुमो छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में पाकुड़ जिला अंतर्गत पाकुड़िया प्रखंड के झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता जुनास मुर्मू,महेश मुर्मू, पूर्व मुखिया कमल हांसदा शामिल हैं। सदस्यता ग्रहण के अवसर पर भाजपा के पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय,प्रदेश मंत्री एवम पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन,शर्मिला रजक,प्रदेश कार्यसमित सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, बबलू भगत, जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल,मिहिर मंडल,संजय साहू आदि उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण कराते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज संथाल परगना से झामुमो का मजबूत स्तंभ ध्वस्त हो गया। कार्यकताओं का विश्वास अब झामुमो से खत्म होता जा रहा है।

# भारत और भारतवासियों से माफी मांगें बिलावट भुट्टो : सुनील कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाक के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी पर तीखे शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि इसके लिये भारत और भारवासियों से बिलावल भुट्टो के साथ पाकिस्तान को माफी मांगनी चाहिए। इस प्रकार की टिप्पणी कतई स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन लोगों में से हैं जो हमारे हिंदू धर्म को बचाने के लिए कड़ा प्रयास कर रहे हैं और यह पाकिस्तान बर्दाश्त नहीं कर पाता है। इसलिए वो इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करता रहता है। यह टिप्पणी न सिर्फ हमारे पीएम का अपमान है बल्कि यह पूरे भारवासियों का अपमान है। इसके लिये बिलावल भुट्टो को अविलंब माफी मांगनी चाहिए। श्री सिंह ने आगे कहा कि वैश्विक पटल पर पाकिस्तान का नापाक चेहरा उजागर हो गया है कि वह कितने नीचले स्तर तक की बयानबाजी कर सकता है। एक ओर पूरी दुनिया पीएम मोदी को वैश्विक नेता के रूप में देखती और मानती है, दूसरी ओर इससे चिढ़े नापाक पाकिस्तान अपना असली चेहरा उजागर कर यह बता रहा है कि वह आतंकवाद और आतंकवादियों का पालन करनेवाला है। आतंकवाद पर पूरी दुनिया पाकिस्तान के रिकॉर्ड को जानती है। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा होता कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री अपनी कुंठा अपने देश में पल रहे आतंकवादी संगठन के षडयंतकर्ताओं पर निकालते जिन्होंने आतंकवाद को देश की नीति का एक हिस्सा बना दिया है।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की आगामी कार्य योजना की बैठक सम्पन्न

# राज्य सरकार के असंवैधानिक कार्यों को लेकर होगा आंदोलन : अमर कुमार बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की 'आगामी कार्य योजना' को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि रविवार की बैठक में मुख्य रूप से आगामी एक वर्ष की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही राज्य में अनुसूचित जाति समाज के उपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ समाज को जागरूक कर उसके खिलाफ आन्दोलन करने पर चर्चा हुई। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि वर्तमान की राज्य सरकार असंवैधानिक रूप से राज्य के दलितों के खिलाफ कार्य कर रही है और दलितों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि आज की बैठक में बस्ती संपर्क अभियान की समीक्षा भी की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित आज की बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला देवी पाटले, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेलो इंडिया यूथ गेम में भाग लेने के लिए हॉकी टीम भुनेश्वर रवाना

**रांची ।** आगामी 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2022 तक भुनेश्वर में आयोजित क्वालीफाई खेलो इंडिया यूथ गेम व 18हॉकी प्रतियोगिता 2022 में भाग लेने के लिए 40 सदस्यीय झारखंड महिला एवं पुरुष हॉकी टीम रांची से भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। इस टीम का विगत 10 दिसंबर से झारखंड सरकार खेल विभाग के सहयोग से रांची में विशेष प्रशिक्षण चलने के तत्पश्चात टीम रवाना हुई। टीम रवाना से पहले झारखंड सरकार खेल विभाग के द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल कीट के रूप में जर्सी,निकर, मौजा, और ट्रैक शूट इत्यादि दिया गया। इस टीम में अधिकांश खिलाड़ी झारखंड सरकार खेल विभाग द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र के में रहकर हॉकी का प्रशिक्षण लेते हैं। रश्मि होरो, नीरु कुल्लू,रजनी केरकेट्टा, निक्की कुल्लू, ईडलिन बागे सभी एकलव्य हॉकी सेंटर रांची, रजनी केरकेट्टा,पार्वती टोपनो, सभी आवासीय हॉकी सेंटर बरियातू की हैं।

# कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए भाजपा ने ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** राज्य सभा सांसद आदित्य साहु के सौजन्य से भाजपा ओरमांझी मंडल ने नवप्राथमिक विद्यालय बारीडीह के प्रांगण में रविवार को दो सौ गरीबों के बीच कम्बल का वितरण किया। कम्बल वितरण के मौके पर उपस्थित भाजपा झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति सम्पन्न है वैसे लोगों को गरीब व असहाय लोगो की मदद के लिए आगे आना चाहिए ताकि समाज में सामंजस्य बना रहे। गरीबो की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र साही ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करने से जो सुकून मिलता है वह दुनिया की कोई भी दौलत नहीं दे सकता है। कम्बल वितरण मे मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र साही और भाजपा झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी , मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, राजधाम साहू ,सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी राजकिशोर साहू ,बालक महतो , कैलाश पहान , जंगल महतो, धनंजय महतो, शशि मेहता , रीता देवी , वार्ड सदस्य भूषण कुमार महतो ,लक्ष्मी देवी ,अशोक नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिहार पुलिस की सूचना पर एक अपराधी होटल से गिफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची के चुटिया थाना पुलिस ने स्टेशन रोड में एक होटल से आर्म्स एक्ट और गोलीबारी करने के आरोपी बिहार के एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। है।इस अपराधी को बिहार पुलिस की सूचना पर शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया ।इस सम्बंध में चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने बताया कि रात में बिहार के बेगूसराय पुलिस के द्वारा सूचना मिली थी कि एक आर्म्स एक्ट और गोलीबारी के फरार आरोपी स्टेशन रोड में एक होटल में रुका है ।सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना पुलिस ने रात करीब 11 बजे होटल में छापेमारी कर आरोपी धर्म सिंह पिता स्वर्गीय केलु सिंह,बरौनी चकिया बेगूसराय को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी से पूछताछ के बाद बेगुसराय पुलिस आरोपी को साथ लेकर चली गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी धर्म सिंह पर बेगुसराय जिले के निमाचनपूरा थाना में 2021 में आर्म्स एक्ट और गोलीबारी करने का मामला दर्ज हुआ था ।उसी समय से आरोपी फरार चल रहा था ।शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी राँची में छुपा है ।उसके बाद बेगुसराय पुलिस ने राँची पुलिस से सम्पर्क किया ।देर रात आरोपी को होटल पैराडाइज से गिफ्तार कर लिया है। इस सम्बंध में बेगुसराय के निमाचनपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के ऊपर आर्म्स एक्ट और गोलीबारी करने मामला दर्ज है। कांड संख्या 69/21 में गोलीबारी की घटना दर्ज हुआ है ।वहीं कांड संख्या 70/21 में हथियार बरामदगी की घटना दर्ज हुआ था ।पाँच अपराधी में चार अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चाय पर चर्चा कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए सांसद

# सभी समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ रविवार को रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत सैकड़ों जनता की समस्याओं से रूबरू हुए और कई समस्याओं को मौके पर ही समाधान भी किया प्रातः लगभग 6:30 बजे से आरंभ कार्यक्रम 2 घंटे तक चला इस बीच ओटीसी मैदान में मॉर्निंग वॉकर ग्रुप फुटबॉल टीम वॉलीबॉल टीम ओटीसी फ्रेंड्स क्लब के अलावा आसपास के मुहल्लों के सैकड़ों लोगों ने अपनी अपनी समस्या को लेकर सांसद संजय सेठ के समक्ष बातें रखीं। विशेषकर विद्यार्थियों ने नियोजन नीति लाइब्रेरी की मांग रेलवे भर्ती परीक्षा से जुड़े विषयों पर सांसद महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया, वहीं स्थानीय लोगों ने पेयजल संकट नाली की समस्या स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पीसीसी सड़क की मांग की। ओटीसी फ्रेंड्स क्लब ओटीसी मैदान के चारों तरफ वृक्ष लगाने और ओपन जिम बनाने के अलावा शौचालय की व्यवस्था करने का आग्रह किया। कई लोगों ने बिजली की समस्या और बिजली कनेक्शन समय पर उपलब्ध कराने की मांग की। सांसद संजय सेठ बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर समस्याओं के समाधान करने की बात कही। इस बीच लगभग 80 लोगों ने सांसद संजय सेठ के समक्ष अपनी अपनी बातें रखीं। श्री सेठ में सभी समस्याओं के समाधान को लेकर लोगों को आश्वासन दिया। श्री सेठ ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से उनकी अनुशंसा पर शुरू की गई योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही साथ राजधानी रांची को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए तथा कई मुहल्लों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया कई बुद्धिजीवी पर्यावरण से जुड़े विषयों को रखा और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भीम प्रभाकर और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा पंडरा मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे ने किया। इस मौके पर भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतनारायण सिंह, संदीप बर्मा, पार्षद अशोक यादव, रंजीत लाल, विजय मंडल, आनंद पांडे, बैजू सोनी, नीरज कुमार, रविंदर प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, रुपेश यादव, जग बंधन सिंह, मिथिलेश केसरी, डॉ एके लाल, सुधीर कुमार सिंह, रवि मेहता, अंबालिका तिवारी, मंतोष सिंह, सुबोध कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे इस बीच लोगों ने गरम गरम चाय का आनंद भी लिया।

# प्राइमरी हेल्थ को ठीक करने की जरूरत : डॉ. दास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ऐलोपैथी के अधिक इस्तेमाल ने स्वास्थ्य की दुनिया में फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाये हैं। फार्मास्योटिकल कम्पनियों ने अपने व्यवसायिक हित में इसका जिस तरीके से इस्तेमाल किया है उससे आमजन का बड़ा नुकसान हो रहा है। यह कहना है जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. असीम कुमार दास का। बढ़ता स्वास्थ्य संकट और सार्वजनिक स्वास्थ्य को दुरूस्त बनाने की जरूरत विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. दास संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन तपोवर्धन प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, भागलपुर ने अपने 69वां स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में किया था। डॉ. दास ने युवा डॉक्टरों के स्पेशलिस्ट बनने की होड़ की प्रवृति की आलोचना करते हुए कहा कि भारत के गांवों में जहां बड़े पैमाने पर बीमारियों फैली हुई है, यहां जरूरत स्पेशलिस्ट डॉक्टर की नहीं, प्राइमरी हेल्थ ठीक करनेवाले डॉक्टर की है। दुर्भाग्य से इनका अभाव दिखाई पड़ रहा है। संगोष्ठी में बोलते हुए भागलपुर के अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश रोहित शंकर ने राजधानी दिल्ली जैसे महानगर में बिताये अपने शैक्षिक और प्रारंभिक पेशेवर जीवन के खौफनाक दिनों को याद करते हुए कहा कि उस जीवन शैली से मुझे जो शारीरिक क्षतियां हुई है। उसका अब प्राकृतिक चिकित्सा के जरिये इलाज कराकर ठीक कर रहा हूं। ग्लोबलाइजेशन के दौर में फर्मास्योटिकल कम्पनियों के बढ़ते दबाव और उससे पर्यावरण को होनेवाले नुकसान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसे रोके जाने की जरूरत है। गोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार कुमार भगानन्द ने अपने रोगों और प्राकृतिक चिकित्सा से मिले लाभों के अनुभवों को दर्शकों के बीच में बांटते हुए कहा कि आज जरूरत है दवाओं के प्रकोप से मुक्ति की और प्रकृति के तरफ लौटने की। तिलका मांझी विश्वविद्यालय की प्रध्यापिका और वनस्पति शास्त्री डॉ. मनीषा मिश्रा ने कोविड-19 के दौरान वनस्पतियों के प्रयोग और उससे मिलनेवाले लाभों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमें बायोडायवर्सिटी के युग में लौटने की जरूरत है। संगोष्ठी को प्राकृतिक चिकित्सा से इलाज करा रहे रोगियों विधि शर्मा (बेंगलुरु), राजेश अरोड़ा (नयी दिल्ली), मीनाक्षी तथा रोगी के पुत्र तन्मय सिन्हा (रांची) ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी को वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार डॉ. अर्चना सिन्हा (वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट) डॉ. मनीष (वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. आईआर रहमान (हड्डी विशेषज्ञ), नीरज आनंद कुमार विकास आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार और संस्कृतिकर्मी अनिल शुक्ल ने किया।

## द्वितीय झारखंड राज्य स्तरीय टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड एवं रांची जिला टेनिस वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में द्वितीय झारखंड राज्य स्तरीय टेनिस वॉलीबाल सह चयन ट्रायल मारवाड़ी 10+2 उच्च विद्यालय पुस्तक पथ अपर बाजार रांची में संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उत्तम यादव समाज सेवी एवं विषिठ अतिथि के रूप में बड़े भैया समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू, टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचीव ब्रजेश प्रसाद संघ के दीपक वर्मा,अंश वर्मा, महेश तिर्की, स्वाति प्रभा, शंकर रजक एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे ।इस प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल के आधार पर चयनित बालक बालिका खिलाड़ी आगामी 24 वी मिनी एवं युथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो दिनांक 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2022 तक परदीप पोर्ट स्टेडियम जगतसिंह पुर ओडिशा में आयोजित होगी।

# 1932 के नाम पर हेमंत सरकार ने किया जनभावना घोटाला : बिरंची

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने की। बैठक में नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, नवीन जायसवाल, अपर्णा सेन गुप्ता, अमर बाउरी, रामचंद्र चंद्रवंशी, नीरा यादव, अनंत ओझा, रणधीर सिंह, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, ,पुष्पा देवी, नारायण दास, अमित मंडल, समरी लाल, कोचे मुंडा, बिरंची नारायण, शशिभूषण मेहता, मनीष जायसवाल, उपस्थित थे। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि प्रदेश भाजपा प्रदेश की जनता के जनभावनाओं के साथ खड़ी है। लेकिन सरकार की मंशा साफ नही है। श्री नारायण ने कहा कि हेमंत सरकार ने खान, खनिज, बालू, पत्थर घोटाले की तरह 1932के खतियान आधारित स्थानीय नीति के नाम पर जनभावना घोटाला किया है। उन्होने कहा कि वर्ष 2002में ही तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 1932आधारित नियोजन नीति को लागू किया था जिसे उच्च न्यायालय ने विस्तृत समीक्षोपरंत लागू करने के सुझाव दिए थे। आज हेमंत सरकार बिना कोई समीक्षा किए,सदन में चर्चा कराए इसे लागू कराने का ढिढोरा पीट रही है। उन्होंने कहा कि आज हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डुबी है। जांच एजेंसियों की कारवाई से इस सरकार के रोज रोज नए कारनामे उजागर हो रहे हैं। साहेबगंज से सिमडेगा तक पूरे प्रदेश में राज्य के संसाधनों की लूट मची है।

NEWS इन ब्रीफ

## युवाओं के कंधों पर बड़ा दायित्व : विस अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो रविवार को बीआईटी मेसरा के लालपुर एक्सटेंशन ब्रांच के कन्वोकेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आज युवाओं के कंधों पर बड़ा दायित्व है। शिक्षा प्राप्ति के उपरांत जब वे अपने रोजमर्रा की जिंदगी में आते हैं जहां उन्हें एक तरफ रोजगार के अभाव से गुजरना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर उन पर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की जिम्मेदारी भी होती है। आज जरूरी है कि शैक्षणिक संस्थान एवं विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दे ताकि छात्र-छात्राओं को आसानी से रोजगार उपलब्ध हो पाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष के द्वारा विशिष्ट रूप से पीएचडी पूरा करने वाले छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट दी गई। उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी छात्र छात्राओं को उनके अच्छे भविष्य कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ-साथ अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

## पारिवारिक मिलन समारोह सह वैवाहिक परिचय का होगा आयोजन

**रांची।** झारखंड प्रादेशिक कलवार कल्याण सभा रांची द्वारा 24 दिसम्बर शनिवार, प्रातः11:00 बजे दिन में रबी स्टील चौक स्थित अशोक वाटिका बैंक्विट हॉल में एक पारिवारिक मिलन समारोह सह वैवाहिक परिचय का आयोजन किया गया है जिसकी सफलता के लिए आज दिनांक 18.12.2022 को रातु रोड श्रद्धानंद प्राइमरी स्कूल परिसर में समीक्षा बैठक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें काफी संख्या में समाज के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित हुए। आज की इस बैठक में मुख्यरूप से संघ के सचिव काशीनाथ जयसवाल, विनोद कुमार चौधरी, आदित्य कुमार चौधरी, राम विशुन चौधरी, हरीशंकर चौधरी, सुजीत कुमार चौधरी, राजू चौधरी, रविंद्र चौधरी, चंद्र कुमार, विनय चौधरी, संजीता कुमारी, कुणाल शाह, पुतुल चौधरी विनोद गुप्ता, मिथलेश साहू कुमारी आकांक्षा एवं समाजसेवी शिव किशोर शर्मा भी मौजूद थे।

## सात दिवसीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का शुभारंभ

**रांची।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को श्यामली कॉलोनी में मेकॉन, जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र के सहयोग से सात दिवसीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का शुभारंभ अरुण कुमार अग्रवाल, निदेशक तकनीकी मेकॉन एवं प्रसिद्ध सितार वादक सुब्रत डे, भूतनाथ डे, वरीय संगीतज्ञ, श्यामा प्रसाद नियोगी, वरीय संगीतज्ञ, माननीय कार्यक्रम समिति सदस्य चंद्रदेव सिंह पूर्व क्षेत्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार , लिली मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। या कार्यशाला 7 दिनों तक 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रतिदिन संध्या शाम संध्या 4:00 से 6:00 तक के लेंगे इस कार्यशाला में 75 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर अमृता चटर्जी,रथीन मुखर्जी, संजीव पाठक, आदि गणमान्य लोग उपस्थित हैं कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार ने किया। आज कला भवन खेलगांव में जनजातीय चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन शाम 4:00 बजे किया जाएगा इस कार्यशाला में सोहराई, कोहबर जादू पटिया एवं पीटकर चित्रकला की प्रशिक्षण दी जाएगी।

### पहाड़िया समुदाय की युवती हत्या मामले में संजय सेठ ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# हेमंत सरकार में आदिवासी सुरक्षित नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज की पहाड़िया बेटी की उसके कथित विधर्मी पति के द्वारा दर्जनभर से अधिक टुकड़े कर दिए गए। यह घटना न सिर्फ मानवता को शर्मसार करने वाली है बल्कि सभ्य समाज को कलंकित करने वाली है। झारखंड में जब से यूपीए की सरकार बनी है, यह लोग आदिवासियों के हितैषी होने का दंभ भरते हैं परंतु सबसे अधिक प्रताड़ित आदिवासी हो रहा है। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने कही। श्री सेठ साहिबगंज में पहाड़िया समुदाय की युवती की पति के द्वारा इलेक्ट्रिक आरी से टुकड़े-टुकड़े किए जाने की घटना के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। सांसद श्री सेठ ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय का हितैषी होने की बात करते हैं, झारखंडयों को धोखा देने के लिए खतियानी यात्रा निकाल रहे हैं और दूसरी तरफ झारखंड की आदिवासी बेटियां, उनकी इज्जत, उनकी जिंदगी कुछ भी सुरक्षित नहीं है। इससे वीभत्स और क्या हो सकता है कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी बहन बेटियां ही सुरक्षित नहीं है। यह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। सांसद ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार को अब भी चेत जाना चाहिए और ऐसे दरिंदों को फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर तत्काल फांसी की सजा देनी चाहिए परंतु यह सरकार पूरी तरह से तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। कहीं गौ तस्करों के द्वारा आदिवासी दरोगा बेटी मार दी जाती है। कभी विधर्मियों द्वारा हमारी बेटियां काट दी जाती है। कभी जिंदा जला दी जाती हैं और यह सरकार चुपचाप खामोश होकर सारा तमाशा देखती रहती है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री को झारखंड की जनता को जवाब देना चाहिए। आदिवासी हित की बात करते हैं और यहां आदिवासी सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री जी याद रखिए, यह लोकतंत्र है। श्री सेठ ने कहा कि मुख्यमंत्री अविलंब एसआईटी का गठन करें या फिर इस तरह के मामलों को लेकर एनआईए या सीबीआई से जांच की अनुशंसा करें। केंद्र सरकार इस मामले की जांच करेगी क्योंकि यह एक सोची समझी साजिश है। यह कोई सामान्य हत्या की घटना नहीं है। संथाल में विधर्मियो के निशाने पर हमारी बेटियां हैं और हमारी सरकार चुप चाप खामोश होकर तमाशा देख रही है। समाज अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 130 लोगों ने किया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में आज स्व. उदय सर्राफ की द्वितीय पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी कांता सर्राफ, पुत्र तरुण सर्राफ, भाई गिरधारी सर्राफ, संजय सर्राफ, दीपक सर्राफ के द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर पर स्व. उदय सर्राफ के चित्र पर गिरधारी सर्राफ, संजय सर्राफ, शशि सर्राफ, अनुराधा सर्राफ, कांता सर्राफ, तरुण सर्राफ, संदीप सर्राफ, आयुषी सर्राफ, तुषार अग्रवाल, नीरज भट्ट, विनोद महलका, अजय लाल सहित शहर के कई गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 130 लोगों ने भोजन किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने का प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा में 162 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर- प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, मनोज रूईया, द्वारका अग्रवाल, अंजनी बुधिया, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुष्कर महतो झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव चुने गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक जेएमएम के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो के आवासीय परिसर में हुई। बैठक में झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधाःबिनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि तथा मांडर के झारखंड आंदोलनकारी बिरसा तिग्गा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर राज्य भर से आए प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रधान सचिव पुष्कर महतो को चुना एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कमेटी का विस्तार करते हुए विदेशी महतो को अध्यक्ष, दुलारचंद राय एवं प्रफुल्ल तत्वा को उपाध्यक्ष अली हसन अंसारी को सचिव दिवाकर साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही नारायण मंडल को जामताड़ा जिला अध्यक्ष सीताराम उरांव को गुमला जिला अध्यक्ष, विश्वजीत प्रमाणिक को पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष, महबूब अंसारी को खूंटी जिला,मोइनुद्दीन अंसारी को पश्चिमी सिंहभूम, करमचंद महतो को गिरिडीह जिला, छेदी अंसारी को लोहरदगा जिला विनोद बड़ाईक को सिमडेगा जिला, भौवा उरांव,लक्ष्मी महतो,अशोक साहू रांची जिला, जितेंद्र सिंह लातेहार जिला, चिंतामन महतो को हजारीबाग जिला, मदन सिंह महतो को रामगढ़ जिला का संयोजक बनाया गया। झारखंड आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट को अनुशासन समिति का अध्यक्ष सीमा साहू एवं मनबोध महतो को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का संयोजक, अनीता पहाड़ एवं नेहा नवनीता को महिला प्रकोष्ठ का संयोजक , बद्री प्रसाद सिंह को सलाहकार समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए इनमें प्रत्येक वर्ष की भांति 3 जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रत्येक जिला में मनाए जाएंगे।

## झारखंड इकाई का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**रांची।** साहित्य 24 मंच, झारखंड इकाई का वार्षिकोत्सव रविवार को रांची के एक होटल में मनाया गया। मौके पर पुस्तक झारखंड दर्शन का लोकार्पण किया गया। साथ ही, इस साझा संकलन के सभी रचनाकारों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में काव्य पाठ भी हुआ, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए रचनाकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक कलाकार पद्मश्री मधु मंसूरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ संजय कुमार षाडंगी व पीके लाल उपस्थित थे। अध्यक्षता मीना बंधन ने की। समारोह में चंद्रिका ठाकुर, शालिनी सहबा, रेणु झा रेणुका, कल्याणी झा कनक, एमजे अजहर, अफताब अंजुम अजहर, अजय लकड़ा, सरोज झा झारखंडी, स्नेहप्रभा पांडेय, डॉ संगीता नाथ, प्रियदर्शिनी पुष्पा, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, अंकिता सिन्हा, कृष्णा आजमगढ़ी व अन्य रचनाकारों ने हिस्सा लिया। संचालन रूपा कुमारी अनंत, रिम्मी वर्मा व साहित्य 24 की झारखंड उपाध्यक्ष मीरा सिंह ने किया।

## एसोसिएशन का सवाल, अमीनों की बहाली कब तक प्रक्रियाधीन रहेगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन ने रांची में बैठक किया जिसमें विधायक समरी लाल का आभार जताया।अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा प्रशिक्षित अमीनो की बहाली की बात को लेकर समरीलाल जी से मिला था । फिर उन्होंने विधानसभा के माध्यम से सरकार से पूछा कि प्रशिक्षित अमीनों की बहाली होगी या नही होगी? अगर होगी तो कब तक होगी? जवाब मिलता है कि प्रक्रियाधीन है झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन सरकार से पूछना चाहती है कि आखिर ये प्रक्रियाधीन की कोई समय सीमा है या नही क्योकि अध्यक्ष गौरव अग्रवाल का कहना है कि वे के माध्यम सरकार के अधिकारियों को विगत दो वर्षों से स्थाई नियुक्ति को लेकर मिल रहे है परन्तु जिला सह आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर दी जा रही है। झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन इसका बिल्कुल भी समर्थन नही करती है।बैठक के अंत मे मोटिवेटर पंकज ने कहा झारखंड में अमीन जल, जंगल,जमीन बचाने में रीढ़ की हड्डी की तरह काम करेगा। झारखंड प्रशिक्षित आमीन एसोसिएशन सह सचिव वीरेंद्र कुमार यादव जिला अध्यक्ष रेखा ,कुमारी अंकेश कुमार, राजू कुमार श्रद्धानंद भगत ,आदि लोग उपस्थित थे।

**◆विधानसभा के माध्यम से सरकार से पूछा कि प्रशिक्षित अमीनों की बहाली होगी या नही होगी। अगर होगी तो कब तक होगी। जवाब मिलता है कि प्रक्रियाधीन है।**

## 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को कृषक भवन, बिरसा मुंडा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची में झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत 19 मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित लाभार्थियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भारतीय लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से आयोजित प्रशिक्षण में से चयनित कुल 250 लाभुकों में से मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित, कुल 19 मास्टर ट्रेनर के लाभुकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16.12.2022 से 20.12.2022 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का कार्य बिरसा मुंडा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के विभिन्न प्रोफेसर व वैज्ञानिकों द्वारा किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत पश्चिम सिंहभूम के (12) एवं जामताड़ा (7), कुल 19 मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित का लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षण का कार्य बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रोफेसर व वैज्ञानिकों मुख्यतः अशोक कुमार ने किया उसके बाद लाभुकों को नगरी में स्थित मधुमक्खी पालन स्थल का भ्रमण भी कराया गया जहां लाभुकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों को मधु पेंटी समूह क्षेत्र व निरीक्षण स्थल पर मधुमक्खी पालन से संबंधित जानकारी व ट्रेनिंग दी गई।

## सांसद खेल महोत्सव 17 फरवरी से

**रांची।** लोकसभा क्षेत्र, रांची के लिए 17 फरवरी से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन 19 फरवरी को होगा। सांसद संजय सेठ ने रविवार को यह जानकारी दी। बताया कि खेल महोत्सव रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीम इसमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से तकनीकी सहयोग मिलेगा। जिन खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेना है, वे 20 जनवरी से 5 फरवरी तक रांची सांसद के कार्यालय से फॉर्म ले सकते हैं। फॉर्म भरकर सांसद कार्यालय में ही जमा करना होगा। सांसद ने बताया कि ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा को अर्पित किया गया

## 1700 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को 64वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बेटे बहु, पोते और पोती की शादी की सालगिरह के सुअवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्री मती विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय- समय गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे रांची शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था के राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगीं एव पवन पोद्दार के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, निर्धन परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 64 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 64 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में संस्था ने साउथ इन्डियन एव नार्थ इन्डियन भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो का स्वाद से इडली, उपमा, सांम्भर बडा मिठाई मे केसरीया जलेबी एवं भेजिटेबल पुलाव का वितरण किया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालो की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढ़ती जा रही है। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है।

**◆अभी तक 63 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है।**

### चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता 2022 का अंतिम चरण संपन्न

# 50 विद्यालयों से 18500 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चिन्मय मिशन रांची द्वारा लगभग 6 महीने पूर्व प्रारंभ हुई चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता 2022 का अंतिम चरण रविवार को अन्तर नगरस्तरीय चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता के रूप में पूर्ण हुआ। इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय गीता का चतुर्थ अध्याय था। बड़े हर्ष की बात है कि इस वर्ष 50 विद्यालयों से 18500 प्रतिभागियों ने भाग लिया, इनमें से लगभग 1500 छात्र छात्राओं का चयन नगर स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ और अंतिम चरण अर्थात अंतर नगरस्तरीय प्रतियोगिता में 131 छात्र छात्राओं का चयन हुआ था। आज प्रतियोगिता के फाइनल में सभी ग्रुप के निम्नलिखित विजेता घोषित किये गए । इन सबों को पुरस्कार जनवरी में दिया जायगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डा. मनोज कुमार थे। कार्यक्रम का संचालन इस प्रतियोगिता के संयोजक वेद प्रकाश बागला ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण गायन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। चिन्मय मिशन, रांची के नव नियुक्त आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी का प्रमोद कुमार ने माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि महोदय को विजय सरायका ने पुष्प गुच्छ प्रदान किया। स्वागत संबोधन मिशन के अध्यक्ष आरएस अग्रवाल ने किया। सभी 131 प्रतिभागियों ने सस्वर सामुहिक गीता गायन कर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि महोदय ने चिन्मय मिशन के द्वारा गीता गायन सीखाने के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संस्कार शिक्षा से ही आत्म विश्वास बढ़ता है, उसकी रचनात्मकता बढ़ती है। वह अपनी व अपनों की समस्या का समाधान ढूंढ पाता है। स्वामी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बच्चे अपने बड़ों को देख कर सीखते हैं। बड़ों को अपने कार्य कलापों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संस्कार विमुख शिक्षा आसुरी वृत्ति उत्पन्न करती है। संस्कारी शिक्षा से दैवीय गुण व्यक्ति में आते हैं और वह जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। सहायक सचिव अशोक अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्याम टोरका ने किया। निर्णायक मंडल प्रमुख श्री चन्द्र माधव सिंह ने निम्नलिखित निर्णायकों का परिचय कराया और उन्हें विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिता में नियुक्त किया।

### इन प्रतिभागियों के परिणाम घोषित किये गये

ग्रुप ए - प्रथम - ज्ञानेश शर्मा (डीएवी बेहद), द्वितीय अहाना राज (जे वी एम श्यामली) तृतीय -अपूर्व विहान (सुरेन्द्र नाथ सेंटनरी) सांत्वना -अर्श भारद्वाज, शानवी सिंह, योग्यता मिश्रा, वंश गुप्ता।

**ग्रुप बी – प्रथम –** सौमिक चटर्जी ( औक्सफोर्ड स्कूल), द्वितीय - आद्या विश्वकर्मा( आचार्य कुलम), तृतीय - अपराजिता( जे. वी. एम श्यामली), सांत्वना - निलिम्प नंदन, अथर्व राज, एम मुकुंथन, अथर्व झा, वैदेही कुमारी, पौरूषी केसरी।

ग्रुप सी - प्रथम - आयुष कुमार सिंह (ब्रिज फोर्ड स्कुल), द्वितीय-सोनी शर्मा (जीपी जालान ब्रिज फोर्ड), तृतीय- महेश्वरी मोहन्ता ( आचार्यकुलम), सांत्वना - तुलिष्का परितृप्ति, शुभांगी दुबे, प्रिंसी कुमारी, शिवांश , यशस्वी राठोर, हिमांशु राज।

ग्रुप डी - प्रथम - सूरज सिंह (औक्सफोर्ड स्कुल), द्वितीय - ऋषिका चौधरी (डीएवी बेहद), तृतीय - सोनाली (ब्रिज फोर्ड स्कुल ), सांत्वना - भार्गवी केसरी, श्रेया नायक, दिपक मुंडा, आकांक्षा, आश्वी चौधरी, हर्षित आदि शामिल हैं।

## भाजपा नेता को मातृ शोक

**रांची।** भाजपा नेता सोहरैया बेदिया की माता भदरी देवी उम्र (75वर्ष) का रविवार को खभावन स्थित आवास में निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पंचमी देवी, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, सुरेन्द्र महतो, रामसाय मुंडा, उपमुखिया सहदेव बेदिया, पंचायत समिति सदस्य जॉन तिग्गा, संतोष बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पहलू बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, डॉ सचिमोहन कुमार, बिरसू बेदिया, लगनू बेदिया, शनिचरवा बेदिया, झरिया बेदिया, पंचम भोगता, रामनाथ महतो, बुधराम बेदिया और जगेशवर बेदिया आदि ने अपनी संवेदना जताई है।

NEWS इन ब्रीफ

## रांची इंटर कॉलेज वुड बॉल सेलेक्शन ट्रायल का आयोजन

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज वुड बॉल सेलेक्शन (ट्रायल ) 2022 का आयोजन जरिया के लकड़ा फाड़ा ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन में 10 महाविद्यालय के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय के प्रतिभागियों से प्राचार्य डॉ अजीत कुमार ने भेंट की। इस अवसर पर बेड़ो महाविद्यालय के अर्थपाल विंध्याचल राम, खेल शिक्षक विकास कुमार सिन्हा, निरंजन कुमार, शुकुल कुमार मेहता आदि उपस्थित थे। इस आयोजन में 13 लड़के और 09 लड़कियों का चयन सूची बनाया गया। जिसमें 10 लड़के और 09 लड़कियां टूनार्मेंट में भाग लेंगे।
मैच के सफल संचालन करने में निर्णायक की भूमिका में गोविंद झा जेनेरल सेक्रेटरी, रेफरी के रूप मे बंटी टोप्पो, निकित खलखो, नितेश कुमार मौजूद थे।

## दिघिया में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया पारीस में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। गैदरिंग कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मांडर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सन्नी टोप्पो क्रिसमस गैदरिंग में शामिल हुए। इस दौरान युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि ईश्वर ने हम सभी को अच्छे कर्म करने के लिए धरती पर भेजा है। साथ ही ताकत दी है कि हम ईश्वर के सिद्धांत, विचार और शक्तियों से पूरे देश में शांति, सदभाव और प्रेम स्थापित कर सकें। मौके पर बिसप स्वामी, फिलीप टोप्पो, पल्ली पुरोहित भिंसेन्ट मिंज, फादर डिरोशियुश मिंज, फादर अजय तिर्की, फादर शिशिर सोरेन, फादर रोबोट मिंज, देवनिश तिग्गा, महिला संघ की रोज तिर्की समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण

**रामगढ़।** रामगढ नगर परिषद क्षेत्र के मुर्रामकला में जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद सीता देवी उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों द्वारा गरीब, असहाय, वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि जनहित में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। कहा कि सक्षम लोग तो ठंड से बचने के उपाय कर लेते हैं। पर जो गरीब और असहाय होते हैं उन्हें ठंड के मौसम में काफी परेशानी होती है। इसलिए गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए नगर परिषद द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कंबल वितरण कार्यक्रम प्रेरणादायक है। कहा कि हम गरीबों पर उपकार नही बल्कि उनका सम्मान कर रहे हैं।

### हक-अधिकार की रक्षा के लिए पड़हा समाज के लोगों ने भरी हुंकार, बोले सुबोध लकड़ा

# जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए एकजुट हों

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** जनजातियों को अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आगे आना होगा। जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। यह बातें 10 पड़हा कटरमा ली के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहीं। उन्होंने जनजातियों से एकजुट होकर अपने पूर्वजों द्वारा दिया गया सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए पड़हा समाज के द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों में 10 पड़हा का प्रतीक चिन्ह के रूप में घोड़ा व हाथी का निर्माण कराने तथा पड़हा भवन की सुंदरीकरण कराने का बीड़ा उठाया।





### कई प्रस्तावों पर मिली सहमति

बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट व ध्वनिमत से आदिवासियों की पहनई जमीन पर की जा रही जबरन कब्जा का विरोध करने, 10 पड़हा का प्रतीक चिन्ह के रूप में लकड़ी के बने घोड़ा व हाथी का निर्माण करने,पड़हा भवन का सुंदरीकरण करने तथा जामटोली पहाड़ के ऊपर सरना स्थल पर झंडा गड़ी,अखरा व धूमकुरिया का निर्माण करने आदि प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया।

### जतरा समारोह का आयोजन करने पर दिया गया बल

इधर बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाने व पड़हा एकता को मजबूत बनाने के लिए 10 पड़हा के किसी एक गांव में 10 पड़हा के नाम पर एक जतरा समारोह का आयोजन करने पर बल दिया गया। इधर समारोह में ग्राम प्रधान बांदे उरांव,पंसस विशेश्वर उरांव,10 पड़हा राजा कोमल उरांव व 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा समेत दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे। वहीं बैठक में केंद्रीय सरना समिति रांची के महावीर मिंज,अशोक कुमार लकड़ा, राम प्रसाद भगत,शिवशंकर मुंडा, कार्तिक मुंडा,रविकांत भगत,सुकुल उरांव, रंजीत उरांव समेत 10 पड़हा क्षेत्र के दस गांवों में क्रमशः शहेदा, मासु, जरिया कटरमाली, मुड़ामु, हुलसी, टेंगरिया, काला ताबेर, खुर्द ताबेर,डोला व सरनाटोली के सैकड़ों पड़हा समाज के ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया। बैठक की अध्यक्षता 10 पड़हा राजा कोमल उरांव, संचालन बुधनाथ उरांव व धन्यवाद ज्ञापन पड़हा दीवान खद्दी उरांव ने किया।

# हॉकी टूर्नामेंट में सिमडेगा की बेटियों ने जीता गोल्ड

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** राजधानी रांची में आयोजित झारखंड हॉकी टूनामेंट में शामिल हुए सिमडेगा की हॉकी स्टार बेटियों ने पूरे राज्य भर में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर सिमडेगा जिले का नाम रोशन किया है। बताया गया कि गुमला के साथ सेमीफाइनल खेला गया जबकि राजधानी रांची की टीम के साथ फाइनल खेलते हुए उसे पराजित कर गोल्ड मेडल का खिताब जीता।



### खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

रविवार को सिमडेगा आगमन के साथ ही हॉकी सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं एवं कोच प्रतिमा बरवा के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हॉकी कोच प्रतिमा बरवा की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही शुभकामनाएं दी। मौके पर गोल्ड जीतकर आई खिलाड़ी पूर्णिमा बरवा ने खुशी जताते हुए स्वागत के लिए भावुक होकर कहा कि हमने सेमीफाइनल गुमला से खेला और रांची से फाइनल खेल कर गोल्ड मेडल जीता जिसपर हमें गर्व महसूस हो रहा है। उसने आगे अपना लक्ष्य बताते हुए कहा कि वह राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर एवं इंटरनेशनल स्तर पर खेल कर जिले का नाम रोशन करने के लिए आगे और प्रयास करेगी। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने शुभकामना देते हुए सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेलने एवं आगे भी इसी प्रकार जिले का नाम रोशन करने तथा देश विदेश में जाकर परचम लहराने की बात कही।

# शौण्डिक समाज नामक पुस्तक का हुआ विमोचन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बीरू केशलपुर परगना में शौण्डिक सुड़ी समाजर पुस्तक का विमोचन समाज के प्रधान संरक्षक रामरतन प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेखक शीतल प्रसाद ने बताया कि इस पुस्तक में शौण्डिक समाज के आद्य पुरुष महात्मा हैहेय माही स्मृति के तत्कालीन शासक से लेकर अब तक के समाज के बंधुओं का इतिहास और भूगोल का वर्णन इस पुस्तक में किया गया है। समाज एवं जाति की उत्पति,उत्कर्ष, संस्कार, संस्कृति का भी वर्णन है। इसके साथ समाज का देश के विकास में योगदान का वर्णन है। समाज के नये लोगों को इस पुस्तक के अध्यन से प्रेरणा मिलेगी ऐसी आशा है। उस अवसर पर समाज के डॉक्टर कामेश्वर प्रसाद, पुस्तक के प्रकाशक कृष्णा चन्द्र प्रसाद के साथ अधिवक्ता बसंत कुमार, दिवाकर प्रसाद, विनोद प्रसाद, हरिहर प्रसाद, रमेश प्रसाद, भगवती प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद, विद्यासागर प्रसाद, प्रो० वैदेही प्रसाद, शशिकांत प्रसाद, राहुल कुमार, मुखलाल प्रसाद एवम अन्य सदस्य उपस्थिति थे । बैठक में धन्यवाद ज्ञापन एवं बैठक की समाप्ति की घोषणा उपाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद के द्वारा की गई।



## नीम के पेड़ से निकल रहा पानी, लोग अचंभित

**कोडरमा।** जिला मुख्यायल स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी दुर्गा मंदिर परिसर में लगे नीम के पेड़ से अचानक पानी निकलने पर उसे देखने भीड़ उमड़ पड़ी। पेड़ से पानी निकलने की खबर आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। जिसके बाद लोग नीम के पेड़ को देखने दूर दूर से आने लगे। वहीं कॉलोनी के लोगों ने बताया कि शनिवार दोपहर से ही इस नीम के पेड़ से पानी निकल रहा है जो देवी का चमत्कार है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्राकृतिक प्रकिया है जो किसी किसी वृक्ष में देखने को मिलता है। वहीं मंदिर के पुजारी अक्षय पांडेय ने बताया कि पिछले साल बरसात में ऐसा ही देखने को मिला था। उस समय हम लोग नजरअंदाज कर दिए थे। लेकिन इस बार मां की कृपा से नीम के वृक्ष से पानी निकल रहा है, जो देवी शक्ति का प्रभाव है। आस्था से लोग इस वृक्ष के पास आकर दर्शन कर रहे हैं।

### नारी गांव में महली समाज की मजबूती को लेकर हुई बैठक

# अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक बनें

नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड अंतर्गत नवाडीह पंचायत के नारी गांव में महली समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अंजू देवी के द्वारा किया गया। इधर महली समाज की मजबूती बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा, केंद्रीय सदस्य अंजू देवी, सचिव सुनील महली उपस्थित होकर समाज की मजबूती और संगठन विस्तार को लेकर रणनीति तैयार किया गया।



### जगरूकता के अभाव से कोसों दूर है हमारा समाज : इंद्रजीत

उल्लेखनीय हो कि नारी गांव में आयोजित महली समाज के उत्थान हेतु चर्चा करते हुए इंद्रजीत लकडा.ने कहा कि हमारा समाज आज अपने हक अधिकार की प्राप्ति हेतु जागरूकता के अभाव में कोसो दूर है। वहीं अंजू देवी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हमारे समाज को एकजुट करते हुए सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज के लोगों को एकजुटता दिखाते हुए अपने हक अधिकार को पाने के लिए संगठित होना होगा तभी जाकर हमे अपना अधिकार मिल पाएगा। समाज के हर एक व्यक्ति के संयुक्त प्रयास से समाज को संगठित जागरूक शिक्षित किया जा सकता है ताकि अपने समाज को विकसित किया जा सके।

### समिति बनाये जाने पर बनी सहमति

बता दें कि महली समाज को पूरे लोहरदगा जिला में संगठित करते हुए आने वाले दिन में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु समिति बनाये जाने पर सहमति बनाया गया। बैठक में महली समाज के सुनील महली,हरि महली, सत्येंद्र महली, राजेश महली, अरुण महली, कोसमीन महली, रूकमणी देवी, लगन देवी, गौरी देवी, प्रमोद महली, दुबई देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कैथा फुटबॉल मैदान में आजसू पार्टी के तत्वावधान में हुई बैठक

# सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 31 को

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नववर्ष के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैथा फुटबॉल मैदान में 31 दिसबंर को राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक संध्या आयोजन को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आजसू पार्टी के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति संरक्षक नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, वार्ड पार्षद देवधारी महतो,कुंवर महतो, डिया महतो को बनाया गया। वहीं, अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष संदीप महतो, कार्यकारी अध्यक्ष अमित दास को बनाया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनिता चौधरी के निर्देश पर नववर्ष के शुभ अवसर पर कैथा फुटबॉल मैदान में 31 दिसबंर को राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### कार्यक्रम में राज्य भर से प्रतिभागी होंगे शामिल

कार्यक्रम में झारखंड की समृद्ध संस्कृति और कला की प्रस्तुति झारखंड के लोक कलाकारों द्वारा की जाएगी। राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में समूचे राज्य भर के प्रतियोगी शामिल होंगे। उन्होंने कहा की पिछले दस वर्षों से नववर्ष के शुभ अवसर पर उक्त आयोजन होता रहा है। आयोजन समिति में बतौर सरंक्षक नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,वार्ड पार्षद देवधारी महतो, डिया महतो,सजंय करमाली, भोला महतो,शक्ति महतो,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,संजय कुमार,श्रवन कुमार,नितीश निराला, अजय आस्था, खेमलाल महतो,दिलीप कुमार, जितेंद्र महतो,नागेश्वर करमाली, विजय रविदास,राजेश कुमार, सहसचिव, झुमाबाबू, कुलदीप कुमार, अनुज कुमार, अभय कुमार, मनीष कुमार,रंजीत कुमार, अभिषेक कुमार, जितेंद्र(संचालक) राहुल कुमार रोमियो कुमार, दयानंद कुमार, विकास कुमार, दीपक पटेल,भोला महतो, प्रदीप महतो,को शामिल किया गया है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए जमशेदपुर रवाना हुई टीम

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में पिछले दिनों हुए जिलास्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में चयनित सिमडेगा एवं बांसजोर की टीम को जमशेदपुर में आयोजित जोनल स्तर फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रविवार को महिला एवं पुरूष टीम को भेजा गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा अजय कुमार रजक के द्वारा हरी झंडी दिखाते हुए खिलाड़ियों को शुभकामना देकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला स्तर में आयोजित सिमडेगा की टीम पुरुष वर्ग में तथा महिला वर्ग में बाँसजोर की टीम अव्वल स्थान प्राप्त की थी। जिसे जोनल स्तर पर भेजा गया है ।वहां से बेहतर करने के बाद राजधानी रांची में आयोजन होने वाले राज्य स्तरीय टूनामेंट में शामिल हो सकेंगे की टीम काफी मेहनत की है उम्मीद है कि बेहतर परिणाम होगा मौके पर फुटबॉल कोच एवं खेल विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



संक्षिप्त खबरें

## कुरडेग थाना में शांति समिति की बैठक



**कुरडेग।** थाना परिषर में क्रिसमस और नव वर्ष को लेकर अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से शराब का सेवन कर हुड़दंग नही मचाने सहित अन्य बातों पर ध्यान रखने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने लोगों से सभी पर्वो को आपसी भाइचारा व सदभाव की परंपरा को कायम रखते हुए मनाने की अपील की उन्होने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करें किसी भी धर्म के त्योहारों और रिति सवाजों का अपमान नहीं करें। अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि कुरडेग में समाजिक सौहार्द्ध की परंपरा को कायम रखते हुए सभी धर्मों के पर्वो का सम्मान करते हुए त्योहारों में शामील हों। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों के बारे में पुलिस को तत्काल सुचना दें वैसे लोगों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा , सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार श्रीवास्तव , अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ,बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , थाना प्रभारी श्री मुन्ना रमानी , एस आई अजीत प्रकाश , शांति समिति के सदस्य , जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना क्रिसमस गैदरिंग

**बानो।** ऑल चर्चेस कमिटी बानो के तत्वावधान में रविवार को जयपाल मैदान बानो में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को नाच गाने के साथ मंच तक लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिसई विधानसभा के विधायक झिगा सुसारन मुंडा व विशिष्ट अतिथि पादरी आलेक्स डांग उपस्थित थे। विधायक झिगा मुंडा ने उपस्थित जनसमूह से कहा प्रभु येशु की कृपा बनी रहे । हम सब किसान परिवार के है। बच्चों को खेती बाड़ी से जोड़े रखे। बच्चों को समय पर स्कूल भेजे प्रभु यीशु ने कहा है कि अपने पड़ोसी से प्रेम करे समाज मे मिलजुलकर रहे इससे एकता बढ़ती है। वहीं पादरी आलेक्स डांग ने कहा जीवन में हर समय प्रभु यीशु को याद करते रहे आज हम हर वर्ष प्रभु यीशु के जीव उठने का पर्व मनाते हैं। उन्होंने मानव जीवन के कल्याण के लिये मर कर जी उठे। आज हमें अत्यन्त खुशी होती हैं कि हम सभी मिल जुल कर प्रभु के नाम पर गैदरिंग मनाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिन बड़ाईक के मसीही भजन के साथ हुआ। उसके बाद जितुटोली, सोडा,तीन सोंगड़ा ,टोन्या आदि मण्डली के लोगो द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश बागे व सुधीर डांग ने किया मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना, पादरी सुधीर भुइयां, पादरी रॉयलेंन तिड़ू, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, सोय मुखिया सोमारी कैथवार , बसन्त कोनगाडी, अर्सलाइनी तोपनो, सागेन सुरीन, अनिल लुगुन ,आमुस कंडुलना ,अनूप मिंज, कोमल कंडुलना, ओमप्रकाश कंडुलना ,सुधीर लुगुन आदि लोग उपस्थित थे।

# वनभोज कार्यक्रम में संगठन मजबूती पर बनी सहमति

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातू डैम में रविवार को मांडर विधानसभा के भाजपा मंडल का संगठनात्मक मंथन बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मांडर विधानसभा के बेड़ो, मांडर,चान्हो, बिजुपाड़ा, इटकी, लापुंग, नरकोपी व टांगरबसली के मंडल अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गये। बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी तथा मंडल कमेटी एकजुट करने का निर्णय लिया गया। मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन अधिकारी ने कहा कि मंडल के कार्यकताओं में आपसी तालमेल का घोर अभाव है यही कारण है कि हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इस पर मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल और बूथ कमेटी को मजबूत करने के बाद ही बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। वहीं नीरज कुजुर ने कहा कि सारे कार्यकर्ता आपसी विवाद को छोड़कर बूथ कमेटी को मजबूत करें। उन्होंने कहा भाजपा कार्यक्रम में जिस दिन गुटबाजी खत्म हो जाएगी उसी दिन से भाजपा का प्रदर्शन शानदार होने लगेगा। इसलिए आवश्यक है कि सारे लोगों आपसी सामंजस्य बनाकर संगठन को मजबूत करें।
सतीश शाह ने कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। बूथ व मंडल स्तरीय कार्यकताओं के एकजुटता से चुनाव जीता जा सकता है। कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। हिंदिया टोप्पो ने कहा कि भाजपा के पास एक मजबूत संगठन है। इसके बल पर पार्टी किसी भी चुनाव में जीत हासिल कर सकती है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूर्व छात्र समागम का भव्य आयोजन, सुभाष दुबे बोले

# राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा रहें प्रतिबद्ध

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर सलडेगा में रविवार को पूर्व छात्र समागम का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को एक स्वच्छ सुंदर, आशावादी एवं सशक्त समाज के निर्माण करने में निष्ठा पूर्वक सहयोग समर्पित करने का संदेश देते हुए सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।




### बच्चों को परिमार्जित जीवन जीने की प्रेरणा दी

छात्र समागम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित देवराज प्रसाद व्याख्याता सिमडेगा महाविद्यालय सिमडेगा ने वर्तमान के परिपेक्ष में सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर सलडेगा के गुरुकुल परंपरा पर आधारित शिक्षण व्यवस्था को आज के समाज के लिए संस्कार तथा नैतिक आवश्यकता की संजीवनी ग्रुप में प्रतिष्ठित करते हुए बच्चों को परिमार्जित जीवन जीने की प्रेरणा दी। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार ने बच्चों को जीवन में शिक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समाज की प्रगति के लिए सदैव चिंतनशील रहने का संदेश दिया।

### विद्यालय के स्थापना काल पर डाला गया प्रकाश

इस समागम कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लहरू सिं ने विद्यालय के स्थापना काल एवं समग्र अतीत पर प्रकाश डालते हुए इसके विकास के लिए सदैव तन मन धन से यथाशक्ति सहयोग समर्पित करने का आह्वान किया। पूरे कार्यक्रम में मंच का संचालन अध्ययनरत छात्र छात्रों के द्वारा हिंदी ,अंग्रेजी तथा संस्कृत तीनों मुख्य भाषाओं में किया गया। पूर्व छात्र सम्मेलन के इस समागम को यादगार बनाने हेतु छात्राओ के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर दर्शकों का मनोरंजन भी किया गया और अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहु के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक शिवचंद अग्रवाल, सचिव चंदेश्वर मुंडा कोषाध्यक्ष-रामकृष्ण महतो, जिला निरीक्षक-दीनबंधु सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक प्रतिनिधि और सैकड़ों की संख्या में उपस्थित पूर्व-छात्र तथा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## NEWS इन ब्रीफ

### वन विभाग कर्मियों ने भारी मात्रा में लकड़ी किया जब्त



**बरकट्ठा।** शिलाडीह पंचायत अंतगर्त ग्राम बघमंदवा जंगल से भारी मात्रा में लकड़ी का बोटा जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बघमंदवा जंगल में अवैध रूप से लकड़ी काट कर ट्रक में लोड की जा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मी नाजिर अख्तर, देवचंद महतों घटनास्थल पर पहुंचकर विभिन्न प्रकार के 30 बोटा लकड़ी बरामद किया। मौके पर वन कर्मियों ने सभी लकड़ी को ट्रेक्टर से लादकर फॉरेस्ट ऑफिस बरकट्ठा लाया। उन्होंने बताया कि उक्त लकड़ी को किसके द्वारा काटी गई है इसकी जांच जारी हैं। दोषी व्यक्ति पर नियम संगत कार्रवाई होगी।

### वृद्ध महिला झुलसी

**सतगावां।** थाना के गांव माधोपुर में बोरसी जलाने के दौरान एक वृद्ध बुरी तरह झुलस गई। वृद्ध महिला की पहचान माधोपुर निवासी सकुंलता देवी (उम्र 75 वर्ष, पति सुखदेव पांडेय) के रूप में की गई है। परिवार एवम ग्रामीणों की मदद से उसे 108 एम्बुलेंस पर फोन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर कोडरमा रेफर कर दिया गया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**सतगावां।** सड़क हादसे में मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होने से दो युवक घायल हो गए। थाना क्षेत्र के बासोडीह निवासी नीरज कुमार (26 वर्ष, पिता अर्जुन प्रसाद) तथा विपिन कुमार (25 वर्ष, पिता स्व रघुनंदन यादव समलडीह) के रूप में पहचान की गई दोनो गावां थाना क्षेत्र के मझने की योर जाने की क्रम में मझने पुल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना दोनों घायल हो गए। घायल व्यक्ति को राहगीरों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद कोडरमा रेफर कर दिया गाया।

### भारत जकात मांझी परगना महाल की बैठक संपन्न



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सूर्यकुंड धाम में रविवार को भारत जकात माझी परगना महल की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता रामजी बेसरा व संचालन मनोज मुर्मू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जिस प्रकार से जिलाबोकारो, गिरिडीह, रांची, रामगढ़ समेत अन्य जिलों में मांझी बाबाओं को मानदेय दिया जाता है उसी प्रकार हजारीबाग जिला के बरकट्ठा, चलकुशा, इचाक, टाटीझरिया, पदमा के अलावे अन्य प्रखंडों के आदिवासी बाबाओं को भी समान मानदेय मिलना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से रामू मरांडी, सहदेव मरांडी, तालो बास्के, बालेश्वर बासके, नारायण मुर्मू, छोटेलाल मरांडी, जगलाल मांझी, फागूमांझी, लालजी मांझी, तालो मुर्मू, समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### इंस्पेक्टर ललित बने पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष



**बरही।** रविवार को संपन्न हुए पुलिस एसोसिएशन चुनाव में बरी इंस्पेक्टर सा थाना प्रभारी ललित कुमार बतौर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन की सूचना मिलते ही बरही थाना के अधिकारियो व कर्मियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए जीत के लिए उन्हें बधाई दी। इन लोगों ने कहा कि यह एक कुशल प्रशासक हैं और इनके नेतृत्व में पुलिस संगठन को मजबूती मिलेगी। इनकी जीत पर एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने भी इन्हें हार्दिक बधाइयां देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### जिला स्तरीय पासवान महासम्मेलन में हुआ जुटान

# गुलामी से मुक्ति के लिए संख्यानुपात में हो आरक्षण की व्यवस्था : एच एल दुसाध

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** रोयल सेलिबरेशन हॉल में रविवार को जिला स्तरीय पासवान महासम्मेलन में भारी संख्या में पासवान समाज के महिला, पुरूष, छात्र - युवा भारी संख्या में जुटान हुआ। सर्वप्रथम जमुआ के विधायक केदार हाजरा ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उदघाटन किया। जिसके बाद बालिकाओं के द्वारा राष्ट्रगान और स्वागत गीत गाया गया और अतिथियों का स्वागत माला फहनाकर किया गया। जिला पासवान जनकल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बाला लखेन्द्र पासवान की अध्यक्षता में हुई सभा का संचालन जिला महासचिव जयप्रकाश राम और जिला प्रवक्ता मनोज कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से किया। सभा को विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, दलित लेखक व चिंतक एच एल दुसाध, तेनुघाट के कार्यपालक दंडाधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान, रामगढ़ के जिला नियोजन पदाधिकारी देवकुमार पासवान, केदार पासवान आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। स्थानीय वक्ताओं मे मजदूर नेता संजय पासवान, जिप सदस्य शांति प्रिया, नीलम पासवान, इन्द्रदेव पासवान, प्रेम प्रकाश पासवान, डॉ बासुदेव पासवान, संतोष पासवान, मानसिंह पासवान, भीम लाल पासवान, अर्जुन पासवान, खजांची पासवान, राजकुमार पासवान आदि ने सम्बोधित किया। मुख्य वक्ता देश के जाने माने साहित्यकार दलित चिंतक व लेखक एच एल दुसाध ने कहा कि मूलनिवासी, एससी एसटी ओबीसी के लोग अगर महसूस करते हैं कि आरक्षण की विस्तार की लड़ाई लड़कर ही बहुजनों को गुलामी से मुक्ति दिलाएगा। गुलामी से मुक्ति के लिए संख्यानुपात में आरक्षण की लड़ाई चप्पे चप्पे में फैलाना होगा। विधायक केदार हाजरा ने पासवान जाति इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा के बेटा बेटी को समान रूप से शिक्षा दें। बेटी पड़ेगी तो दो घर को शिक्षित करेगी और विकसित समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। सम्मेलन में पासवान समाज के मैट्रिक-इंटर में स्नातक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 82 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। धनबाद से आये हुए व्यास संजय पासवान और उनके टीम के कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद दिवाना, लालजीत पासवान, महावीर पासवान, राजु पासवान, दशरथ पासवान, बिरजू पासवान, विजय पासवान, भुनेश्वर पासवान आदि की प्रमुख भूमिका रही।




## संत मैरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कोनहारा कला स्थित संत मैरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने रांची स्थित

### शिक्षक संग बच्चों ने देखा भगवान बिरसा जैविक उद्यान

भगवान बिरसा जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने जानवरों समेत अनेक प्रकार के पक्षियों की जानकारी प्राप्त की। बच्चे अपने राष्ट्रीय पशु व राष्ट्रीय पक्षी को नजदीक से देख कर आनंदित हुए। साथ ही अनेक मछलियों को देखा और उनके प्रजातियों के बारे में शिक्षकों ने जानकारी दी। संत मैरी पब्लिक स्कूल के निदेशक इमरान अशरफ ने बताया कि यह टूर सह पिकनिक प्रोग्राम बच्चों के बायोलॉजिकल जानकारी को बढ़ाने में काफी सहयोग करेगा। शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह ने बताया की शैक्षणिक भ्रमण यात्रा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निवासी है। इसके द्वारा विद्यार्थियों को एक्सपोजर तो मिलता ही है साथ ही साथ भ्रमण के जरिए उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। भ्रमण में प्राचार्य विजय कुमार सिंह, शिक्षक मनोज कुमार पांडेय प्रमोद कुमार पांडेय राजेश कुमार रूकैया परवीन रौशनी परवीन मुन्नी परवीन समेत स्कूली बच्चे शामिल थे।

# कई पंसस ने ग्रहण किया सद्भावना विकास मंच की सदस्यता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत समिति सदस्यों ने सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र की सदस्यता ग्रहण किया । इनके स्वागत में मंच ने जवाहर घाटी में वनभोज सह स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान और संचालन सचिव कुंदन कुमार ने किया। अध्यक्षीय भाषण में श्री चौहान ने कहा कि निश्चलता के साथ जनसेवा करना, कमजोर व बेबस की सहायता करना, हक और अधिकार की लड़ाई में साथ देना ही मंच का मुख्य उद्देश है। उन्होंने कहा कि पंसस भी एक सम्मानित जनप्रतिनिधि है। किसी भी अधिकारी या व्यक्ति इन्हे दरकिनार नही कर सकते है । जनता ने अपना मत देकर उन्हें जनप्रतिनिधि बनाया है। प्रखंड सह अंचल हो या अनुमंडल अथवा कोई भी सरकारी कार्यालय उनके हक और सम्मान के लिए मंच आवाज बुलंद करेगा। मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वाले कोल्हुआकला पंसस प्रभु यादव, डपोक पंसस बिहारी यादव, मलकोको पंसस रोहित यादव व सहदेव प्रसाद, कोनरा पंसस मो यूसुफ, बरही पक्षिमी पंसस जित्तू ठाकुर, भंडारों पंसस इलयास खान, केदारूत पंसस विकास सिंह, दुलमहा पंसस जितेंद्र गिरी, मनोज यादव, बरही पूर्वी पंसस पति किशोरी सिंह तथा बरसोत पंचायत पंसस पति सुजीत कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में मंच के कोषाध्यक्ष आजाद हुसैन, संगठन मंत्री प्रदुमन सिंह, उप सचिव मनोज कुशवाहा, सक्रिय सदस्य अनिल कुमार, दिनेश चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी अनुज यादव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबों ने वनभोज का एक साथ मिलकर लुफ्त उठाया।



## मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान मे रविवार को मंडल कारा कोडरमा मे जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता शिवनंदन कुमार शर्मा ने कहा कि बंदी अपराध की दुनिया से बाहर निकल कर समाज की मुख्यधारा मे शामिल हो। जेल मे आने वाला हर व्यक्ति अपराधी नही होता है इसलिए कोई भी बंदी अपने आप को अपराधी मानकर हीन भावना से ग्रसित नही हो। उन्होंने कहा कि प्ली बार्गेनिंग के माध्यम से भी बंदी अपनी सजा कम करा सकते है। इस दौरान जेल अदालत का भी आयोजन किया गया। इस जेल अदालत मे किसी भी बंदी द्वारा कोई भी आवेदन नही दिए जाने के कारण इस जेल अदालत मे किसी भी वाद का निष्पादन नही किया जा सका तथा और न ही किसी अभियुक्त को रिहा किया जा सका।

## जिप उपाध्यक्ष ने बरही की विभिन्न समस्याओं को उठाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** शनिवार को संपन्न हुए दिशा की बैठक में स्थानीय पूर्वी जिप सदस्य सह जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बरही के विभिन्न समस्याओं को रखने का काम किया। बैठक में जिप सदस्य ने ग्राम श्रीनगर में जर्जर विद्युत तार को शीघ्र बदलने, उत्क्रमित +2 हाई स्कूल विजैया परिसर से 11,000 तार को हटाने, बरही की पेयजल की समस्या को शीघ्र दूर करने, सभी 25 केवीए का ट्रांसफार्मर को 63 केवीए में परिवर्तन करने, बरही अनुमंडल के पास के सड़क पर किये गये गड्ढे को अविलंब भरने, रानीचुआ के नरसिंघवा में सड़क नहीं बनने तक वन विभाग के द्वारा मिट्टी मोरम कर भरने और मरम्मत करने, सभी +2 विद्यालयो की चहारदीवारी करने सहित अब तक जितने भी काम का टेंडर हो चुका है उसे अविलंब काम चालू करवाने की मांग की गई है। बैठक में स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, सभी विधायक, डीसी, डीडीसी आदि उपस्थित थे।

## गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है : मनोज महतो

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के सिरका में नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं वार्ड पार्षद लखन पासवान द्वारा संयुक्त रूप से गरीब लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने बताया कि राज्य में ठंड के बढने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कहा कि ठंड में सबसे अधिक परेशानी गरीबों को होती है। क्योंकि वे ठंड से बचने के उपाय कर पाने में सक्षम नही होते। इसलिए गरीब और असहाय लोगों के बीच हम कंबल का वितरण कर रहे हैं । ताकि उन्हें ठंड के मौसम में परेशानी नही हो। मौके पर मुख्य रूप से अमरलाल महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का 18 दिसंबर को भव्य तरीके से शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी बजरंग महतो ने स्वर्गीय अजय साहू फु टबॉल टूर्नामेंट का विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर भव्य शुभारंभ किया। उदघाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि समाज सेवी अमित साहू, सरदार अनमोल सिंह, महेंद्र मुंडा, दिनेश मुंडा, आसिफ इकबाल, संजय साव की रही गरिमामय उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा ढोल नगाड़ा बजाकर व भव्य आतिशबाजी कर एवं फूल माला पहनाकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बजरंग महतो ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार खेल की दिशा में सकारात्मक एवं सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि अतिथि अमित साहू ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए अपने पिता की स्मृति में इस प्रकार का आयोजन कराना गौरवान्वित होने वाला पल है। उन्होंने यह भी कहा कि जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब लगातार दूसरी बार हमारे पिता स्वर्गीय अजय साहू की स्मृति में इस टूनामेंट का भव्य आयोजन कर रहा है। इसके लिए जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्य साधुवाद के पात्र हैं। इस फुटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने में जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अनिल मुंडा, संरक्षक चंदन मुंडा, सचिव राहुल गंझू, कोषाध्यक्ष अकाश तिग्गा, समेत अनेकों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## कीटनाशक खाने से महिला की मौत

**बरही।** पंचमाधव पंचायत अंतर्गत धोबियाडीह निवासी कुलदीप रजक की 30 वर्षीया पत्नी रिंकी देवी के द्वारा कीटनाशक दवा खाने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आपसी घरेलू विवाद में महिला ने कीटनाशक खा लिया। जानकारी मिलते ही परिजनों और पड़ोसियों की मदद से अनुमंडल अस्पताल भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद महिला को हजारीबाग सदर रेफर कर दिया जाये। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला की मौत हो गयी। किस प्रकार आत्महत्या की श्रेणी में एक और नई घटना जोड़कर बड़ी की आत्महत्या का ग्राफ कड़ी आगे बढ़ गया। बरही में पिछले कई महीनों से आत्महत्या का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। परंतु इसे रोकने की दिशा में अब तक यहां के प्रशानिक पदाधिकारी अथवा समाजसेवी या जनप्रतिनिधियों के द्वारा अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है।

# सवा पांच सौ प्रतिभागियों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड मैदान बरही में आयोजित पेंटिंग्स प्रतियोगिता में अनुमंडल के विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों के सवा पांच सौ प्रतिभागियों ने अपनी कला का जौहर दिखाया। प्रतियोगिता में नर्सरी से महाविद्यालय स्तर के प्रतिभागियों ने शिरकत किया। आरके आर्ट एवं प्रतिभा कला कुंज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पेंटिंग्स प्रतियोगिता को चार विभिन्न वर्ग में विभाजित किया गया था। ब्लॉक ए में शिशु वर्ग से पहली कक्षा के हेतु स्वैच्छिक पेंटिंग्स, ब्लॉक बी में कक्षा दो से पांच तक के लिए नेचर या बटरफ्लाई, ब्लॉक सी में उच्च विद्यालय स्तर के लिए बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ तथा ब्लॉक डी में महाविद्यालय स्तर हेतु बाल मजदूरी पर आधारित पेंटिंग्स थीम्स दिए गए थे। इस प्रायोजित पेंटिंग्स प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक आर के आर्ट्स और प्रतिभा कला कुंज के अलावा लिटल मून पब्लिक स्कूल, उत्सव वाटिका, ओम नर्सिंग होम, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, होटल आकाश पैलेस, पुस्तक भंडार, रिशु एच डी, जितेंद्र मालाकार, प्रदीप साउंड आदि ने अपनी सहभागिता निभाई। सफल प्रतिभागियों के चयन में तमाड़ के आर्टिस्ट मनीष कुमार और हजारीबाग के आर्टिस्ट टिंकू और कृष्णा ने बतौर जज अपनी प्रमुख भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि आरके आर्ट प्रोपराईटर रवि केसरी की मां मालती देवी, पिता ब्रह्मदेव केसरी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, डॉ बी एस अग्रवाल, डॉ के पी केसरी, अब्दुल मनान वारसी, गुरुदेव गुप्ता आदि सहित सभी प्रायोजको ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया. विभिन्न ब्लॉक से 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता सफल बनाने में आरके आर्ट के रवि केसरी, प्रतिभा कला कुंज के प्रतिभा देवी, सिराज खान, फिरोज अंसारी आदि सहित कई लोगो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ढाई सौ से अधिक मरीजों की हुई जांच

# डॉ कुंज ने सैकड़ों मरीजों की जांच की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** हजारीबाग रोड स्थित संगीता पॉलीक्लिनिक में शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड शुगर, ईसीजी, ब्लड प्रेशर सहित न्यूरोपैथी की निःशुल्क जांच की गई। जिसमे आरोग्यम हजारीबाग व पारस रांची के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मृणाल कुंज ने मरीजों का जांच किया। उन्होंने बताया कि शिविर में ज्यादातर डायबिटीज और हृदय रोगी देखने को मिले। डॉ कुंज के अनुसार हृदयरोगियो की बढ़ती संख्या और मृत्युदर का मुख्य कारण मानसिक तनाव और खान पान देखने को मिल रहा है। इसके लिए लोगो को खान- पान पर नियंत्रण, बीपी तथा शुगर की नियमित जांच के साथ तनाव मुक्त रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हृदय रोग से संबंधित किसी भी प्रकार के समस्या पर तत्काल चिकत्सकों से संपर्क करनी चाहिए। मौके पर बरही के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रकाश ज्ञानी भी मौजूद थे। शिविर ट्रस्ट की संचालिका डॉ संगीता चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि ढाई सौ से भी अधिक मरीजों ने जांच करवाया। जिसमे 80 मरीजों का ईसीजी और 200 का डायबिटीज जांच किया गया। ट्रस्ट प्रतिवर्ष तीन से चार निःशुल्क शिविर आयोजित करता है, यह इस वर्ष का तीसरा निशुल्क जांच शिविर है। शिविर सफल बनाने में ट्रस्ट के महेंद्र दुबे, उषा रानी, समीना खातून, गुड्डू रविदास आदि सहित संगीता पॉलीक्लिनिक के सुधीर कुमार पांडेय,अंजुम प्रवीण, रंजन झा, भागीरथ ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, पूजा कुमारी, रवि कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## कपका में सास, बहू और पति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा की ओर से कपका पंचायत भवन में मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में सास, बहू व पति सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी उपस्थित रही। कार्यक्रम में बीटीटी प्रकाश पंडित,एएनएम गुलनाज खातून ,सहिया साथी उर्मिला देवी ने लोगों को प्रशिक्षण दिया ।अपने संबोधन में मुखिया कमलेश कुमार ने कहा की भारत की जनसंख्या बेतहाशा बढ़ रही है और परिवार नियोजन ही एकमात्र उपाय है जिससे हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं ।वहीं कुमकुम एवं गुलनाज के द्वारा परिवार नियोजन हेतु चार गांठ के बारे में लोगों को बताया गया। अपने संबोधन में कुमकुम ने कहा कि हमारे देश की जनसंख्या दिन-ब-दिन विकराल रूप धारण करती जा रही है जिस पर नियंत्रण करना अति आवश्यक है। एएनएम गुलनाज ने परिवार नियोजन हेतु स्थाई एवं अस्थाई विधि अपनाने हेतु लोगों को विस्तृत जानकारी दी। बीटीटी प्रकाश पंडित ने पुरुष नसबंदी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए पुरुष नसबंदी और बंध्याकरण करना अति आवश्यक है। इस कार्यक्रम में सहिया दीदी मीना देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, नीतू देवी, उमेश कुमार, तारकेश्वर कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।



## चित्रांशों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया

**बरही।** चित्रांश परिवार बरही के द्वारा जवाहर घाटी के मनोरम वादियों में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें बरही चित्रांश परिवार के कई लोग सपरिवार शामिल हुए। सबों एक साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। विशेषकर बच्चों के द्वारा वनभोज का खूब लुफ्त उठाया गया। चित्रांश परिवार के अध्यक्ष मनोज कुमार घोष ने कहा कि वनभोज तो एक बहाना है बल्कि मुख्य मकसद समाज को एक साथ जोड़ कर रखना है। सचिव आशुतोष सिन्हा ने कहा कि वनभोज का कार्यक्रम रखने से समाज में समरसता की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ चित्रांश राजेंद्र प्रसाद रुक खरियार, शशांक शेखर सिन्हा, श्याम कुमार सिन्हा, कृष्ण मुरारी सिन्हा, प्रीति सिन्हा, शौर्य सिन्हा, चंदन कुमार, लकी कुमार, संजय कुमार सिन्हा, दिव्यांश शेखर, आर्यन घोष, आदि सहित कई चित्रांश शामिल हुए।

NEWS इन ब्रीफ

## बोलबा के पीड़ियापोछ में निकाली गयी भारत जोड़ो उप यात्रा




**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोस पंचायत में पंचायत मुख्यालय से विभिन्न बूथों तक रविवार को भारत जोड़ो उपयात्रा किया गया। इस यात्रा में मुख्य रूप से भारत जोड़ो यात्रा के कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी अनूप लकड़ा के नेतृत्व किया गया। मौके पर अनूप लकड़ा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य भारत को एकजुट करना है, साथ मिलकर देश को मजबूत करना है। यात्रा को समाज के हर वर्ग का अभूतपूर्व प्यार और समर्थन मिल रहा है। आज हमारे देश को विभाजित करने वाले आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ लाखों लोग आंदोलन में शामिल हुए हैं तो आईए साथ मिलकर चलें। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास, अमृत मिंज, अन्टोनी केरकेट्टा, रामधनी सोरेंग, जॉर्ज मिंज, अल्बिनुस बाड़ा, रिचर्ड लकड़ा, अब्राहम कुजुर, रोशन बारला, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने पाक के विदेश मंत्री का पुतला दहन किया

**सिमडेगा।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र भाषा टिप्पणी की। इसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजयुमो सिमडेगा महावीर चौक में बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भट्टो द्वारा हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध और कड़ी निंदा करते हैं विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय सिंह, जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव, सतीश पांडे, पिंकी प्रसाद, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवीसुजान मुंडा आदि मौजूद रहे।

## एसएससी जीडी की टेस्ट परीक्षा सम्पन्न

**सिमडेगा।** जिले के विद्यार्थियों के लिए सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के द्वारा ओपन टेस्ट सीरीज प्रारंभ की गई हैं जिसमे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की हर पन्द्रह दिन में टेस्ट ली जा रही है। जिसके अंतर्गत रविवार को एसएससी जीडी की परीक्षा ली गई परीक्षा में जिलेभर से लगभग 170 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्थान के द्वारा पुरस्कार भी दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में शामिल होंगे स्काउट गाइड की टीम

**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड लोहरदगा की टीम कर्नाटक के मैंगलुरु में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेंगे। उक्त जानकारी जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने दिया। श्री लेनिन के द्वारा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को संत स्तानीसिलास उच्च विद्यालय पतराटोली में रवानगी से पूर्व का तकनीकी प्रशिक्षण देने का कार्य किया। संत स्तानिसिलास उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल फिलमोन एक्का ने अनुशासन संबधित आवश्यक जानकारी बच्चों को देने का कार्य किया। मौके पर जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि इस अंतराष्ट्रीय जम्बूरी में विश्व के सैकड़ों देश के स्काउट्स और गाइड, रोवर, रेंजर हिस्सा ले रहे हैं। लोहरदगा के बच्चों का जंबूरी कैंप में अपना प्रदर्शन को निखारने का मौका मिलेगा। उचित स्थल पर सोशल डिस्टेंस का भी पालन करने हेतु जानकारी दिया गया है। जिले से कुल 46 भारत स्काउट और गाइड के बच्चें शामिल हो रहे हैं। इस दौरान इंटर कॉलेज किस्को के प्रिंसिपल ओबेदुल्ला प्रवेज, पेशरार के बीपीओ अरुण साहू भी मौजूद थे।

### क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन

# धन दौलत से नहीं, नेक काम से खुश होते है यीशु : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मैदान में ऑल सर्चेस क्रिश्चियन कमेटी ठेठाइटांगर के क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोलेबिरा विधायक शामिल हुए।मौके पर विधायक ने कहा कि आज हम हर्षोल्लास के साथ प्रभु यीशु के जन्म दिवस को मना रहे है। ईश्वर ने हम मनुषय के पाप को क्षमा करने की लिए धरती में जन्म लिया। उनके जन्म का पहला सन्देश चरवाहा के रूप में दिया, जिसे समाज मे निम्न श्रेणी में आता है। सृष्टि के मालिक प्रभु का जन्म गौशाला में हुआ और वे चरवाहा के रूप में कार्य किया, इससे हमें यह संदेश मिलता है कि ईश्वर को खुश करने के लिए धन-दौलत की कोई आवश्यकता नही है बल्कि नेक कर्मों से ईश्वर खुश होता है। हमारा कर्म ही हमे ईश्वर के नजदीक ले जाने का कार्य करेगा। उन्होंने सभी लोगों से प्रभु के वचनों को अपने जीवन मे आत्मसात करने की अपील करते हुए सभी को क्रिसमस की बधाई दी। इस दौरान मंच का संचालन अनुपमा कुजूर ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, मो. कारू, मेनोन लकड़ा, अमूत डुंगडुंग, ज्योति लकड़ा, ज्योति लकड़ा, विनोद तिर्की, जॉनसन डांग, सुकवन जोजो, पादरी आरएन किम्बो, मुखिया संगीता मिंज, प्रिंस कुमार, विनित सोरेंग आदि मौजूद रहे।

### स्टॉलों का ग्रामीणों ने उठाया लुत्फ

**क्रिसमस** गैदरिंग सह मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान मैदान परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये, जिसका गैदरिंग में आए लोगों ने लुत्फ उठाया। मैदान परिसर में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा किया गया। गैदरिंग कार्यक्रम देर रात तक चला तथा काफी संख्या में विभिन्न जगहों से आये लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**गैदरिंग** के दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान मांदर बजाओ व एकल तथा ग्रुप डांस का आयोजन किया गया। साथ ही माता मरियम से जन्म लिए प्रभु यीशू के जीवनी पर नाटक के माध्यम से मंचन किया गया। प्रतियोगिता में अम्बापानी, खरवागढ़ा, मसानिया, केसरा, गड़गड़बहार, बसारटोली, अर्जुनटोली, बांसपहार, कहुपानी, कोंदेडेगा आदि के विभिन्न मंडलियों ने भाग लिया। लॉटरी का प्रथम पुरस्कार सिंगरेन जोजो मास्टर मसानिया, द्वितीय पुरस्कार टीवी अनुपा केरकेट्टा बसारटोली तृतीय पुरस्कार वाशिंग मशीन अजीत बा, कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष मेनोन लकड़ा जी, सचिव बिपिन पंकज मिंज, कोषाध्यक्ष अमित डुंगडुंग, पवल मुंडु,विनय डुंगडुंग, विनीत सोरेंग, प्रिंस कुमार, नवेल सोरेंग (काकू) आसीत केरकेट्टा, विनय कुल्लू, कुशल डुंगडुंग, प्रवीण केरकेट्टा, अशोक केरकेट्टा, फूलचंद मिंज, रोशन डुंगडुंग, नरमन समद, प्रेमचंद मड़की, बृजिट डुंगडुंग, सुधीर डुंगडुंग, संजू डुंगडुंग, असुंता सोरेंग, रवि रोशन सोरेंग, सुजाता डुंगडुंग, अंजोरेम कुल्लू, नूतन समद, आदि का सहयोग रहा।

### सड़क दुर्घटना मामले में प्राथमिकी दर्ज

# पुलिस ने टेलर बरामद कर चालक को किया गिरफ्तार




नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा छोटी मस्जिद के समीप शुक्रवार रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। जिसे ग्रामीणों के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनो घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया जहां एक युवक की स्थिति चिंताजनक होने के कारण रांची रिम्स रेफर किया गया है। वहीं इस घटना को लेकर पुलिस कारवाई में जुटी हुई थी। घटना के पश्चात टेलर ओ डी 14 डी 2199 को बरामद करते हुए चालक कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि घटना में घायल युवक बगडू थाना क्षेत्र के आरया निवासी नन्दलाल साहू के 17 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार तथा सेन्हा निवासी रमेश साहू के पुत्र कुंदन कुमार साहू के रूप में किया गया था। जबकि राहुल कुमार खतरे से बाहर होने के कारण सदर अस्पताल में इलाजरत है। वहीं कुंदन कुमार साहू की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। जहां अभी इलाज चल रहा है। घायल राहुल कुमार के बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 124/22 दर्ज कर धारा 279, 337, 338 एवं 427 आईपीसी के तहत चालक को गिरफ्तार किया गया। घायल युवक ने बताया जाता कि चालक लापरवाही एवं तेज रफ्तार से लोहरदगा की ओर से आ रहा था और ओभर टेक करने के दौरान हमारे बाइक को टक्कर मार दिया। जबकि टेलर चालक ने बताया कि बाइक चालक ही मेरे गाड़ी में पीछे से टक्कर मारा था जिसमे दोनो घायल हो गये।

## विद्यार्थी परिश्रम करें सफलता कदम चूमेगी : बुड़ायं सारू



नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय के बगल पर स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की विद्यार्थियों के अंदर की प्रतिभा को देखते हुए राज्य स्तर में होने वाली खेलो झारखंड किक फॉर झारखंड सरकार के निर्देसानुशार प्रतियोगिता के दूसरे चरण में अपना जौहर दिखाने हेतु चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि खेल गांव में खेलो झारखंड किक फॉर प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 19 से 21 दिसम्बर तक होना है। इसे लेकर जिला फुटबॉल एवं वॉलीबॉल टीम बालिका वर्ग का किस्को प्रखंड के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय किस्को के विद्यार्थियों की टीम लोहरदगा जिला की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए रांची के खेल गांव रवाना हुई। इधर जिले का प्रतिनिधित्व करने जा रही कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना देते हुए बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के बच्चे और बच्चियों में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें ताकि रोजगार के क्षेत्र में अवसर मिल सके। इस दौरान रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों को वार्डेन उर्मिला टोप्पो ने संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि कस्तुरबा की बच्चियों में हुनर कुट कूटकर भरा हुआ है जरूरत है इसे पटल पर उतारने और बेहतर प्रदर्शन करने की निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

## योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन इकाई का हुआ गठन

### उत्तम मुखर्जी अध्यक्ष, जगनंदन पौराणिक उपाध्यक्ष व श्रवण साहू सचिव मनोनित




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार की उपस्थिति में लोहरदगा इकाई का गठन संपन्न हुआ। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय प्रांगण में बैठक के उपरांत संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ टी. साहू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, शिव शंकर सिंह व डॉ. टी. साहू को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया है। उत्तम मुखर्जी को अध्यक्ष, जगनंदन पौराणिक को उपाध्यक्ष, श्रवण साहू को सचिव, दिनेश प्रजापति एवं राम सुभग राय को सह सचिव, संयुक्त सचिव सतीश पांडे, कृष्णा राम को कोषाध्यक्ष एग्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में सूर्यावती देवी तथा एग्जीक्यूटिव मेंबर सह मीडिया प्रभारी के रूप में अभय भारती को सर्वसम्मति से चुना गया।

**योग से स्वस्थ भारत की परिकल्पना संभव : संजय कुमार**

इस मौके पर झारखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा योग से जुडें। योग को अब ओलंपिक में शामिल किया जा चुका है एवं खेल का दर्जा प्राप्त हो चुका है। योग सीख कर इस क्षेत्र में युवा एवं युवतियां कैरियर भी बना सकती हैं। जिले, प्रदेश एवं देश के विभिन्न जगहों पर योग शिक्षक की भूमिका में राष्ट्र की सेवा करते हुए स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

**योग शिक्षक बनकर महिलाएं बना सकती हैं बेहतर भविष्य : प्रोफेसर**

रांची विश्वविद्यालय सहायक योग प्रोफेसर संतोषी साहू भी इस मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आगामी 31 जनवरी से 2 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश में 37 वा नेशनल योगासन प्रतियोगिता का आयोजन है। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

**जिले में बढ़-चढ़कर युवा योग से जुडें : डॉ. टी. साहू**

इस मौके पर संरक्षक डॉ साहू ने भी योग की महत्ता बताते हुए स्पोर्ट्स कोटा खेल में शामिल होकर कैरियर सवारने की बात कही। उन्होंने जिले में बढ़-चढ़कर युवाओं को इसमें शामिल होकर करियर संवारने की अपील की। बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक शिव शंकर सिंह ने भी सभी नव चयनित योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने योग को आगे गांव-गांव तक ले जाने की मुहिम चलाने की बात कही इस मौके पर कई समाजसेवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सिमडेगा बाजारटांड में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक

**सिमडेगा।** आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई सिमडेगा का बैठक वासुदेव तिर्की के अध्यक्षता में सिमडेगा बाजार टाड़ परिसर में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए बासुदेव तिर्की ने कहा कि जिला के सभी प्रखंड के पंचायत में पुनर्गठन करते हुए उजार्वान युवा वर्ग को समाज से जोड़ना है। वहीं युवा मोर्चा महासचिव अशोक इंदवार ने कहा कि आने वाले नये वर्ष में आदिवासी लोहरा समाज का सिमडेगा जिला में समाजिक सम्मेलन आयोजित करना है। इसके लिए समाज के सभी प्रखंड अध्यक्ष जोर-शोर से तैयारी में लग जाएं ताकि समाजिक सम्मेलन को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला महासचिव संतलाल केरकेट्टा, साधु बाघवार, अघनु तिर्की, मुनेश्वर तिर्की, मनीष इंदवार, अयन इंदवार,जगदीश लोहरा, राजन इंदवार उपस्थित हुए।

### कुरडेग के लबडेरा में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

## यीशु मसीह मानव जीवन के कल्याण के लिए धरती पर आए : भूषण बाड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कुरडेग प्रखंड के खालीजोर जेरवा लबडेरा में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर फादर सुनील तिर्की, फादर बिपिन किशोर सोरेंग, ब्रदर संदीप की उपस्थिति में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्रिसमस का पर्व मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है। कहा कि मनुष्य अध्यात्मिक शक्ति से भरकर अपने जीवन का संचालन करें, जो दूसरों के कल्याण के लिए शांति के लिए और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहायक होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा लोगों को सकारात्मक सोंच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यीशु मसीह ने मानव जीवन के कल्याण हेतु धरती पर आए।

**आपसी भाईचारा और प्रेम सिखाता है क्रिसमस : जोसिमा खाखा**

वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि प्रभु खीस्त ने यह सिद्ध कर दिया कि मानव जीवन कितना सुंदर है और यही सुंदरता हर व्यक्ति अपने जन्म में ईश्वर के द्वारा प्राप्त करता है। कहा कि क्रिसमस का पर्व सभी विश्ववासियों के लिए विशेष पर्व है। क्रिसमस जीवन में खुशियां लाने के साथ-साथ आपसी भाईचारा और प्रेम सिखाता है। कार्यक्रम में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, गुड्डु खान, अजीत लकड़ा, प्रमिला कुजूर, सोशण खेस, उर्मिला कुजूर, जॉन्सन बेक, मिखाईल मिंज, अनिल खेस, सुशील खाखा, रसल लकड़ा, रॉबर्ट तिर्की, बसंत बेक, पीटर खाखा, अंधरियश लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

## नाबालिक से चाकू दिखाकर दुष्कर्म का प्रयास

### बच्चों के कबड्डी खेल में हुए झगड़े का बदला लेने के लिए गुमला से बुलाए थे गए थे लड़के

### भाई को बचाने गई थी नाबालिग युवती





नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोनमेरला पंचायत के बरटोली गांव में एक आदिवासी लोहरा समाज की नाबालिग युवती से रात के अंधेरे में दुष्कर्म करने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं युवती के पिता और भाई को भी लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया गया। पीड़ित परिवार डर के मारे गांव छोड़कर भागने की बात कर रहा है। घटना शुक्रवार रात दस से गयारह बजे की बतायी जा रही है। पीड़ित परिवार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिछले रविवार 11 दिसंबर को बच्चों के द्वारा कबड्डी खेल के दौरान गांव के अन्य बच्चों के साथ झगड़ा हो गया था। शाम को कुछ बच्चों के परिजनों ने लच्छो लोहरा के बेटे दुर्गा लोहरा पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जमकर पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी भी दी। गांव के दबंगों के डर से दुर्गा लोहरा गांव छोड़कर कुछ दिनों के लिए अपने नानी के गांव भाग गया। नानी घर से लौटे अभी कुछ ही दिन हुए थे कि 16 दिसंबर, शुक्रवार की रात लगभग दस-ग्यारह बजे गांव के लच्छू साहू के बेटे देवीधर साहू नामक युवक ने अपने साथ गुमला जिला से लगभग आठ-दस लोगों को दुर्गा लोहरा को मारने के लिए बुलाया था। जिन्होंने दुर्गा लोहरा के घर में टीना लगे दरवाजा को लात मार कर घुस गए और घर में सो रहे दुर्गा लोहरा से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उसके पिता लच्छो लोहरा के साथ भी मारपीट करने लगे।

पिता और भाई से मारपीट होता देख लच्छो लोहरा की 13 वर्षीय नाबालिग बेटी (दुर्गा लोहरा की बहन) बीच -बचाव करने आयी तो एक युवक ने लड़की से दुष्कर्म करने की नियत से पास के एक खेत में ले जाकर कपड़े फाड़ दिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा, यही नहीं युवक ने लड़की के गर्दन पर चाकू रख दिया और कहने लगा जरा भी आवाज करने पर गर्दन काट दिया जायेगा। लेकिन फिर भी लड़की ने हिम्मत दिखाते हुए बहुत मुश्किल से लडके के चंगुल से छूटकर भाग गई। इधर दुर्गा लोहरा को तीन-चार लोग पकडकर दुसरे तरफ ले गए और लाठी से मारकर घायल कर दिया। दुर्गा और उसकी बहन ने बताया की दबंगों ने धमकी दिया है कि यह बात किसी को बताया या पुलिस को सूचना दिया तो सबको गोली मार देगें और तुम्हारी सामूहिक बलात्कार भी कर देगें। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा हुआ है और गांव छोड़कर भागने की बात कर रहा है।

# नववर्ष पर तैयार बानो के कई पिकनिक स्पॉट

### प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर वादियों में नववर्ष में सैलानियों की उमड़ती है भीड़





नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड में कई पिकनिक स्पॉट है जहां नववर्ष के मौके पर हर वर्ष लोग पिकनिक मनाने पहुचते है। प्रखंड मुख्यालय से मात्र तीन किलोमीटर पर स्थित देवनदी पर पम्प हाउस है जहां पर हर वर्ष प्रखंड मुख्यालय से नजदीक होने के कारण परिवार के साथ लोग पिकनिक मनाने जाते हैं। नये वर्ष के अवसर पर भगवान शिव पर जल चढ़ाने के साथ पिकनिक का आनंद लेने वाले केतुङ्गा धाम जाते हैं। ऐतिहासिक केतुङ्गा धाम में पूजन करने के बाद देवनदी पर पिकनिक का आनंद लेते है। बानो प्रखंड चारों ओर से नदियों से घिरा हुआ है। कोयल नदी उत्तर व पूरब दिशा से तो देवनदी पश्चिम व दक्षिण दिशा की ओर से प्रखंड को घेर रखा है। जंगलो पहाड़ो के बीच से निकली नदी कल-कल कर लोगों को लुभाती है। परिवार के संग पिकनिक का आनन्द लेने वाले लोग कोयल नदी की ओर रुख करते हैं। बालुवाही बिस्तृत मैदान में लोगो को खेलने की जगह मिल जाती है। कोयल नदी में सोदे घाट, बेरनी बेड़ा, हुरपी आदि जगहों पर काफी संख्या लोग पिकनिक मनाने के लिये पहुंचते हैं। कोयल नदी में स्थित पेरवा घाघ भी लोगो को बहुत भाता है। पेरवाघाघ स्थित डाडिंग दह लोगों को अनायास ही मन मोह लेता है। कहा जाता है पूर्व में नदी में स्थित चट्टानों के नीचे पहले कबूतर रहते थे। सुनसान जगह होने के कारण कबूतर (पेरवां) पंछी स्वछंद रहते थे। पंछियों का शिकार होने के कारण कबूतर जगह छोड़ चुके हैं। ऊँचे-ऊँचे पहाड़ो के बीच गुजरी नदी बरबस ही लोगो मन मोह लेती है। इसके अतिरिक्त उकौली डेम, काटा डेम, रायकेरा डेम में भी स्थानीय लोगो का दल पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते है बताया गया कि पिकनिक मनाने वालों के लिए रामजोल, सारुबहार, टोनिया आदि जगहों पर रात तक रुकना उचित नही यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है।

## नाबालिक को पुलिस ने निरुद्ध करते हुए भेजा बाल सुधार गृह

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की के अपहरण मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल नाबालिग युवक को निरुद्ध करते हुए उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। लड़की की माँ ने लड़की भगाने का आरोप लगाते हुए सेन्हा थाना प्रभारी को आवेदन देकर लड़की की सकुशल बरामदगी का गुहार लगाया था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिरही ग्राम से नाबालिक को निरुद्ध किया। बताया गया कि 16 दिसम्बर को नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर नाबालिग युवक ने भगा ले गया था। वही नाबालिक लड़की के माता ने जानकारी देते हुए आवेदन के माध्यम से थाना को बताया कि शाम के समय मेरी पुत्री दुकान जा रहें है बोलकर घर से निकली और देर रात तक घर नही लौटी तो परिजनों के सहयोग से छानबीन करने लगे। इसी दौरान पता चला कि आरया निवासी नाबालिग लड़का ने मेरी बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। वहीं आवेदन को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने सेन्हा थाना में अपहरण के मामले का कांड संख्या 125/22 दर्ज कर धारा 363, 366 ए के तहत कारवाई आरम्भ कर दिया। इसी दरमियान टेक्निकल सेल के माध्यम से आरोपी का सुराग हिरही ग्राम में होने की जानकारी मिला जिस पर सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए आरोपी को तत्काल निरुद्ध कर मेडिकल जांचोपरांत रविवार को बाल सुधार गृह भेज दिया।

NEWS इन ब्रीफ

## मिशन समृद्धि ने किया भोजन का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि के द्वारा स्थानीय अम्बेडकर चौक के पास दातून, दोना और रिक्शा चालकों के बीच भोजन का वितरण किया गया। सशक्त समृद्धि टीम की बदौलत ही समृद्धि की रोटी का अभियान मौसम से प्रभावित नहीं होता। मिशन समृद्धि संस्था दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के प्रति संवेदनशील है। निरंतर उन्हें संस्था भोजन कपड़ा देते रहने का प्रयास करती है कल उनके बीच रोटी सब्जी और खिचड़ी का वितरण किया गया। संस्था के द्वारा भोजन देने वाले परिवारों का भी आभार जताया। मौके पर संस्था के कई लोग मौजूद थे।

## श्रीराम सेना के प्रमुख का जनसंपर्क अभियान जारी

**मेदिनीनगर।** श्री राम सेना के प्रमुख सह मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क



अभियान 'जनता ही जनार्दन है' निरंतर जारी है। जनसंपर्क अभियान हमीदगंज कुंड मुहल्ला नगर निगम क्षेत्र में किया गया। जनसंपर्क के दौरान पाया गया कि इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की भारी कमी है। इसके कारण रात में बुजुर्ग एवं बच्चों को विशेष तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल निकासी की भी काफी दिक्कत है। सफाई कर्मी भी छह महीने में एकाध बार यहां आते हैं जबकि यह मुख्य क्षेत्र है। अभियान में प्रदीप जयसवाल, विनय कश्यप, बिट्ठू लाठ, चिंटू गुप्ता, मनीष गोस्वामी, अरुणिश गिरी, गुड्डू गुप्ता एवं कई श्रीराम सैनिक बंधु उपस्थित थे।

## युवा जागृति केंद्र ने पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनग।** चैनपुर प्रखंड के खुराकला पंचायत के पंचायत भवन परिसर में आज युवा जागृति केंद्र की सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में



स्थानीय जनता ने युवा जागृति केंद्र की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने संगठन के साथ मिलकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में संगठन की पंचायत स्तरीय समिति का निर्माण किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रविंद्र विश्वकर्मा को अध्यक्ष, विकास कुमार कमलापुरी को उपाध्यक्ष, सत्यनारायण बैठा को सचिव, राजेश कुमार चौधरी को सह सचिव, जितेंद्र साहू को कोषाध्यक्ष एवं रमेश चौधरी को सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न समस्याएं व्याप्त हैं। ग्रामीण क्षेत्र विकास की श्रेणी में सबसे पीछे खड़े हैं जबकि आज भी भारत गांवों का देश है। गांवों के विकास के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। युवा जागृति केंद्र ग्रामीणों में राष्ट्रभक्ति का संचार कर रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत कर रहा है।

## शीतकालीन सत्र पर शिक्षकों की पैनी नजर

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्रो वर्षों से हो रही मांगों एमएसीपी अपग्रेडड स्केल को लेकर अजाप्टा ने अपनी चहलकदमी तेज कर दी है। इस आशय की जानकारी मनातू प्रखंड के शिक्षक संजय कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा सत्र जो उन्नीस से तेईस दिसंबर को आहूत है। चालू सत्र में प्रश्न उठाने के लिए शिक्षकों ने सभी विधानसभा सदस्यों के घर पर ज्ञापन सौंपा है। उन्हें विधानसभा सदस्यों द्वारा यह आश्वस्त किया गया है कि आपकी मांगों को लेकर हम लोग वचनबद्ध हैं और इस मुद्दे को विधानसभा में जरूर उठाएंगे। कार्य में आस्था रखनेवाले शिक्षकों को पूर्ण विश्वास है कि वचनबद्ध विधायक अवश्य हम सबों की मांगों को उठायेंगे।

### चिकित्सकों की कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने शुरू थी चलंत चिकित्सा वाहन

# लापरवाही : लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी चलंत चिकित्सा वाहन का नहीं मिल रहा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड राज्य में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए सरकार ने चलंत चिकित्सा वाहन की शुरूआत की थी। शुरूआती दौर में चलंत चिकित्सा वाहन से सुदूर ग्रामीण इलाकों के लोगों को काफी लाभ मिलता था। चलंत चिकित्सा वाहन आधुनिक सुविधा से सुसज्जित होते थे। इसमें मामूली एक्स-रे से लेकर अल्ट्रासोनोग्राफी की भी व्यवस्था होती थी। वाहन में लैब के साथ जनरेटर भी होते थे। जैसे-जैसे इसका समय बीतता गया, वैसे वैसे एनजीओ व विभागीय मिलीभगत से चलंत चिकित्सा वाहन की व्यवस्था भी धरातल नाम मात्र की रह गई है। वर्तमान चलंत चिकित्सा वाहन में सिर्फ एक्स-रे व लैब की व्यवस्था है। फिलहाल सभी चिकित्सा वाहन बंद है उसके कारण ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के



अनुसार सितंबर महीने से जिले में चलंत वाहन बंद हो गए हैं जिले में तीन चलंत वाहन हैं जिसमें एक राज्य स्तर से चलाए जाते हैं। वही दो जिला स्तर से चलाए जाते हैं। राज्य स्तर के चिकित्सा वाहन का टेंडर नहीं हुआ है। वही गढ़वा जिले में भी जिस एनजीओ के माध्यम से चलाया जा रहा था उसका समाप्त हो गया है।

> जिले में तीन चलंत चिकित्सा वाहन चल रहे थे फिलहाल सभी चलंत वाहन बंद है बहुत जल्द टेंडर की प्रक्रिया कर चलंत वाहन का परिचालन शुरू होगा।
>
> **-अनिल कुमार सिंह सिविल सर्जन, गढ़वा।**

### तीनों चलंत चिकित्सा वाहन बंद

जिले में कुल तीन चलंत चिकित्सा वाहन चलते थे। लेकिन वर्तमान में एक भी चलंत चिकित्सा वाहन नहीं चल रहे हैं। विकास भारती के एक वाहन तथा प्रज्ञा रूपा विकास समिति की दो वाहन चल रहा था। पूरे जिले में मात्र तीन ही चलंत चिकित्सा वाहन चल रहे थे। उक्त सभी चलंत वाहन सितंबर महीने से ही बंद है।

### रुट चार्ट के अनुसार वाहनों को लगाना है कैंप

चलंत चिकित्सा वाहनों को रुट चार्ट के अनुसार स्वास्थ्य कैंप लगाना है। रुट चार्ट में वाहन का सुदूर गांव में जहां कोई स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं होता है, लगाने का नियम है। ग्रामीणों की मानें तो चलंत चिकित्सा वाहन सुदूर गांव में नहीं पहुंच कर सड़क किनारे के जो गांव पड़ते हैं, वहीं कैंप लगाकर एक दो घंटे के अंदर ही चलते बनते हैं। जिस गांव में कैंप लगाना है, उससे पूर्व उस गांव के ग्रामीणों को पता होना चाहिए कि फलां तारिख को चलंत चिकित्सा वाहन का स्वास्थ्य कैंप लगेगा। साथ ही उस पंचायत के मुखिया को भी सूचना देनी होती है। लेकिन कहीं कोई सूचना नहीं दी जाती है।

### शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन

# रामभक्तों की टोली से पटा गढ़वा, जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हुआ शहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय रविवार को रामभक्तों की टोली से पट गया। वहीं वायुमंडल जय श्रीराम के नारे और रामभक्ति धुन में सराबोर रहा। सड़कों पर लहरते भगवा और तिरंगें झंडे से शौर्य और गर्व की असीम अनुभूति बिखर रही थी। यह आकर्षक दृश्य शहर में आयोजित शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम से बना था।

### गढ़वा के श्री राम लला मंदिर से निकाला गया शौर्य पथ संचलन

बता दें कि विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल गढ़वा के तत्वावधान में हिन्दू समाज का सर्वोत्तम मान बिंदु, आदर्श स्थल एवं प्रेरणादायी नगरी अयोध्या स्थित श्री राम जन्म भूमि पर खड़े बाबरी ढांचा विध्वंश दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाने के लिए शौर्य पथ संचलन का आयोजन किया गया था। श्री राम लाला मंदिर गढ़वा से निकाले गए शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक राम भक्त शामिल थे। पथ संचलन शहर के मुख्य मार्गो बस स्टैंड, मझिआंव मोड़, गढ़देवी मन्दिर होते हुए रंका मोड़ पहुंची। रामभक्तों ने वहां शौर्य का प्रदर्शन किया। उसके बाद वहीं बजरंगबली मंदिर के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद शौर्य यात्रा छठ घाट, पुरानी बाजार, निमिया स्थान मन्दिर, बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर होते हुए पुनः श्री रामलला मन्दिर परिसर पहुंची। वहां शौर्य समागम का आयोजन किया गया। शौर्य समागम को दुर्गा वाहिनी की पूर्व संयोजिका चन्द्रमुखी, विश्व हिन्दू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र और प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने सम्बोधित किया।

### छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद ढांचे का किया गया था विध्वंस

वक्ताओं ने कहा कि श्री रामजन्म भूमि पर वर्षो से खड़े गुलामी के प्रतीक बाबरी मस्जिद ढांचा का विध्वंश राम भक्तों ने छह दिसंबर 1992 में किया था। इस दिन वर्षों के संघर्ष और हजारों रामभक्तों के बलिदान के बाद रामजन्म भूमि मुक्त हुआ था। हिन्दू समाज ने इस दिवस को सबसे बड़ा दिवस माना और इसे शौर्य दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसी उपलक्ष्य में आज शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ताकि हिन्दू समाज गर्व का अनुभव कर सके। कार्यक्रम में इस कार्यक्रम के संयोजक सोनू सिंह, विहिप के विभाग संगठन मंत्री गौरव, गढ़वा नगर अध्यक्ष किशोर सिंह, संरक्षक पुष्परंजन, गिरिनाथ सिंह, राजीव राज तिवारी, चन्दन जायसवाल, दौलत सोनी, शुभम चौबे, शुभम केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# देशीय हलुवाई वैश्य सभा की जिला कमेटी गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में अखिल भारतीय मध्य देशीय हलुवाई समाज की बैठक विवेक कुमार गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लातेहार जिले के सभी प्रखंडों से मध्य देशीय हलवाई समाज के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता की देखरेख में मध्य देशीय हलवाई समाज की युवा कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमे अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा लातेहार जिला के अजीत कुमार बरवाडीह को अध्यक्ष सुनील कुमार मनीका को उपाध्यक्ष, नीतीश कुमार बालूमाथ को महामंत्री, राहुल कुमार महुआडांड़ को मंत्री, कुंदन गुप्ता हेरहंज को कोषाध्यक्ष किया गया मनोनीत किया गया।

### कमेटी गठित

लातेहार जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें शिव शंकर प्रसाद सरईडीह मुख्य संरक्षक, अशोक प्रसाद-छेंचा को लातेहार जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया, जबकि शंभू प्रसाद- महुआडांड़, उदय कुमार-हेरहंज, शिव प्रसाद साव-गारू को उपाध्यक्ष, अशोक प्रसाद बाड़ेसाढ़ महामंत्री, सुजीत प्रसाद - बारियातू को मंत्री बनाया गया।

### लातेहार में क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन, बोले विधायक

# प्रभु यीशु ने प्रेम का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के पहाड़पुरी स्थित संत जेवियर एकेडमी में संयुक्त चर्च समिति लातेहार की और से रविवार को क्रिसमस गैदरिंग मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्रिसमस गैदरिंग मिलन समारोह का उदघाटन लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर व केक काटकर किया।




### सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

मौके पर विधायक ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने आपसी प्रेम व सद्भाव का संदेश दिया। मानव कल्याण के लिए ही वे धरती पर अवतरित हुए। इस दौरान विधायक ने सामुदायिक भवन को अपने विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा की प्रभु के जन्म को समस्त मानव जाति के लिए एक बड़े आशीष का कारण बताया। उन्होंने प्रभु के जन्म की अद्भुत घटना तथा पवित्र शास्त्र में वर्णित इनसे जुड़ी तथ्यों पर भी चर्चा की। समिति के लोगों ने स्वागत गीत गाकर अथितियों का स्वागत किया। विभिन्न कलीसियाओं के सदस्यों व बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म से जुड़ी घटनाओं पर आधारित नृत्य, गीत व लघु नाटिका पेश किया। इस दौरान मसीही समुदाय के लोग झूमते रहे। इस मौके पर संयुक्त चर्च समिति के अध्यक्ष अनुप चंद खाखा, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की,जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव,झामुमो केंद्रीय सदस्य बिलासी टोपनो, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आफताब आलम ,मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव आदि मौजूद थे।

# साहित्य 24 के वार्षिकोत्सव में एमजे अजहर हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पलामू जिले के लोकप्रिय व चर्चित साहित्यकार एमजेअजहर को रांची के गंगा आश्रम होटल में आयोजित साहित्य 24 के वार्षिकोत्सव में वीणापाणि सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुमार साड़ंगी व पीके लाल उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता मीना बंधन, मंच संचालन रूपा कुमारी अनंत व रिम्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। पुस्तक 'झारखंड दर्शन' का लोकार्पण व कवि सम्मेलन का वार्षिकोत्सव में आकर्षण बना रहा। साहित्य 24 के वार्षिकोत्सव में झारखंड के रांची, जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, गुमला, रामगढ़ आदि जिलों से साहित्यकारों ने भाग लिया। एमजे अजहर खुश हैं। जिले में भी खुशी की लहर है। उन्हें साहित्य व शिक्षा जगत से बधाइयां मिल रही हैं। बधाई देने वालों में डॉ. अब्दुल जब्बार खां, डॉ. तस्लीम आरिफ, अमीन रहबर, प्रो. नसीम रियाजी, नौशाद अहमद खां, इमरान शाद, जावेद अहमद खां, मोहम्मद यासीन, फैयाज अहमद, मनव्वर हुसैन अंसारी, मुश्ताक शेख, मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रेशमा कुमारी, राम प्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार के नाम शामिल हैं।




# मासिक मानदेय को लेकर जलसहियायें मिलीं विधायक से

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत जलसहियों के प्रतिनिधिमंडल में आज मुझसे मिलकर बकाया मानदेय सहित अन्य समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा है। राज्य में 2011 से लगभग 29564 जनसाहिया बहने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना कार्य कर रही हैं। पांकी विधानसभा क्षेत्र में 550 जलसहिया बहने कार्यरत हैं। भाजपा सरकार ने वर्ष 2019 में उनके लिए 1000 रुपये का मासिक मानदेय तय किया था। जिसे वर्तमान सरकार ने हटा दिया है। जलसहिया बहनों की प्रमुख मांगें है। 48 महीने का बकाया मानदेय का भुगतान एवं उचित और सम्मानजनक मजदूरी। बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान। प्रतिवर्ष 2 सेट ड्रेस। काम करने हेतु मासिक रिचार्ज सहित स्मार्टफोन। सभी जलसहियाओं का बीमा। विधायक श्री मेहता जलसहिया बहनों को आश्वस्त किया है कि उनकी सभी मांगों को सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से रखकर उन्हें उनका हक दिलवाऊंगा।



# हाथियों से लोगों को बचाने के वन विभाग के पास नहीं है कोई जुगाड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू झारखंड वन्य जीव और वन संपदा के लिए विश्व भर में चर्चित है। पलामू, लातेहार और गढ़वा के जंगल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इनका एक बड़ा भाग हाथी के कॉरिडोर के रूप में जाना जाता है। हाथियों के इस कॉरिडोर का जुड़ाव बिहार में गया और औरंगाबाद से भी है। हाथियों के इस कॉरिडोर में प्रति वर्ष करीब 12 लोगों की जान जाती है। लेकिन सबसे बड़ी बात हाथियों से निबटने के लिए वन विभाग अभी भी जुगाड़ भरोसे है। हाथियों के झुंड को भगाने के लिए विभाग स्थानीय ग्रामीणों की भी सहायता लेता है जिसमे ग्रामीणों की जान जाती है। पलामू के हुसैनाबाद के इलाके में गुरुवार को बिहार के औरंगाबाद के इलाके से हाथियों का एक झुंड घुसा, झुंड के चपेट में आने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। वन विभाग ने के माध्यम से हाथियों को जंगली खदेड़ दिया है। पलामू डीएफओ सौमित्रा शुक्ला बताते हैं कि पलामू, गढ़वा लातेहार के इलाके में मिलाकर एक रेस्क्यू टीम है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की मदद से हाथियों के खिलाफ रेस्क्यू अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग ग्रामीणों से लगातार अपील करता है कि लोग हाथियों के झुंड के नजदीक नहीं जाएं। पलामू गढ़वा और लातेहार के इलाके में हाथियों के छोटे-बड़े आधा दर्जन से अधिक झुंड हैं। अकेले पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में 120 से 140 हाथी हैं। पलामू टाइगर रिजर्व को छोड़ दिया जाए तो तीनों जिले के पास हाथियों से निपटने के लिए कोई भी रेस्क्यू टीम नहीं है। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट प्रोफेसर डीएस श्रीवास्तव बताते हैं कि हाथी भोजन की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। इस दौरान हाथी अपने रास्ते को नहीं भूलते। उन्होंने बताया कि एक हाथी को प्रतिदिन 100 किलो के करीब भोजन की जरूरत होती है। यही वजह है कि हाथियों का झुंड लगातार अपनी जगह को बदलता रहता है। एक लंबे सफर के बाद हाथ वापस उस जगह पर पंहुचते हैं। जिस जगह से उन्होंने सफर की शुरूआत की थी। इस सफर के दौरान रास्ते में आने वाले कोई भी चीज को वह नष्ट करते हुए आगे बढ़ते हैं। यही वजह है कि हाथियों के झुंड से लोगों को भी नुकसान होता है। जानकार बताते हैं कि झारखंड में हाथियों के लिए कोई एक्शन प्लान नहीं बना है। झारखंड के इलाके में मयूरभंज प्रजाति के हाथी मिलते हैं जिसका कॉरिडोर ओडिशा के मयूरभंज से लेकर पूरे झारखंड में फैला हुआ है। प्रोफेसर डीएस श्रीवास्तव यह भी बताते हैं कि हाथियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान लोग पटाखे आदि का इस्तेमाल करते हैं। कभी कभी वे हाथी के नजदीक चले जाते हैं। जो खतरे का कारण बनता है। प्रोफेसर बताते हैं कि मयूरभंज के हाथी सिंहभूम, सरायकेला, बंगाल के पुरुलिया समेत कई इलाको में फैले हुए हैं। पलामू गढ़वा और लातेहार में प्रतिवर्ष हाथियों के चपेट में करीब 12 लोगों की जान जाती है। गुरुवार को भी पलामू में दो लोगों की जान गई थी। कुछ महीनों पहले लातेहार के इलाके में मवेशी चरा रहे दो ग्रामीण को हाथियों ने मार डाला था। फरवरी महीने में भी लातेहार के इलाके में एक महिला को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला था। पलामू टाइगर रिजर्व पलामू गढ़वा लातेहार के इलाके में हाथियों से हुए नुकसान से मुआवजे के लिए 100 से अधिक आवेदन मिलते हैं।



# आजसू का मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के द्वारा हुरदाग के ग्राम में मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के महिला नेत्री रीमा देवी अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में रीमा देवी, लीलावती देवी, मुनि देवी, उषा देवी, संजय प्रसाद, चंद्रिका भुइयां, बिहारी भुइयां, फौजी भुइयां, मंगरु भुइयां, जितेंद्र सुगंध भुइयां हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि आज महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बल्कि हर क्षेत्र का वह नेतृत्व कर रही हैं। आजसू पार्टी महिलाओं को उनके हक और अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष किया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो पहली बार राज्य में पंचायती चुनाव में महिलाओं को 50% आरक्षण देकर यह बता दिया है कि महिला और पुरुष का समान अधिकार है। कड़ी को आज आजसू पार्टी आगे बढ़ाते हुए रीमा देवी व उनके समर्थकों को पार्टी में शामिल कराया गया है। पार्टी भी रीमा देवी को एक बड़ी जिम्मेवारी देने के लिए तैयार है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीमा देवी ने कहा कि आजसू पार्टी ने जो महिलाओं को सम्मान व प्रतिष्ठा देने का काम किया है। पार्टी जो जिम्मेवारी मुझे देगी उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रसाद विश्वकर्मा, प्रधान महासचिव विकास कुमार, कार्यकारिणी सदस्य नंदू ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष संतोष केसरी, रंका अनुमंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

# शराब व हमारा समाज

**शराब** किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। अभी बिहार में जहरीली शराब पीने से कई व्यक्तियों की मौत हो गयी। देश के अनेक राज्यों में इस तरह की घटनायें आम बात है। ऐसी स्थिति में झारखंड के राज्यपाल ने मिलावटी शराब बेचने और इसके पीने से किसी व्यक्ति की मौत होने या ऐसा करनेवाले को दस साल की जेल और दस लाख तक का जुमार्ना भरना भरने की बात कही है। शराब में हानिकारक औषधि या विजातीय घटक मिलाने पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। राज्यपाल की आपत्ति के बाद सरकार ने झारखंड उत्पाद अधिनियम में पिछले दिनों संशोधन किया है। उत्पाद विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट की सहमति भी मिल गयी है। शराब की बिक्री से लेकर पूरे कारोबार पर निगरानी के लिए उड़नदस्ता का गठन करने की योजना बनी है। यह उड़नदस्ता शराब विक्रेता से लेकर अधिकारियों, कर्मियों तक की निगरानी रखेगा। ऐसे में कहीं गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई होनी चाहिए। चाहे कोई भी व्यक्ति हो। तभी इसमें सफलता मिलेगी। मिलावटी शराब बेचने से अगर किसी व्यक्ति को गंभीर हानि हुई तो बेचनेवाले को दस साल जेल और जुमार्ने व निर्धारित मुआवजा की राशि से दंडित करने की बात सामने आ रही है। निश्चित रूप से ऐसा करने से शराब मिलावट करने वाले लोगों में बेचैनी बढ़गी। लेकिन इसके अच्छे परिणाम सामने आयेंगे। बस जरूरत है इसे कड़े ढंग से लागू किया जाये। कारण जहरीली और मिलावटी शराब पीने से असमय कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। राज्य सरकार ने इसके लिए एक मैप तैयार कर लिया है। इसके अंतगर्त मिलावटी शराब से थोड़ा नुकसान हुआ तो ऐसा कारावास जिसकी सजा, 10 साल हो तो 2.50 लाख जुमार्ना, कोई नुकसान नहीं हुआ तो 7 साल सजा और एक लाख जुमार्ना होगा। नकली, अवैध शराब बेचने और इसके पीने से गंभीर नुकसान होने पर दोषी व्यक्ति द्वारा 5 लाख तक और मदिरा के सेवन से मौत होने पर 10 लाख तक का क्षतिपूर्ति मुआवजा का प्रावधान है। वहीं दोषी व्यक्ति के द्वारा पीड़ित को मुआवजा भुगतान नहीं किया जाता तो कानून की प्रक्रिया के अनुसार उसकी चल अचल संपत्ति जब्त की जायेगी। ऐसे में एक सवाल यह भी उठता है कि क्या बिहार की तर्ज पर यहां भी शराब पर बैंड नहीं लगाया जा सकता? यह एक ऐसा सवाल है जिस पर लंबी बहस हो सकती है। लेकिन झारखंड में यह नियमावली कहीं उसी दिशा के अगले कदम तो नहीं हैं। बहरहाल शराब पीने वाले सचेत हो जायें। अगर कहीं गड़बड़ियां होती हैं,तो उसके भयंकर परिणामों से उन्हें भुगतना पड़ सकता है। कारण जिस तरह के नियम सामने आ रहे हैं,उससे सहज ही समझा जा सकता है कि आने वाले दिनों में सरकार का रवैया इस मामले में और कड़ा होगा। जैसा कि संशोधन के अनुसार मदिरापान के लिए स्वीकृत अनुभत्ती परिसर के अतिरिक्त किसी अन्य मदिरापान यंत्री में शराब पीते पकड़े गये या मदिरापान करने के लिए आयोजन के लिए दूसरी जगह जाने पर 5000 तक जुमार्ना लग सकता है। जुमार्ना दोष साबित होने के बाद ही लिया जायेगा। किसी तरह का अपराध होने पर 1 वर्ष तक जेल और 10000 तक का जुमार्ना होगा। यह राशि 2 साल के जेल होने पर 20 हजार और 50000 तक हो सकती है। लोक सेवकों द्वारा किस अधिनियम के किसी उपबंध के उल्लंघन की स्थिति में भी 3 माह तक जेल या जुमार्ना 10000 तक हो सकता है। साथ ही सार्वजनिक स्थल पर बार-बार शराब पी तो 3 साल जेल का भी प्रावधान है।

## आज का इतिहास

**1755 :** ब्रिटेन और रूस ने सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये।
**1865 :** अटलांटा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी।
**1870 :** फ्रेंको-प्रुशियन युद्ध में पेरिस की घेराबंदी शुरू हुई।
**1876 :** ओटावा में एक फुटबॉल क्लब की स्थापना की गयी।
**1856 :** भारत के महान संत एवं समाजसुधारक श्री नारायण गुरु का जन्म।
**1970 :** रूसी प्रोब ने चांद के सतह से कुछ चट्टानें इकट्ठा की।
**1983 :** एप्पल संचार उपग्रह ने कार्य करना बंद किया।
**1995 :** संयुक्त राज्य महासभा का 50वाँ अधिवेशन शुरू।
**2000 :** क्लिंटन दम्पति ह्वाइट वाटर कांडह्ल आरोप से मुक्त हुए।
**2004 :** इंडोनेशिया में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान।
**2007 :** फ्रांस की सबसे वृद्ध महिला सिमोन कैपोन का 113वर्ष की आयु में निधन।
**2008 :** भारतीय उपन्यासकार, कवि, उद्यमी एवं नारीवादी प्रभा खेतान का निधन।
**2009 :** मराठी फि ल्म ह्यहरिशचन्द्राची फैक्ट्रीह्ल को आस्कर पुरस्कार की विदेशी फि ल्म श्रेणी में भारत की एंट्री के तौर पर चुना गया।
**2017 :** हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री शकीला का निधन।
**1581 :** सिखों के चौथे गुरु श्री राम दास जी का निधन।
**1888 :** विश्व की प्रथम सौंदर्य प्रतियोगिता बेल्जियम में शुरू की गयी।
**1893 :** न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
**1907 :** पहली बार इतिहास में कृत्रिम तेल का निर्माण हुआ। इस नये पदार्थ का आविष्कार स्कॉटलैंड के रसायनशास्त्री जेम्ज यांग ने किया।
**1918 :** जॉर्डन घाटी में तीसरे ट्रांसजेर्डन हमले की शुरूआत हुई।
**1955 :** अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह करके राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
**1965 :** अंतरिक्ष में जाने वाले भारतीय मूल की दूसरी महिला सुनीता विलियम्स का जन्म हुआ।

# प्रौद्योगिकी व विकसित भारत का सपना

> आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि एक राष्ट्र के रूप में पीछे से लड़ी जा रही इस जंग में कैसे कामयाब हों? आर्थिक और सैनिक प्रभुत्व को दांवपेच से हासिल करके आज राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी ही विकास की कुंजी और प्रेरक बन सकती है। इसलिए हमें अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में राष्ट्रीय संपत्ति उत्पन्न करके अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाते रहना होगा। इसके लिए तकनीक को लगातार विकसित करते रहना होगा। अगर देश का नेतृत्व ईमानदार और उसका लक्ष्य सही हो तो यह सब संभव है। भारत का विकास भी उसकी प्रौद्योगिकीय क्षमता के विकास पर निर्भर होगा।

आने वाले वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न बौद्धिक उत्पाद तथा प्रणालियों, जैव-प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी द्वारा लोगों का जीवन अधिक संवर्धित होगा। इसके अलावा, ध्वनि से अधिक गति वाले यान महाद्वीपों के आर-पार उड़ेंगे। जीनोमिक तथा जैव-प्रौद्योगिकीय शोध द्वारा मानव जीवन को और दीर्घ बनाया जा सकेगा। किसी भी देश के विकास में वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की प्रमुख भूमिका होती है। दुनिया में आज वही देश आगे बढ़ सकता है, जहां नई खोजों, तकनीक का आविष्कार और पुरानी तकनीक का लगातार उन्नयन होता रहे। इसलिए भारत को विकसित देश बनने के लिए अभी कई मंजिलें पार करनी होंगी। आज दुनिया में एक नई तरह की जंग चल रही है। आर्थिक मोर्चे पर चल रही यह जंग उच्च तकनीक के माध्यम से बाजार की ताकतों को अपने नियंत्रण में लाने के लिए कौशल रूपी हथियार के इस्तेमाल से लड़ी जा रही है। इस जंग में अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ देश शामिल हैं। इस जंग की प्रेरक शक्ति है एक खास किस्म के सिद्धांत पर आधारित ज्यादा से ज्यादा दौलत पैदा करना। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि एक राष्ट्र के रूप में पीछे से लड़ी जा रही इस जंग में कैसे कामयाब हों? आर्थिक और सैनिक प्रभुत्व को दांवपेच से हासिल करके आज राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी ही विकास की कुंजी और प्रेरक बन सकती है। इसलिए हमें अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में राष्ट्रीय संपत्ति उत्पन्न करके अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाते रहना होगा। इसके लिए तकनीक को लगातार विकसित करते रहना होगा। अगर देश का नेतृत्व ईमानदार और उसका लक्ष्य सही हो तो यह सब संभव है। भारत का विकास भी उसकी प्रौद्योगिकीय क्षमता के विकास पर निर्भर होगा। उम्मीद की किरण यह है कि एक साल के भीतर कोरोना का टीका बना कर भारत ने अपनी नई क्षमता परिचय दिया है। यह मानव जाति की सुरक्षा के लिए भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिकों की बहुत बड़ी कामयाबी है। यह दुनिया भर के वैज्ञानिकों के आपसी सहयोग से संभव हो सका है। देश के परमाणु प्रतिष्ठानों ने परमाणु बिजली घर बनाने, न्यूक्लियर मेडिसिन विकसित करने तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि संबंधी बीजों का नाभिकीय उपचार करने की क्षमता हासिल कर ली है। भारत में परमाणु विज्ञान की उत्पत्ति के दो दशक के अंदर न्यूक्लिर मेडिसिन, कृषि उत्पादों के संरक्षण के लिए परमाणु उपचार, परमाणु अस्त्रों का निर्माण कर लिया गया। पिछले कुछ वर्षों में रक्षा शोध ने मुख्य युद्धक टैंकों, उन्नत मिसाइल प्रणालियों, हल्के लड़ाकू विमानों, इलेक्ट्रानिक युद्ध-प्रणालियों तथा विभिन्न बख्तरबंद यानों की डिजाइनिंग, विकास तथा उत्पादन को प्रेरित किया है। यह उन्नति दशार्ती है कि आज भारत के पास कई उन्नत प्रौद्योगिकीय प्रणालियां हैं। फिर भी, भारत एक विकासशील देश है। प्रौद्योगिकी के कई आयाम हैं। देश की आवश्यकता के अनुसार भू-राजनीति प्रौद्योगिकी के अनुकूलन को प्रोत्साहित कर सकती है, जो आर्थिक संपन्नता को प्रेरित और राष्ट्रीय सुरक्षा को और सशक्त बना सकता है। मसलन, रासायनिक इंजीनियरिंग में प्रगति ने अधिक उत्पादन के लिए उवर्रकों का निर्माण किया, पर रासायनिक अस्त्रों के उत्पादन में भी योगदान दिया। इसी प्रकार, पर्यावरणीय शोध के लिए विकसित की गई राकेट प्रौद्योगिकी ने दूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) तथा संचार के लिए उपग्रहों के प्रक्षेपण में मदद की, जो आर्थिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इसी प्रौद्योगिकी ने विशिष्ट रक्षा क्षमताओं वाले मिसाइलों के विकास को भी प्रेरित किया, जो देश की सुरक्षा प्रदान करते हैं। उड्डयन प्रौद्योगिकी में प्रगति ने लड़ाकू तथा बमवर्षक विमानों, साथ ही यात्री जेट के निर्माण को संभव बनाया है। इन्होंने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों तक त्वरित मदद पहुंचाने में भी सहयोग किया है। आने वाले वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न बौद्धिक उत्पाद तथा प्रणालियों, जैव-प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी द्वारा लोगों का जीवन अधिक संवर्धित होगा। इसके अलावा, ध्वनि से अधिक गति वाले यान महाद्वीपों के आर-पार उड़ेंगे। जीनोमिक तथा जैव-प्रौद्योगिकीय शोध द्वारा मानव जीवन को और दीर्घ बनाया जा सकेगा। इससे भी अधिक संभावनाएं टीके के क्षेत्र में हैं। यह भारत के लिए एक वरदान होगा, जहां लाखों पोलियो तथा हेपेटाइटिस-बी के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न परिवहन प्रणालियों, चिकित्सीय उपकरणों तथा ऐरोस्पेस प्रणालियों, जैसे माइक्रो सेटेलाइट, मिनी आरपीवी आदि की नियंत्रण प्रणालियों के रूप में नैनो-टेक्नोलाजी मानव प्रयोग में आएगी।

**■ निरंकार सिंह**

# छोटी-छोटी बातों की दुनिया

पति ने पत्नी को जोरदार चांटा लगाते हुए कहा कि पति-पत्नी के संबंध चार लोगों की बीच की गई शादी या फिर फोटो एल्बम में सजी तस्वीरों पर नहीं टिकती। अगर ऐसा ही होता तो पुराने जमाने में कोई शादी न करता। शादी हो या कोई और संबंध यह तो एक-दूसरे के विश्वास पर टिकता है। इसलिए बार-बार यह कहना बंद करो कि जब मैं तुम्हें चार लोगों के बीच बेइज्जत करूँगी या करूँगा तब पता चलेगा कि मैं क्या चीज हूँ। पति या पत्नी की इज्जत उतारने से भला किसे कौन सा सुख मिलेगा? तुरंत पत्नी ने पलटवार करते हुए कहा - हाँ सही कहते हैं आप। लेकिन यह बोलने वाले पर निर्भर करता है कि वह सच्चा है या झूठा। झूठ की नींव पर खड़ी सच की गगनचुंबी इमारत भी पल में ढ़ह सकती है। अच्छा! तो ऐसा मैंने क्या झूठ कह दिया जो तुम मुझसे झगड़ रही हो? यही न कि मैंने वाट्सप पर रानी रंग की साड़ी भेजी थी और तुम उसे गुलाबी समझ बैठी। सोचा कि शायद मैं ही गलत हूँ। तुम सही कह रही हो। इसलिए मैं इसे गुलाबी समझ बैठा। फोन का कैमरा फोटो ही ऐसा खींचता है कि वह तुम्हें कुछ का कुछ दिख गया। इसके लिए मुझे झूठा कहना कहाँ तक सही है? वैसे भी जब आदमी को भरपेट खाने को खाना, रहने को घर और पहनने के लिए महंगे-महंगे कपड़े मिलने लगे तो उसके पास ऐसे नुस्ख निकालने के सिवाय दूसरा काम ही क्या रह जाता है। हर छोटी-छोटी बातों पर नुस्ख निकालना और उसके बारे में घंटों मायके में शिकायत करना इसी का उदाहरण है। फिर उस दिन दाल में थोड़ा सा नमक क्या ज्यादा हो गया आप तो अपनी माँ की दाल याद करने लगे। ऐसा कौनसा मैंने जहर बना दिया था। जो आप अपनी माँ को याद करने लगे? जब आदमी की सोच सो जाए तब एक बार के लिए उसे जगाया जा सकता है, लेकिन जो जानबूझकर तिल का पहाड़ में बनाने पर आमदा हो जाएँ, उनकी सोच को नहीं बदला जा सकता। मैंने माँ की दाल इसलिए याद की थी कि तुम इसी बहाने उनसे फोन पर बात कर लो। उनका भी मन करता है कि अपनी बहू से बात करे। मैं तो बात करता हूँ। लेकिन वह भी तुम्हें बहू से ज्यादा बेटी की तरह चाहती हैं। पत्नी कुछ कहती तभी पति का फोन बज उठा। भाभी ने फोन किया था। भाभी ने बताया कि मेरे किड्नी देने के बावजूद मैं तुम्हारे भैया को नहीं बचा सकी। इतना कहते-कहते वह बिफर गयीं....।

# आतंक की बढ़ती घटनाओं पर ध्यान दें

पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। पंजाब में हिंसा, आतंकवाद एवं नशे की बढ़ती घटनाएं चिन्ता का कारण बनती जा रही हैं। जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हिंसा, हथियारों एवं नशे की उर्वरा भूमि बनकर पंजाब के जीवन की शांति पर कहर ढहा रही है। आतंकवादी घटनाओं का बढना न केवल पंजाब बल्कि पूरे राष्ट्र के लिये संकट का संकेत हैं। ऐसा ही एक ताजा संकेत तरनतारन के एक थाने में राकेट लांचर से हमला से मिला है, जिसे अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस का नया प्रमाण कहा जा सकता है। इस हमले ने कुछ माह पहले मोहाली में खुफिया विभाग के मुख्यालय पर हुए राकेट हमले की याद दिला दी। इस हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह मानकर की जा रही है कि यह आतंकी हमला है। प्रांत में लगातार सिर उठा रही आतंकवादी घटनाएं, नशे का बढ़ता प्रचलन एवं बन्दूक संस्कृति इस प्रांत के अशांत एवं अस्थिर होने की आधारभूमि कही जा सकती है। पंजाब में इन दिनों हुई हिंसक घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले न सिर्फ बेकसूर लोगों की हत्याएं कर रहे हैं, बल्कि उनका दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि पुलिस थानों को भी निशाना बनाया जा रहा है। मई में ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या हुई थी। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद यदि राज्य पुलिस इन गिरोहों पर लगाम कसती, तो शायद हालात इतने नहीं बिगड़ते। नवंबर में शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी और डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह के बाद 7 दिसंबर को एक कपड़ा व्यापारी की हत्या से स्पष्ट है कि पानी सिर से गुजरता जा रहा है। विपक्ष की आलोचनाओं से घिरने के बाद मान सरकार ने बंदूक संस्कृति व भडकाऊ गानों पर रोक लगाने के अलावा ऐसा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया है, जो यह संकेत दे कि वह बढ़ती हिंसा को लेकर गंभीर है। वह सार्वजनिक रूप से हथियार लहराने और देशविरोधी बयान देने वालों पर अंकुश लगाने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठा रही है। यह भी अजीब बात है कि इस तरह की भनक मिलने के बाद भी सुरक्षा एजेंसियां न तो आतंकी तत्वों की टोह ले सकीं और न ही तरनतारन में उनके दुस्साहसी हमले को रोक सकीं। यह निराशाजनक है कि जब पंजाब सरकार और उसकी पुलिस को अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस पर लगाम लगाने में सक्षम दिखना चाहिए, तब वह असहाय-निरुपाय-सी दिख रही है। यह शुभ संकेत नहीं, बल्कि चिन्ता का बड़ा सबब है। पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। विदेश में बैठे इन गैंगस्टर्स के इशारों पर यह खतरनाक खेल चल रहा है, उनके तार पाकिस्तान से जुड़े होना भी चिंता बढ़ाता है। पाकिस्तान देश में अशांति के लगातार प्रयत्न कर रहा है, उसमें युद्ध लड़ने की क्षमता एवं साधन-सुविधाओं का अभाव है। वैसे भी अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भितरघात करके, निदोर्षों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है। भारत को कमजोर करने के लिये पंजाब को आधार बनाकर यही सब किया जा रहा है। इसका मुकाबला हर स्तर पर हम राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर, एक होकर और सजग रहकर ही कर सकते हैं। यह भी तय है कि बिना किसी की गद्दारी के ऐसा संभव नहीं होता है। पंजाब, कश्मीर में हम बराबर देख रहे हैं कि प्रलोभन देकर कितनों को गुमराह किया गया और किया जा रहा है। पर यह जो पंजाब में लगातार घटनाएं हुई हैं इसका विकराल रूप कई संकेत दे रहा है, उसके खतरनाक संकेतों को समझना है। कई सवाल खड़े हुए हैं, जिसका उत्तर सक्षमता से देना है। राज्य की विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं कि भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब में कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो गई है। तरनतारन के हमले के बाद शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने तो यह आरोप लगा दिया कि कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मान सरकार की विफलता के कारण राज्य में फिर आतंकवाद बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। एक बड़ी चिंता की बात यह भी है कि खालिस्तान का राग अलापने वाले तत्व निरंकुश दिख रहे हैं। वे खालिस्तान की खुली पैरवी करने के साथ सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का काम भी षड्यंत्रपूर्वक कर रहे हैं। इनका समर्थन जिस तरह कुछ राजनीतिक-सामाजिक संगठन कर रहे हैं और पुलिस सतर्कता का परिचय देने के बजाय ढुलमुल नजर आ रही है।

**■ ललित गर्ग**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

आपकी चेष्टाओंसे आपका भी वैसा ही भाव मुझे परिलक्षित हो रहा है; क्योंकि नेत्र तथा मुख विकारोंसे प्रेमके कारणका पता चल जाता है ॥ 32 ॥

हे मुने! सच-सच कहिये। मिथ्या वचन म बोलिये। स्वर्गसे प्रस्थान करते समय हम दोनोंने जो 1 `प्रतिज्ञा की थी, उसे इस समय याद कीजिये ॥ 33 ॥

नारदजी बोले झ्र जब पर्वतमुनिने हठपूर्वक इसका कारण मुझसे पूछा तब मैं अत्यन्त लज्जित हो गया और पुनः बोला—हे पर्वत! विशाल नयनोंवाली यह राजकुमारी मुझे पति बनानेके लिये उद्यत है और उसके प्रति मेरे भी मनमें विशेष अनुराग भाव उत्पन्न हो गया है ॥ 34-35 ॥

मेरा यह सत्य वचन सुनकर पर्वतमुनि कुपित हो उठे और उन्होंने मुझसे कहा, 'तुम्हें बार-बार धिक्कार है; क्योंकि प्रतिज्ञा करके पहले तुमने मुझे धोखा दिया है, अतएव हे मित्रद्रोही! मेरे शापसे तुम अभी बन्दरके मुखवाले हो जाओ' ॥ 36-37 ॥

उस कुपित महात्मा पर्वतके ऐसा शाप देते ही मैं तत्काल भयंकर बन्दरकी मुखाकृतिवाला हो गया ॥ 38 ॥

तब मैंने भी अपने उस भगिनीपुत्र (भांजे) पर्वतको क्षमा नहीं किया। मैंने भी क्रोध करके उसे शाप दे दिया कि तुम भी अबसे स्वर्गके अधिकारी नहीं रहोगे ॥ 39 ॥

हे मन्दात्मन पर्वत ! क्योंकि मेरे छोटे-से अपराधके लिये तुमने मुझे ऐसा शाप दिया है, अतएव तुम्हारा भी अब मृत्युलोकमें निवास होगा ॥ 40 ॥

इसके बाद पर्वतमुनि अत्यन्त उदास मनसे उस नगरसे निकल पड़े और मैं भी उसी समय से बन्दरके खवाला हो गया ॥ 41 ॥

वीणा सुननेकी उत्कट अभिलाषा रखनेवाली वह परम विलक्षण राजकुमारी मुझे भयंकर बन्दरके रूपमें देखकर अत्यन्त उदास मनवाली हो गयी ॥ 42 ॥

व्यासजी बोले- हे ब्रह्मन ! तत्पश्चात क्या हुआ, आपको शापसे छुटकारा कैसे मिला तथा आप पुनः मानवकी मुखाकृतिवाले किस प्रकार हुए? ये सभी बातें भलीभाँति बताइये ॥ 43 ॥

पर्वतमुनि कहाँ चले गये? आप दोनोंका पुनर्मिलन कब, कहाँ और कैसे हुआ? यह सब वेस्तारपूर्वक बताइये ॥ 44 ॥

नारदजी बोले - हे महाभाग ! क्या कहूँ ? नयाकी गति बड़ी विचित्र होती है। पर्वतमुनिके कुपित होकर चले जानेके पश्चात मैं अत्यन्त दुःखित हो गया ॥ 45 ॥

पर्वतमुनिके चले जानेपर मैं उसी भवनमें ठहरा रहा और वह राजकुमारी मेरी सेवा में पुनः तत्पर हो गयी ॥ 46 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# एक कदम स्वच्छता की ओर

पूरे झारखंड में गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हो रहा है। यह एक काफी अच्छी योजना है, जिससे हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन, हमारे कई गांवों में गरमी के मौसम में पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में शौचालय में उपयोग के लिए आम ग्रामीण पानी कहां से लायेंगे यह सोचने वाली बात है। हमें शौचालय के साथ-साथ पानी की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि लोग गरमी के मौसम में भी वहां पर पर्याप्त पानी का उपयोग शौच करने के बाद भी कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री की यह घोषणा की ओडीएफ गांवों में होगी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था एक सराहनीय कदम है। पानी की व्यवस्था से लोगों को भी राहत मिलेगी। साथ ही हाल में रेलवे लाईन पर शौच करते समय तीन महिलाओं की मौत से लगने लगा है कि अभी भी कई गांवों में शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो पायी है। वहीं उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को अब जलावन के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले हमें सड़क व जंगलों में ग्रामीण महिलाओं को जलावन व गोईठा के लिए भटकते देखा जाता था। इसमें अब निःसंदेह कमी आयी है। सरकार की यह योजना सचमुच सराहनीय है। साथ ही राशन की दुकानों में एक किलो अनाज मिलने से स्थिति में सुधार भी दिखाई दे रहा है। अगर सही लाभुकों तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है तो, इसका व्यक्तिगत भ्रष्टाचार ज्यादा है। इसे रोकने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है।

**■ महेश कुमार, मेदिनीनगर।**

# पश्चिम एशिया में चीन ने शुरू किया नया खेल

यह ग्लोबल ऑर्डर में बड़े बदलावों का साल रहा है। यूक्रेन वॉर के बाद दुनिया की बड़ी शक्तियों में पोलराइजेशन बढ़ा। अमेरिका व चीन के मुकाबले ने भी इस साल नया रूप लिया। हमने देखा कि चीन को लेकर अमेरिका किस तरह से सीरियस हुआ है। बाइडन सरकार ने अपनी आर्थिक नीतियों को बदला है। सेमिकंडक्टर्स और आधुनिक तकनीक चीन तक ना पहुंचे, उसके लिए कानून बनाये हैं। दूसरी ओर साल के आखिर में चीन की विदेश नीति तब एक नया मोड़ लेती दिखी, जब शी चिनफिंग ने पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) का दौरा किया। **कैसे आया मोड़ :** पश्चिम एशिया में दशकों से अमेरिका ही सबसे बड़ी शक्ति के रूप में मौजूद रहा है। फिर यह मोड़ आया कैसे, आइये समझते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका पश्चिम एशियाई देशों के सबसे इंपॉर्टेंट सिक्यॉरिटी गारंटर के रूप में रहा है। खासकर सऊदी अरब ने अमेरिका के साथ सुरक्षा को लेकर संबंध बनाया तो अमेरिका की सुरक्षा नीति में भी सऊदी अरब और उसकी ऑयल एंड एनर्जी इंडस्ट्री का प्रमुख स्थान बना रहा। अब सऊदी अरब की विदेश नीति थोड़ी बदलती नजर आ रही है। वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता ही रहा है। अपने चुनावी कैंपेन में खुद बाइडन ने क्राउन प्रिंस की बहुत आलोचना की थी। इस साल बाइडन की सऊदी अरब यात्रा भी बहुत सफल नहीं रही। सऊदी अरब के साथ मतभेदों को पूरी तरह सुलझाने में अमेरिका को अभी तक सफलता नहीं मिली है। **घटता अमेरिकी दबदबा :** इसीलिए चीन की नई पहल बेहद अहम है। हिंद-प्रशांत में चीन काफी अलग-थलग पड़ गया है। पश्चिमी देशों के साथ भी चीन के संबंध इस समय बहुत सार्थक नहीं दिख रहे। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति का पश्चिम एशिया जाना संकेत दे रहा है कि वह वहां अमेरिका को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। हालांकि सऊदी अरब और चीन के संबंध काफी सालों से धीरे-धीरे बढ़ रहे थे, लेकिन शी की हालिया यात्रा ने उसे एक तरह से अंतिम रूप दे दिया। इस रिश्ते के अभी के मोड़ तक पहुंचने की और भी इसकी कई वजहें हैं। इसमें सऊदी अरब की ओर से सबसे बड़ा कारण है यह है कि क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अपने देश को डायवर्सिफाई करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि अगले कुछ दशकों में दुनिया की कच्चे तेल और गैस पर उतनी अधिक निर्भरता नहीं रह जायेगी। इसलिए जियो पॉलिटिक्स में बड़ा बदलाव आयेगा। अमेरिका खुद ही एक बहुत बड़ा एनर्जी एक्सपोर्टर बनता जा रहा है, तो उसकी पश्चिम एशिया और सऊदी अरब पर निर्भरता कम होती जायेगी। इसीलिए अमेरिका के इस क्षेत्र में जो हित हैं, वे उतने प्रबल नहीं रहेंगे, जितने पिछले कई दशकों से रहे हैं। वहीं सऊदी अरब खुद को मॉडर्नाइज करने की कोशिश कर रहा है। वहां पर सर्विस सेक्टर को डिवेलप करने की कोशिश है। उन्होंने महिलाओं को भी थोड़े-बहुत राइट्स दिये हैं ताकि वे भी कुछ लिमिट के अंदर वर्कफोर्स में आ सकती हैं, सोशियो-इकॉनमिक एक्टिविटी में हिस्सा ले सकती हैं। दुबई या अबू धाबी से कंपीट करने के लिए नियोम जैसे कई शहर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे मॉडर्न शहर, जहां पर तकनीक हो, नई इंडस्ट्री आ पायें। ऐसे में सऊदी अरब को लग रहा है कि उसे अमेरिका से हटकर दूसरे देशों की तरफ, खासकर उन देशों की तरफ जिनके पास कैपिटल है, जाना पड़ेगा। चूंकि चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति है, तो स्वाभाविक ही सऊदी अरब उसके साथ संबंध बढ़ा रहा है। समिट के दौरान शी चिनफिंग ने कहा कि चीन ऑयल इंपोर्ट करता रहेगा और नैचरल गैस इंपोर्ट भी बढ़ायेगा। इस तरह से चीन ने खाड़ी के देशों और सऊदी अरब को यह आश्वासन दिया है कि वह लॉन्ग टर्म स्ट्रैटिजी के तहत उनके साथ अपना व्यापार खासकर एनर्जी ट्रेड बढ़ाता रहेगा और इन्वेस्ट भी करेगा। सऊदी अरब की ऑयल कंपनी अरामको चीनी कंपनियों के साथ कोलैबरेट कर रही है। चीन ने भी इस साल सऊदी अरब की इस कंपनी में बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट किया है।

**■ हर्ष वी. पंत**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

## आर. एस. भट्टी बने बिहार के नये डीजीपी



**पटना।** बिहार सरकार ने 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी आर. एस. भट्टी को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी श्री भट्टी को अगले आदेश तक बिहार के नए डीजीपी के रूप में नियुक्त किया गया है। उनका नया कार्यभार मौजूदा डीजीपी एस के सिंघल के कार्यकाल की समाप्ति के बाद 19 दिसंबर से प्रभावी होगा। उल्लेखनीय है कि श्री भट्टी वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

## सारण में महिला की हत्या, ससुर घायल

**छपरा।** जिले के मांझी थाना क्षेत्र में रविवार को एक महिला की हत्या कर दी गयी। उसके ससुर भी इस हमले में घायल हो गये हैं। पुलिस ने बताया कि मुबारकपुर गांव निवासी रामप्रवेश यादव का भूमि सम्बंधित विवाद पूर्व से ही अपने पड़ोसी से चल रहा था। रविवार को रामप्रवेश यादव की 45 वर्षीय पत्नी सविता देवी उक्त विवादित भूमि पर कचरा फेंकने गयी थी। यहां पड़ोसियों ने वाद-विवाद के बाद घातक हथियार से सविता देवी पर हमला कर दिया। इस दौरान सविता देवी के ससुर के उपर भी घातक हथियार से कई बार वार किया गया। लगातार वार करने से सविता देवी और उसके ससुर घायल हो गये। घायलावस्था में परिजन इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल छपरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने सविता देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल ससुर का इलाज सदर अस्पताल छपरा में किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## बघेल ने बाबा गुरु घासीदास जी को किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को अपने निवास कार्यालय में गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे।

# भर्ती निकलते ही 'महाभारत के रिश्ते' वसूली पर निकल पड़ते थे : योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवचयनित अभ्यर्थी कई वर्षों से अन्य परीक्षाओं में भी शामिल हुए होंगे। योग्यता होने के बावजूद चयन नहीं हुआ होगा, क्योंकि पहले भेदभाव होता था। 2017 के पहले भर्ती में भ्रष्टाचार होता था। भर्ती के साथ ही महाभारत के सभी रिश्ते वसूली के लिए निकल पड़ते थे। पौने छह वर्षों में हमने अपराध व अपराधियों के साथ ही भ्रष्टाचार व भ्रष्टारियों के लिए भी जीरो टालरेंस की नीतियों को अपनाया, इसलिए युवा योग्यता, क्षमता व प्रतिभा के अनुरूप काम पा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियां विवेचना करती हैं तो मानती हैं कि यूपी में बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत से घटकर लगभग 2 प्रतिशत रह गई है। विगत पौने छह वर्ष में हमारी सरकार ने सभी बैरियर को हटाकर निष्पक्ष बनाने का प्रयास किया है, जिसमें हर प्रतिभाशाली युवा को नौकरी व रोजगार मिल सके।




**सीएम ने चयनित 1395 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को दिया नियुक्ति पत्र, दी सीख- कार्यपद्धति ही आपको पुरस्कृत करती है, बिना योग्यता के पुरस्कार पाने वाले हंसी के पात्र बनते हैं**

### 1395 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित

सीएम ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में चयनित 1395 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किया। पांचवें चरण के अंतर्गत 123 सहायक अध्यापक व 1272 प्रवक्ता के सपने साकार हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष होने पर लोकसेवा आयोग की टीम को बधाई दी। कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण भी है कि प्रदेश का ऊजार्वान व प्रतिभाशाली युवा प्रदेश में ही योग्यतानुसार सेवाएं देने को तत्पर दिख रहा है।

### अब भर्ती में नहीं आतीं भ्रष्टाचार की शिकायतें

**सीएम** ने कहा कि यूपी लोकसेवा आयोग की निष्पक्ष कार्यपद्धति, यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती की प्रक्रिया, उच्चतर व माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग या अन्य भर्ती बोर्ड द्वारा की गई सभी कार्रवाई निष्पक्ष हो रही है। आज भर्ती में कोई भाई-भतीजावाद, जातिवाद व भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं कर सकता। किसी भी सरकार का दायित्व बनता है कि ईमानदारी से प्रक्रिया को बढ़ाकर चयन में सुयोग्यतम पात्र अभ्यर्थियों को मौका मिल सके। भर्ती की हर प्रक्रिया को मिशन रोजगार के तहत बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि जिस प्रदेश में वर्षों तक नियुक्ति नहीं हो पाती थी, वहां साढ़े 5 वर्ष में 5 लाख से अधिक सरकारी नौकरी देने में सफलता हासिल की गई। बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए दंगामुक्त प्रदेश बनाने का वातावरण दिया, उसका परिणाम है कि यहां व्यापक निवेश हुआ। 1.61 करोड़ नौजवानों को निजी क्षेत्र में नौकरी व रोजगार देने में सफलता पाई। कई युवा स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करना चाहते थे। बैंकों से जोड़ने की प्रक्रिया में बाधा थी, उन्हें दूर कर 60 लाख से अधिक नौजवानों व उद्यमियों को यूपी में स्वतः रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। आज की प्रक्रिया भी मिशन रोजगार का हिस्सा है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम की अनुकंपा से 10 लाख से अधिक अग्निवीरों का चयन हो रहा है। केंद्र के विभिन्न विभागों में 10 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी व रोजगार से जोड़ने की कार्रवाई को बढ़ाया जा रहा है। मिशन रोजगार के जरिए देश-प्रदेश के युवाओं के लिए अपने ही राज्य व देश में नौकरी व रोजगार की असीम संभावनाओं को बढ़ाने का कार्य हो रहा है।

# बंदियों को स्वरोजगार के साथ धार्मिक आस्था से भी जोड़ेगी योगी सरकार

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को न सिर्फ रोजगार से जोड़ रही है बल्कि उनमें आस्था के प्रति सम्मान का भाव लाने का भी प्रयास कर रही है। जो कैदी अपने अतीत को भुलाकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनना चाहते हैं, सरकार उन्हें हर सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में फतेहगढ़ कारागार के महिला और पुरुष कैदी ओडीओपी योजना के तहत ब्लॉक प्रिंटिंग कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वह प्रशिक्षण के जरिये रामनामी, राधे-राधे, ओम नमः शिवाय नाम के प्रिंटिंग पटका, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं, जिसे अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और चित्रकूट समेत प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए सप्लाई किया जाएगा। जेल प्रशासन कैदियों को पटका, दुपट्टा और गमछा बनाने का निर्धारित पारिश्रमिक देने के साथ इससे होने वाली आय का 10 प्रतिशत सरकारी खाते में जमा करने के बाद कैदियों में बांट देगा। इतना ही नहीं इन कैदियों को रोजगार मेले के जरिए रोजगार भी दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर वर्ग को रोजगार, स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। उनका यह संकल्प साकार भी हो रहा है। मुख्यमंत्री के प्रयास का असर ही है कि प्रदेश में बेरोजगार दर वर्ष 2016 में 18 प्रतिशत थी, जो घटकर अप्रैल 2022 में 2.7 प्रतिशत रह गई है। राज्य सरकार हर वर्ग को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है। उनकी इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदी आत्मनिर्भर बनने के गुर सीख रहे हैं।






**कैदियों के बनाए रामनामी पटके और गमछे धार्मिक स्थलों पर मचाएंगे धमाल**

**फतेहगढ़ जेल की महिला और पुरुष कैदी रामनामी पटके**

**गमछे और दुपट्टे छपाई का ले रहे प्रशिक्षण,**

**अयोध्या, मथुरा, वाराणसी और चित्रकूट में बिक्री के लिए सप्लाई किए जाएंगे रामनामी पटके**

**कैदियों को प्रमाण पत्र के साथ रोजगार कराया जाएगा उपलब्ध**

**स्वरोजगार के लिए दिलाया जाएगा लोन**

महानिदेशक (जेल) आनंद कुमार ने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदियों को ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। इसमें वह रामनामी, राधे-राधे, ओम नमः शिवाय की छाप के छपे पटके, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं, जिसे अयोध्या, मथुरा, वाराणसी और चित्रकूट समेत प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए भेजा जाएगा। इसके साथ ही जनपद फरूर्खाबाद में गंगा तट पर लगने वाले रामनगरिया मेले में भी इनकी बिक्री की जाएगी।

इस कार्य के लिए कैदियों को 40 रुपये प्रतिदिन पारिश्रमिक देने के साथ बाजार में इनकी बिक्री से होने वाली आय के लाभ के 10 प्रतिशत हिस्से को सरकारी खाते में जमा करने के बाद शेष लाभ को आपस में बांट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ की 12 महिला कैदियों को आईटीआई की ओर से प्रशिक्षण मिल रहा है, जबकि गौतमबुद्ध डेवलपमेंट सोसायटी संस्थान की ओर से 35 पुरुष कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आनंद कुमार ने बताया कि वर्तमान में फतेहगढ़ जेल में 39 महिला कैदी हैं, जिसमें से 12 महिला कैदी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लायक हैं। शेष महिला कैदी काफी बुजुर्ग होने की वजह से प्रशिक्षण लेने में सक्षम नहीं हैं।

इसी तरह 1050 पुरुष कैदी हैं जिनमें से पहले चरण में 35 कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले चरण के कैदियों का प्रशिक्षण पूरा होते ही चरणबद्ध तरीके से अन्य कैदियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। कैदियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आईटीआई की ओर से रोजगार मेले के जरिये कैदियों को रोजगार भी दिलाया जाएगा। स्वरोजगार के लिए कैदियों को प्रमाण पत्र के आधार पर बैंक से रोजगार दिलाने के साथ सरकार की योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

# तेजस्वी को सीएम की कुर्सी सौंप दें नीतीश कुमार : पीके



**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

बिहार में जहरीली शराब से हो रही मौतों पर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भी नीतीश सरकार पर हमला बोल दिया है। पीके ने शनिवार को कहा कि उन्हें इस बात का बेहद अफसोस है कि वह कभी नीतीश कुमार के दोस्त रहे हैं। उन्होंने 2014-15 के चुनावों में उनकी मदद की थी। पीके ने कहा मैं जिस नीतीश कुमार को जानता था, वह आज के नीतीश कुमार से अलग हैं। तब के नीतीश कुमार एक रेल हादसे से दुखी होकर वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। पीके ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में कोरोना काल में बिहार के हजारों लोग मर गए, बिहार के लड़के पैदल चलकर घर लौटें और ये अपने बंगले से बाहर तक नहीं निकले। नीतीश कुमार आज 50 लोगों की मृत्यु पर हंस रहे हैं और कह रहे हैं, जो पिएगा वो मरेगा ही। ऐसे अहंकारी और असंवेदनशील व्यक्ति का नाश निश्चित है। उनका बयान मानवता के नाम पर धब्बा है। छपरा में जहरीली शराब पीने से हुई दर्जनों मृत्यु पर प्रशांत किशोर ने दुख व्यक्त किया और शराबबंदी को एक विफल योजना बताते हुए इसे 48 घंटे के भीतर रद्द करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने भाजपा, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव तीनों पर निशाना साधा और सबको शराबबंदी की विफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी सरकार जिसके क्षेत्र में 50 लोगों की मृत्यु होगी, वो संवेदनशील होगी, शोकाकुल होगी। पीके ने कहा कि नीतीश कुमार यह कहते हैं वह गांधी जी से प्रभावित हैं, उन्हीं के आदर्शों पर चलकर शराबबंदी की गई। लेकिन महात्मा गांधी को जितना मैंने पढ़ा है, उन्होंने कहीं नहीं कहा है कि शराबबंदी सरकार द्वारा कानून पास कर किया जाये। उन्होंने कहा कि बिहार नीतीश कुमार की जागीर नहीं कि वो तय करे कि मुख्यमंत्री के कुर्सी पर किसे बैठाना है। इस कुर्सी पर कौन बैठेगा, यह जनता तय करेगी। पीके ने कहा की नीतीश कुमार को 2025 का इंतजार करने के बजाए अभी तेजस्वी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा देना चाहिए, ताकि जनता को भी यह पता चल सके की तेजस्वी बिहार को कैसे चला रहे हैं। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री के चेहरे पर और तीर के बटन पर अब कोई चुनाव जीत नही सकता। पीके ने कहा कि बिहार में नीतीश और तेजस्वी के गठबंधन में राजद का ज्यादा योगदान है, इसलिए नीतीश कुमार को तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना देना चाहिए ताकि 3 साल उनके (तेजस्वी) पास काम करने का अवसर रहे और जनता भी देख पाएगी कि तेजस्वी यादव ने 3 वर्ष में कितना बढ़िया काम किया है।

वार्षिक खेलकूद के दौरान दर्दनाक हादसा

## प्रैक्टिस सेशन में स्टूडेंट की गर्दन के आर-पार हुआ भाला

**नवीन मेल नेटवर्क। बलांगीर**

ओडिशा के बलांगीर जिले के एक स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां नौवीं कक्षा के एक छात्र की गर्दन में भाला घुस गया। डॉक्टरों ने एक घंटे के ऑपरेशन के बाद बाद भाले को सफलतापूर्वक निकाल लिया है। 14 साल के छात्र की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। ये हादसा उस समय हुआ जब 14 साल का सदानंद मेहर अगलपुर के बॉयज हाई स्कूल के खेल के मैदान में भाला फेंक का अभ्यास सत्र देख रहा था। वहीं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घायल छात्र इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता देने की घोषणा की है। बीबीएमसीएच की चिकित्सा अधीक्षक मानसी पांडा ने बताया कि



भाला त्वचा के ठीक नीचे फंस गया था और इससे मांसपेशियों की परत क्षतिग्रस्त हो गई थी। कोई आंतरिक अंग क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है और छात्र की हालत स्थिर है। सर्जरी के दौरान पांडा के साथ सर्जरी, ईएनटी, रेडियोलॉजी और एनेस्थीसिया के विशेषज्ञों की एक टीम मौजूद थी। पांडा ने कहा कि भाले को सिर को हटाने के बाद, हमने सर्जरी के बाद किसी भी संभावित संक्रमण के इलाज के लिए उसे 72 घंटे के लिए निगरानी में रखा है।

## सीआईडी ने सीबीआई को पत्र लिखकर लालन की मौत संबंधी मांगी जानकारी

**रामपुरहाट।** पश्चिम बंगाल की खुफिया जांच एजेंसी सीआईडी ने सीबीआई हिरासत में लालन शेख की मौत मामले की जांच पहले ही अपने हाथ में ले ली है। सीआईडी ने रविवार को लालन शेख की मौत को लेकर सीबीआई को पत्र भेजा है। सूत्रों के मुताबिक पत्र में लालन शेख की मौत कैसे हुई, सीबीआई की हिरासत में लालन शेख की शारीरिक और मानसिक स्थिति कैसी थी, इसकी जानकारी मांगी गई है। उधर, सीआईडी की पांच सदस्यीय टीम बागटुई गांव में मृतक लालन शेख की ससुराल पहुंची। इस टीम में चार अधिकारी और एक फोटोग्राफर शामिल है। रविवार को भी यह टीम लालन शेख के परिवार और पड़ोसियों से बात कर रही है।

# मुस्लिम वोटों को च्यूइंगम की तरह चूसने का चल रहा चलन : नकवी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को यहा कहा कि दशकों से मुस्लिम वोटों को चिविंगम की तरह 'चबाने, चूसने और चलता करने' का चलन चल रहा है। श्री नकवी ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग की ओर से आयोजित 'अल्पसंख्यक अधिकार दिवस' कार्यक्रम में कहा, ऐसी ही स्वार्थी सियासी सोंच, अल्पसंख्यकों के विकास का लोच रहा और 'वोटों की स्वार्थी मंडी' से विकास की समावेशी पगडण्डी के साथ ह्यक्रूर, कम्युनल, क्रिमिनल कपट की जाती रही।

श्री नकवी ने कहा कि आज



देश साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को ध्वस्त कर समावेशी सशक्तिकरण का ध्वजवाहक इस लिए बन पाया है कि मोदी-योगी युग में 'अमर, अब्दुल, अन्टोनी' की समावेशी विकास में भागीदारी ने 'चिविंगम की तरह चूसो और चलता करो' वाली साम्प्रदायिक वोटों के ठगी के ठौर- ठिकानों की तालाबन्दी और नाकाबंदी कर दी है।

श्री नकवी ने कहा कि मुसलमानों के कुछ हिस्सों का पिछड़ापन 'संकीर्ण साम्प्रदायिक सियासत' और 'स्वार्थी वोटों की तिजारत' का नतीजा रहा। आज जब बिना भेदभाव सभी की समृद्धि, सुरक्षा, शिक्षा सुनिश्चित हो रही है तो अल्पसंख्यकों के हितों को अपने सियासी स्वार्थ की बलि चढाने वाले राजनीतिक सूरमाओं के सूपड़े साफ हो रहे हैं।

श्री नकवी ने कहा कि आज माहौल, मूड़ व मुद्दे बदले हैं, साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण नहीं समावेशी सशक्तिकरण का 'मोदी मैजिक' समाज के सभी हिस्सों में असर दिखा रहा है। विकास और विश्वास के माहौल ने समाज के सभी वर्गों को तरक्की का बराबर का हिस्सेदार भागीदार बनाया है।

## जदयू ने बिहार में शराब से मौत का जिम्मेवार भाजपा को ठहराया

**सहरसा।** जनता दल यूनाइटेड सहरसा द्वारा शराबबंदी कानून एवं जहरीली शराब पीने से हुई मृत्यु मामले में विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के लोग शराबबंदी में शराब पीने और अवैध शराब बिक्री में संलिप्त हैं। जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने कहा कि बिहार में 7 जुलाई 2022 को भाजपा के विधान परिषद सदस्य देवेश कुमार को पटना पुलिस ने शराब के नशे में पकड़ा और उस पर मुकदमा दर्ज है। फिर भी शर्म नहीं आती।पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं प्रतिपक्ष के नेता विजय सिन्हा के रिश्तेदार के घर 108 कार्टन शराब की बोतलें बरामद हुए फिर भी भाजपा के लोग शर्मिंदगी की सीमा को लांघते हुए अनर्गल आलाप अलाप रही है।

# उद्घाटन से पहले ही धराशायी हो गया पुल

**नवीन मेल नेटवर्क। बेगूसराय**

बिहार में बीती रात एक और पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बेगूसराय जिला के साहेबपुर कमाल प्रखंड क्षेत्र में कीर्तिटोल आहोक घाट और विष्णुपुर आहोक पंचायत के बीच बूढ़ी गंडक नदी पर मुख्यमंत्री नाबार्ड योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा नवनिर्मित उच्च स्तरीय आरसीसी पुल उद्घाटन से पहले ही देर रात टूट कर धराशाई हो गया। रात के समय

**दो दिन पहले ही पाया नंबर दो एवं तीन के बीच क्रैक और धसान देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी थी**



हादसा होने से जानमाल की क्षति नहीं हुई, लेकिन निर्माण के तीन वर्षों के अंदर ही पुल के टूटकर गिर जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। दो दिन पहले ही पाया नंबर दो एवं तीन के बीच क्रैक और धसान देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी थी। जिसके बाद बलिया एसडीओ रोहित कुमार, डीएसपी कुमार वीर धीरेंद्र सहित अन्य अधिकारियों ने वहां पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया तथा पुल पर आवागमन पूर्णतः बंद करवाया। उस दिन स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा भी किया तथा घटिया पुल निर्माण करने वाले एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की थी। बताया जा रहा है कि यहां बूढ़ी गंडक नदी पर पुल निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग उठाई जा रही थी। 2012-13 में साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक सह मंत्री परवीन अमानुल्लाह की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री नाबार्ड योजना से रहुआ पंचायत के कीर्तिटोल आहोक घाट और विष्णुपुर आहोक पंचायत के बीच बूढ़ी गंडक नदी पर पुल बनाने की स्वीकृति मिली 1343.32 लाख की लागत से 206 मीटर लंबा उच्च स्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण भगवती कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया गया।

पुल निर्माण स्थल पर लगाए गए बोर्ड के अनुसार 1343.32 लाख की लागत से बने इस पुल की अनुरक्षण भी 31.72 लाख से होना था। कार्य प्रारंभ की तिथि 23 फरवरी 2016 एवं समाप्ति तिथि 22 अगस्त 2017 है। पुल निर्माण के बाद विभिन्न कारणों से अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका, लोगों ने बगैर उद्घाटन के आवागमन शुरू कर दिया था। पुल से कुछ दूर स्थित खनवा नाला पर छोटा पुल बनने के बाद इसका उद्घाटन होना था। लेकिन इसी बीच बिहार के लूटतंत्र की भेंट यह पुल चढ़ गया। रविवार की सुबह स्थानीय लोग मॉर्निंग वॉक पर जा रहे थे तो नदी में पुल को टूटकर गिरा देखकर हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण में व्यापक लूट-खसोट का आरोप लगाया है और निर्माण एजेंसी एवं ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने सात हजार लीटर स्प्रिट किया बरामद

**नवीन मेल नेटवर्क। मोतिहारी**

जिले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में पहाडपुर पुलिस ने अवैध स्प्रिट की बड़ी खेप को बरामद किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कंटेनर पर ड्राम में लोड कर जा रहे 7 हजार लीटर स्प्रिट बरामद किया है।जिसकी कीमत लगभग 20 लाख बताया जा रहा है। जिला पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कारवाई अरेराज बेतिया मार्ग पर मटियरवा पेट्रौल पम्प के पास से शनिवार की देर रात की गयी।

पुलिस ने मौके से कंटेनर के



उप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चालक अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है,कि स्प्रिट की बड़ी खेप डुमरियाघाट से होते हुए बेतिया जा रही थी। डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार उप चालक से पूछताछ की जा रही है।ताकि इसमे संलिप्त तस्करो की पहचान की जा सके।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्पेन को हराकर भारत ने जीता महिला नेशन्स कप

**वालेंशिया।** भारत ने एफआईएच महिला नेशन्स कप के फाइनल में शनिवार को यहां स्पेन को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहली बार आयोजित टूर्नामेंट को जीतकर टीम ने 2023-24 प्रो लीग में अपनी जगह पक्की कर ली। गुरजीत कौर ने छठे मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जो निर्णायक साबित हुआ। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता ने आठ देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान का अंत लगातार पांच जीत के साथ किया। कोच यानेके शोपमैन की टीम ने शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में आयरलैंड को शूटआउट में 2-1 से हराया था।

### मनु गंडास ने सत्र का छठा खिताब जीता

**कोलकाता।** गुरूग्राम के गोल्फर मनु गंडास ने शुरूआती एसएसपी चौरसिया आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पीजीटीआई सत्र में साल का रिकॉर्ड छठा खिताब जीता। गंडास (69-66-72-68) ने अपने करियर की 7वीं जीत हासिल की। उन्होंने चौथे दौर में चार अंडर 68 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह 13 अंडर 275 के कुल स्कोर से पहले स्थान पर रहे। अनिर्बान लाहिड़ी दूसरे और गगनजीत भुल्लर तीसरे स्थान पर रहे। गंडास को इस जीत से 15,00,000 रुपए की पुरस्कार राशि मिली जिससे वह टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे से पहले स्थान पर पहुंच गए। इससे उनकी सत्र की कमाई 80,78,938 रुपए तक पहुंच गई।

### मुनाफ पटेल पर नोएडा अथॉरिटीज की कार्रवाई

**नोएडा।** भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायकों में से एक मुनाफ पटेल ने खुद को मुसीबत में डाल लिया है,



क्योंकि उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (यूपी-रेरा) द्वारा रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी किए जाने के बाद पेसर के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनाफ के खिलाफ 52 लाख रुपए की वसूली के लिए कार्रवाई की गई है और इसकी पुष्टि यूपी-रेरा के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट आलोक कुमार गुप्ता ने की है। इस बीच गुप्ता ने दावा किया है कि पटेल के बैंक खातों को सीज करने के बाद राजस्व टीम ने रकम भी बरामद कर ली है। कथित तौर पर मुनाफ पटेल रियल एस्टेट फर्म निवास प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के एक निदेशक हैं। कथित तौर पर कंपनी एक आवासीय परियोजना शुरू करने के बाद निवेशकों को पैसे चुकाने में विफल रही और इसलिए यूपी-रेरा को उन्हें आरसी जारी करके आवश्यक कार्रवाई करनी पड़ी।

# भारत की बांग्लादेश पर बड़ी जीत, श्रृंखला में बनायी बढ़त

**चटगांव (एजेंसी)।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसके दम पर भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में जल्दी समेटकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन रविवार को यहां 188 रन से बड़ी जीत दर्ज की। भारत को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट लेने की जरूरत थी और उसने 11.2 ओवर में ही बाकी बचे विकेट हासिल कर दिए। बांग्लादेश की टीम ने सुबह छह विकेट पर 272 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 324 रन पर आउट हो गयी कुलदीप ने बाकी बचे चार विकेटों में से दो विकेट हासिल किए जबकि मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया। कुलदीप ने पहली पारी में पांच विकेट हासिल किए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने तीन




विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 113 रन देकर आठ विकेट अपने नाम दर्ज किए जो कि उनका किसी एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कुलदीप ने भारत की जीत के बाद कहा कि मुझे कूकाबुरा गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है क्योंकि इससे मैं एसजी गेंद की तुलना में बेहतर ग्रिप और नियंत्रण बनाता हूं।' उन्होंने कहा, ह्यजब मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता हूं तो यह काफी चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन इस बीच मैंने सीमित ओवरों के कई मैच खेले। मैं आईपीएल में खेला और भारत ए की तरफ से मैंने लाल गेंद से गेंदबाजी की। इस तरह से मैं लय में था।

### कुलदीप को मिला अक्षर का साथ

कुलदीप को बाएं हाथ के स्पिनर पटेल का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन देकर चार विकेट लिए। इस जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने श्रीलंका को पीछे छोड़ा जो अब चौथे स्थान पर खिसक गया है। भारत के अब 87 अंक हो गए हैं और उसका प्रतिशत (पीसीटी) 55.77 है जबकि श्रीलंका के 64 अंक हैं और उसका पीसीटी 53.33 है। ऑस्ट्रेलिया 75 पीसीटी के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है जिसका पीसीटी 60 है। बांग्लादेश ने अपने कल के स्कोर छह विकेट पर 272 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई।

# फीफा वर्ल्ड कप : क्रोएशिया से हार के बावजूद प्रशंसकों की नजर में चैम्पियन बना मोरक्को

**एजेंसी, बेरूत।** मोरक्को की तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में क्रोएशिया से 2-1 की हार से प्रशंसक भले ही थोड़ा निराश हैं, लेकिन उनकी नजर में अफ्रीका महाद्वीप कि यह टीम किसी चैंपियन से कम नहीं है। मोरक्को ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पहले ही इतिहास रच दिया था। वह विश्वकप के अंतिम चार में जगह बनानेवाली अफ्रीका महाद्वीप और अरब देशों में पहली टीम है।




प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मोरक्को अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखकर छुपा रुस्तम निकलेगा और चैंपियन बनने में सफल रहेगा। उनकी उम्मीदों पर सेमीफाइनल में फ्रांस ने पानी फेरा लेकिन इसके बावजूद प्रशंसक निराश नहीं हुए थे, क्योंकि उन्हें आशा थी कि मोरक्को तीसरे स्थान के मैच में क्रोएशिया को हराने में सफल रहेगा। क्रोएशिया से हार के बाद मोरक्को की राजधानी में प्रशंसक निराश थे लेकिन उन्हें गर्व था कि उनकी टीम इतिहास रचने में सफल रही। रबात में एक प्रशंसक सोउकाइना मकोइ ने कहा कि वह हमारी नजर में अब भी चैंपियन है। एक अन्य प्रशंसक अली हचीमी के चेहरे पर निराशा के साथ खुशी के भाव भी स्पष्ट नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी टीम विश्व की चोटी की चार टीमों में शामिल है। अच्छा होता कि हमारी टीम तीसरे नंबर पर रहती, क्योंकि खिलाड़ी इतना अच्छा प्रदर्शन करने के बाद इसके हकदार थे।

# छह महीने बाद टेस्ट खेलनेवाला बहाना नहीं चलनेवाला : शाकिब

**एजेंसी, चटगांव।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन का मानना है कि छह महीने बाद टेस्ट खेलनेवाली उनकी टीम को रविवार को जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में पहले टेस्ट में भारत से 188 रन की बड़ी हार का बहाना नहीं बनाना चाहिए।

भारत से मिले 513 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नजमुल हुसैन शंटो (67) और जाकिर हसन (100) ने 124 रन की शुरूआती साझेदारी की, जिसमें चार दिन के पहले सत्र में बिना विकेट के क्रीज पर रहना शामिल था जिससे बांग्लादेश को जीत की उम्मीद की किरण दिखी। लेकिन इसके बाद विकेट गिरने शुरू हुए और शाकिब के 84 रन बनाने के बावजूद बांग्लादेश मैच की अपनी दूसरी पारी में 324 रन पर ऑल आउट हो गई। इससे पहले बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया गया था जब वह अपनी पहली पारी में 150 रन पर आउट हो गया था। शाकिब और एबादत हुसैन के चोटों के कारण भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं करने के कारण कड़ा संघर्ष करने और मेहमान टीम के खिलाफ विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बावजूद मैच हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा कि यह बल्लेबाजी करने के लिए एक अच्छा विकेट था, लेकिन पहली पारी में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने 5-6 महीने बाद टेस्ट मैच खेला, लेकिन यह कोई बहाना नहीं होना चाहिए कि हमने कैसा प्रदर्शन किया। भारत ने खेल में जैसे खेला उसे बहुत सारा श्रेय।

### इंग्लैंड की टीम से जुड़े रहेंगे कोच साउथगेट

**एजेंसी, दोहा।** इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने पुष्टि की है कि वह फुटबॉल विश्व कप के बाद भी टीम के साथ जुड़े रहेंगे। साउथगेट ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ शिकस्त के बाद कहा था कि उन्हें अपने भविष्य पर विचार करने के लिए समय चाहिए। साउथगेट ने हालांकि अपने पद को लेकर बनी अनिश्चितता को खत्म करते हुए फुटबॉल एसोसिएशन (एफए, इंग्लैंड का फुटबॉल महासंघ) को 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप में टीम का मार्गदर्शन करने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। एफए ने रविवार को बयान में कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि गैरेथ साउथगेट इंग्लैंड के मैनेजर के पद पर बने रहेंगे और यूरो 2024 में टीम के अभियान की अगुआई करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को हराया

**एजेंसी, ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी को दूसरी पारी में भी ध्वस्त करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे ही दिन रविवार को यहां छह विकेट की जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत के दौरान दो दिन में 34 विकेट गिरे। गाबा में तेज गेंदबाजों की अनुकूल घास से भरी पिच पर दूसरे दिन भी विकेटों का पतझड़ लगा रहा। दूसरे दिन लंच से पूर्व ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 218 रन पर सिमट गई जिससे टीम ने 66 रन की बढ़त हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी भी सिर्फ 99 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया को 34 रन का लक्ष्य मिला जो उसने चार विकेट पर 35 रन बनाकर हासिल कर लिया। मार्नस लाबुशेन (नाबाद 05) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 00) की मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने




आठवें ओवर की अंतिम गेंद पर लक्ष्य हासिल किया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से दूसरी पारी में चारों विकेट कागिसो रबादा (13 रन पर चार विकेट) ने हासिल किए। पहली पारी में भी रबादा ने 76 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्हें मार्को जेनसन (32 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। जेनसन ने सुबह के सत्र में ग्रीन (18) को स्लिप में सारेल इर्वी के हाथों कैच कराया। तीन गेंद बाद जेनसन ने ट्रेविस हेड (92) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच कराया। हेड ने 96 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का मारा। लुंगी एनगिडी (35 रन पर एक विकेट) ने मिशेल स्टार्क (14) को अपनी ही गेंद पर लपका जिसके बाद रबादा ने कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन को खाता खोले बिना पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। लंच से पहले के 20 मिनट का मेजबान टीम के गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। कमिंस ने दूसरे ओवर में डीन एल्गर (02) को पगबाधा किया जिसके बाद स्टार्क (26 रन पर दो विकेट) ने रेसी वान डेर डुसेन (00) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर तीन रन किया। यह स्टार्क का 300वां टेस्ट विकेट था। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। लंच के बाद खाया जोंडो (नाबाद 36) और तेम्बा बावुमा (29) ने कुछ देर विकेटों के पतन पर विराम लगाया लेकिन लियोन ने बावुमा को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा जिसके बाद टीम ने सिर्फ 22 रन पर बाकी बचे छह विकेट गंवा दिए। स्कॉट बोलैंड (14 रन पर दो विकेट) ने अगले ओवर में काइल वेरेन और मार्को जेनसन को पवेलियन भेजा जबकि केशव महाराज (16) को स्टार्क ने आउट किया।

# आईपीएल महिलाओं के खेल के लिए अगला मोर्चा : एलिसा पैरी

**एजेंसी, मुंबई।** भारत को विश्व क्रिकेट का आध्यात्मिक घर बताते हुए ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पैरी ने कहा कि अगले साल मार्च में होनेवाला महिला आईपीएल महिलाओं के खेल का अगला मोर्चा होगा। अस्थाई तौर पर डब्ल्यूआईपीएल को मार्च 2023 में आयोजित करने की योजना है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में 2023-2027 की अवधि के लिए टूर्नामेंट के मीडिया अधिकार देने के लिए निविदा जारी की थी। पैरी ने चौथे महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया की भारत पर सात रन की जीत के बाद कहा कि महिला आईपीएल शानदार होने वाला है। इसे लेकर उत्साहित हूं। महिलाओं के खेल



के लिए अगला मोर्चा। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि महिला बिग बैश लीग ने ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट के लिए क्या किया है, इंग्लैंड में द हंड्रेड और अगला कदम भारत में महिला आईपीएल है जो क्रिकेट का आध्यात्मिक घर है। भारत में क्रिकेट की दीवानगी के बारे में बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया की 32 वर्षीय दिग्गज ने कहा कि कभी भी भीड़ को मोबाइल को बाहर निकालकर फ्लैश लाइट चालू करके किसी टीम का समर्थन करते हुए नहीं देखा जैसा उन्होंने भारतीय पारी के दौरान किया। मेरे लिए यह आश्चर्यजनक था। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 2007 में पदार्पण के बाद 10 टेस्ट, 128 वनडे और 130 टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली पैरी ने कहा कि जैसे-जैसे खेल विकसित होता है और आगे बढ़ता है, खिलाड़ियों को भी अनुकूलन और सामंजस्य बैठाना होता है। ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम का भी हिस्सा रह चुकी पैरी ने भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ एक साल से भी अधिक समय बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी की है।

### ब्रूक का लगातार तीसरा शतक

**एजेंसी, कराची।** हैरी ब्रूक ने लगातार तीसरे टेस्ट मैच में शतक जमाया जिससे इंग्लैंड ने शुरूआती झटकों से उबर कर पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां चाय के विश्राम तक पांच विकेट पर 254 रन बनाए। यार्कशर के रहनेवाले 23 वर्षीय ब्रूक ने 141 गेंदों पर नाबाद 108 रन बनाए हैं जिससे इंग्लैंड अब पाकिस्तान से केवल 50 रन पीछे रह गया है। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 304 रन बनाए थे। ब्रूक ने इससे पहले रावलपिंडी और मुल्तान में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों में भी शतक जड़ा था। उन्होंने चाय के विश्राम से ठीक पहले स्पिनर अबरार अहमद पर कवर क्षेत्र में चौका जड़कर अपना तीसरा शतक पूरा किया। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे हैं विकेटकीपर बल्लेबाज वेन फोक्स ने ब्रूक का अच्छा साथ दिया।

# नीरज चोपड़ा 2022 के बने नंबर वन एथलीट

**एजेंसी, नयी दिल्ली।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने एक खास उपलब्धि अपने नाम की है। वह दुनिया के सबसे तेज धावक और पूर्व ओलंपिक चैंपियन उसैन बोल्ट को पीछे छोड़ खास उपलब्धि हासिल की है। नीरज साल 2022 में ऐसे एथलीट बन गए हैं, जिन पर सबसे ज्यादा आर्टिकल लिखे गए हैं। बोल्ट भी नीरज से पीछे छूट गए हैं। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा पर इस साल 812 आर्टिकल लिखे गए, जो एथलीट्स में सबसे ज्यादा है। विश्व एथलेटिक्स संघ द्वारा जारी किए गए



रिपोर्ट में नीरज को पहला स्थान मिला। वहीं, जमैका के स्प्रिंटर एलेन थॉम्पसन-हेराह 751 आर्टिकल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर स्प्रिंट के विश्व चैंपियन शेली-एन फ्रेजर पर 698 आर्टिकल लिखे गए और वह तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, 200 मीटर की चैंपियन शेरिका जैक्सन 679 आर्टिकल के साथ चौथे स्थान पर रहीं। आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट पर इस साल 574 आर्टिकल ही लिखे गए हैं। यह पहली बार है कि बोल्ट किसी साल सर्वाधिक आर्टिकल लिखे जाने वाले एथलीट्स में पहले स्थान पर नहीं रहे। नीरज के लिए यह साल शानदार रहा है। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के बाद इस साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और रजत पदक अपने नाम किया था। इसके बाद वह कॉमनवेल्थ गेम्स में नहीं खेले थे। हालांकि, डायमंड लीग से उन्होंने वापसी की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




## ऑस्ट्रेलिया सात रन से जीता चौथा टी-20

# भारत ने गंवाई टी-20 सीरीज

**एजेंसी, मुंबई।** अनुभवी एलीस पेरी की 42 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी और एशलीघ गार्डनर (42 रन और दो विकेट) के हरफनमौला खेल के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय के चौथे मुकाबले में भारतीय महिला टीम को सात रन से हराकर श्रृंखला में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 188 रन बनाने के बाद भारत को पांच विकेट पर 181 रन पर रोक दिया। पेरी ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ने के अलावा गार्डनर के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 94 रन की साझेदारी की। गार्डनर ने 27 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 42 रन



बनाये। आखिरी ओवरों में ग्रेस हैरिस ने महज 12 गेंद में 27 रन की आक्रामक पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने इस मैच में 19 चौके और 8 छक्के लगाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम को जरूरत के मुताबिक शुरूआत नहीं मिली लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 30 गेंद में 46 रन, देविका वैद्य ने 26 गेंद में 32 रन और ऋचा घोष ने 19 गेंद में नाबाद 40 रन बनाकर टीम को मैच में बनाए रखा लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। बड़े स्कोर वाले इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच गार्डनर ने चार ओवर में महज 20 रन देकर दो विकेट लिये।

### हम आखिर तक मैच में बने हुए थे : हरमनप्रीत

**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के चौथे मुकाबले में सात रन से हार का सामना करने के बाद भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शनिवार को यहां कहा कि टीम ने अगर एक और ओवर में बड़ा स्कोर बनाया होता तो मैच का परिणाम कुछ और होता। भारतीय कप्तान ने कहा कि हम पूरे मैच में जीत हासिल करने की दौड़ में बने हुए थे। इस मैच में सिर्फ एक ओवर ही अंतर पैदा कर सकता था। तीस गेंद में 46 रन की आक्रामक पारी खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा कि अगर मैं आखिर तक क्रीज पर होती तो चीजें बदल सकती थीं लेकिन दुर्भाग्य से मैं आउट हो गई। मुझे हालांकि ऋचा और दीप्ति पर भरोसा था। भारतीय टीम को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 41 रन चाहिए थे लेकिन 18वें ओवर में सिर्फ 3 रन बने। उन्होंने इसे टीम के लिए नुकसानदेह करार देते हुए कहा कि 18वें ओवर में जब हमें सिर्फ तीन रन मिले तो इससे बड़ा अंतर पैदा हो गया। खुद गेंदबाजी नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा कि मैं एशिया कप में चोटिल हो गई थी उससे वापसी कर रही हूं। अभी सिर्फ बल्लेबाजी करना चाहती हूं, मैं निश्चित रूप से जल्द ही गेंदबाजी करूंगी।

NEWS इन ब्रीफ

## भारतीय बाजार पर चीनी उत्पादों का वर्चस्व

**नई दिल्ली।** भारतीय सीमा के अंदर की जमीन पर चीन की निगाह तो है ही, कई जगह अन्दर आ गया है , व्यापार में ज्यादा ही घुसपैठ बना लिया है। हालत यह है कि भारतीय स्मार्टफोन बाजार में में चीनी कंपनियों का लगभग 62 प्रतिशत कब्जा हो गया है, जबकि भारतीय कंपनियां जैसे लावा के पास 1 प्रतिशत से भी कम बाजार है। बीते कुछ वर्ष में माइक्रोमैक्स, कार्बन, स्पाइस और लावा जैसे भारतीय ब्रांड की बाजार में पकड़ लगभग खत्म होती जा रही है। 2014 में ओप्पो, वीवो, वनप्लस ने भारत में प्रवेश किया । 2018 में रिल्मे भारत मेंआया। 2020 में आईक्यू भारत आया। उसके पहले जियोमी ने देश में बड़ा बाजार बना लिया था। इस समय देश में टॉप-5 स्मार्टफोन कंपनियों में शाओमी,ओप्पो, जियोमी ,। लेकिन भारतीय कंपनियां इनके आसपास भी नहीं हैं।इसी तरह से टेलीकाम , पावर ,सोलर संबंधी मशीनरी व कम्प्यूटर बिजली के उपकरण पर चीन के उत्पाद की मोनोपोली हो गई है। बिजली की लड़ी से लगायत मूर्तियों तक में उसकी प्रधानता हो गई है। कुछ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यदि चीन ने अकस्मात भारत को इन सामान की सप्लाई बंद कर दी तो भारत की हालत पतली हो जाएगी। यदि समय रहते नहीं चेता गया ,तो यह बहुत घातक हो सकता है।

## सर्राफा बाजार सोना-चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में तेजी दर्ज की गई। इस दौरान सोना 150 रुपये तथा चांदी 250 रुपये बढ़ कर बिकी। कारोबार की शुरूआत में सोना 53400 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 53550 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरूआत 64050 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 64300 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 53600 नीचे में 53200 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 64600 तथा नीचे 63700 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1796 डॉलर तथा चांदी 2423 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

## बाजार में खाद्य तेलों के दाम 733 रुपये प्रति क्विंटल तक गिरे

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के दाम 733 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए जबकि दाल-दलहन और मीठे में में मिश्रित रुख रहा वहीं अनाज के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 32 रिंगिट फिसलकर सप्ताहांत पर 3868 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 3.12 सेंट की बढ़त लेकर 63.24 सेंट प्रति पाउंड पर पहुंच गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 733 रुपये, मूंगफली तेल 366 रुपये, सूरजमुखी तेल 147 रुपये, सोया रिफाइंड 294 रुपये और वनस्पति तेल 586 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले स्तर पर टिके रहे।

## निर्यातकों ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बजट में समर्थन उपायों की मांग की

**नई दिल्ली।** निर्यातकों ने देश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आगामी आम बजट में बिजली शुल्क में छूट और आसानी से ऋण उपलब्धता जैसे उपायों की मांग की है। निर्यातकों के अनुसार निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) योजना की प्रतिपूर्ति के साथ ही निर्यात प्रोत्साहन और अन्य पहलों को बढ़ावा देना चाहिए।

# आईजीएल ने फिर बढ़ाये सीएनजी के दाम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल के अंतिम माह में आम आदमी को महंगाई की मार पड़ी है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक बार फिर सीएनजी के दाम बढ़ा दिये हैं, दिल्ली में सीएनजी 95 पैसे महंगी हो गयी है। अस बढ़ोतरी के बाद एक किलोग्राम सीएनजी 79. 56 रुपये में मिलेगा। नयी रेट विगत 17 दिसंबर यानी आज सुबह 6 बजे से लागू हो गयी है। बता दें कि दिल्ली में सीएनजी के दाम नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के मुकाबले कम हैं। वहीं मेरठ, रेवाड़ी, कानपुर आदि में भी सीएनदी के दाम ज्यादा हैं गुरुग्राम में सीएनजी 86. 94 रुपये प्रति किलोग्राम, गाजियाबाद, नोएडा-ग्रेटर और नोएडा में 81. 17 रुपये, रेवाड़ी में 78. 61 रुपये और फरीदाबाद में 84. 19 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रही है। प्राकृतिक गैस की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिल रही है। सीएनजी के दाम बढ़ने से इसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है। ओला-उबर जैसी सर्विस महंगी हो सकती है। वहीं जो लोग रोज ऑटो से सफर करते हैं, उन्हें भी अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। क्योंकि ट्रांसपोर्ट का कॉस्ट बढ़ेगा, ऐसे में फल-सब्जी के दाम में भी उछाल देखने को मिलेगा। यानी कि महंगाई हर तरफ से बढ़ सकती है। इससे पहले भी आईजीएल ने 8 अक्टूबर को दिल्ली में सीएनजी की कीमत बढ़ायी थी। दिवाली से पहले दिल्ली में सीएनजी 3 रुपये प्रति किलो महंगी हो गयी थी। जिसके बाद राजधानी दिल्ली में सीएनजी के दाम 75. 61 रुपये से बढ़ाकर 78. 61 रुपये हो गये थे। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 78. 17 की जगह 81.17 रुपये में बिक रहा था। वहीं दिल्ली में पिछले 12 घंटे में दो बार सीएनजी महंगी हुई थी। 4 अप्रैल की सुबह सीएनजी के दामों में 2. 5 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई थी। इससे पहले 3 अप्रैल की देर रात इसके दाम 80 पैसे बढ़े थे। साल 2022 मार्च से लेकर अब तक 15 बार सीएनजी के दामों में इजाफा हुआ है, 10 महीनों में सीएनजी 23.55 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो चुकी है। पिछले साल अप्रैल में सीएनजी की कीमत 36. 16 रुपये प्रति लीटर थी। जो दिल्ली में अब लगभग 80 रुपये हो चुकी है। इसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध से खड़ी हुई विषम वैश्विक परिस्थितियों को माना जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो अभी सीएनजी की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।

## 5,000 अरब डॉलर की इकोनॉमी बनने की राह पर : गडकरी

**नई दिल्ली।** आगामी 2024-25 में 5,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का आसार है। देश की सकल घरेलू उत्पाद दर बेहतर होने की दिशा में है. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत 2024-25 तक 5,000 अरब डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हासिल करने की ओर अग्रसर है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्री गडकरी ने उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार सतत विकास को हासिल करने के लिए वृद्धि और रोजगार को बढ़ाने पर जोर दे रही है। गडकरी ने निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने की जरूरत पर जोर दिया है. मंत्री गडकरी ने कहा कि हम वैकल्पिक, स्वच्छ और हरित ईंधन मसलन जैव एथनॉल, जैव-सीएनजी, जैव-एलएनजी और हरित हाइड्रोजन के विकास पर काम कर रहे हैं.

# एसबीआई ने एमसीएलआर दर में 0.25 फीसदी का किया इजाफा

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने भी लोन पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। एसबीआई ने सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 0.25 फीसदी का इजाफा किया है। बैंक के एमसीएलआर में इस वृद्धि से लोन की ईएमआई बढ़ जाएगी। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई है। स्टेट बैंक की वेबसाइट के मुताबिक एमसीएलआर की नई दरें 15 दिसंबर 2022 से प्रभावी हो जाएंगी। इस बढ़ोतरी के बाद एसबीआई की एक दिन की अवधि वाली एमसीएलआर 7.60 फीसदी से बढ़कर 7.85 फीसदी हो गई है। एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए एमसीएलआर 7.75 से बढ़कर 8 फीसदी हो गई है। इसी तरह बैंक की 6 महीने और एक साल की अवधि के लिए एमसीएलआर 8.05 फीसदी से बढ़कर 8.30 फीसदी हो गई है। दो साल की अवधि के लिए एमसीएलआर 8.25 फीसदी से बढ़कर 8.50 फीसदी हो गई है, जबकि तीन साल की अवधि वाली एमसीएलआर 8.35 फीसदी से बढ़कर 8.60 फीसदी हो गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई के रेपो रेट में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी करने के बाद सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई बैंकों ने लोन पर ब्याज दरें एमसीएलआर में इजाफा किया है। आरबीआई ने हाल ही में लगातार पांचवीं बार रेपो रेट में इजाफा किया है, जो बढ़कर 6.25 फीसदी हो गई है।

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ वक्त में अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल कीमतों में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है। आज यानी 18 दिसंबर 2022 को भी कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है। इस दौरान ब्रेंट क्रूड ऑयल के प्राइस गिरकर 79.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल की बात करें तो यह गिरकर 74.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। ओपेक देशों की तरफ से किए निर्णय का असर यह हुआ कि रिकॉर्ड लेवल तक गिरने वाला क्रूड बढ़कर एक समय 100 डॉलर के करीब पहुंच गया था। हालांकि घरेलू बाजार में पिछले छह महीने से पेट्रोल-डीजल का रेट एक ही स्तर पर बना हुआ है। आज यानी रविवार को भी देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने 18 दिसंबर 2022 को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। इस तरह आज लगातार 207वां दिन है जब देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आज रविवार को देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल का भाव 94.24 रुपए प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में रविवार को पेट्रोल 106.03 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। नोएडा में रविवार को पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है।

## ऊर्जा में व्यापक संपर्क चाहता है भारत: पुरी

**बेंगलुरु।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में रूस समेत सभी देशों के साथ अधिक व्यापक एवं सघन संपर्क चाहता है। पुरी ने कहा कि पिछले कुछ समय में रूस भारत को तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन चुका है। उन्होंने कहा, ह्यऊर्जा में रूस के साथ हमारा सहयोग बहुत व्यापक है। अगर मैं गलत न हूं तो भारतीय क्षेत्र में रूस का निवेश करीब 13 अरब डॉलर है जबकि हमारी कंपनियों ने रूस में करीब 16 अरब डॉलर निवेश किया हुआ है। पुरी ने यह टिप्पणी दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के बीच ऊर्जा सहयोग समेत कई द्विपक्षीय मसलों पर हुई टेलीफोन पर बातचीत के संदर्भ में की। हालांकि उन्होंने इस बातचीत के दौरान उठे बिंदुओं पर अपनी अनभिज्ञता जाहिर की।

# अब छोटे व्यापारी भी ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से अपना व्यापार कर सकेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर के गैर-पंजीकृत छोटे विक्रेताओं को ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से अपना माल बेचने की अनुमति देने के फैसले का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वागत किया है। कैट ने जीएसटी काउंसिल के इस फैसले को एक बड़ा कदम बताया है।

कारोबारी संगठन कैट ने जारी बयान में कहा कि जीएसटी परिषद के इस फैसले से अब छोटे व्यापारी भी ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से अपना व्यापार कर सकेंगे। कैट ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तारीफ करते हुए धन्यवाद दिया है। कैट ने कहा कि ये एक प्रगतिशील निर्णय है, जिसकी पिछले दो साल से अधिक समय से मांग की जा रही थी। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय छोटे व्यापारियों को ई-कॉमर्स के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए सशक्त बनाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विजन को देशभर में मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि देश में 8 करोड़ से ज्यादा छोटे व्यापारी हैं, लेकिन बड़ी संख्या में व्यापारी जीएसटी पंजीकरण के बिना व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सालाना बिक्री जीएसटी सीमा से बेहद कम है। ऐसे व्यापारी अब ई-कॉमर्स पोर्टल पर व्यापार कर सकेंगे, जो कि एक बहुत बड़ी बात है। खंडेलवाल ने कहा कि भारत तेजी से ई-कॉमर्स हब के तौर पर उभर रहा है। ऑनलाइन कारोबार में जबरदस्त वृद्धि हो रही है। देश में ई-कॉमर्स कारोबार अब कुल खुदरा का करीब 10 फीसदी और वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कुछ क्षेत्रों का लगभग 25-50 फीसदी है।

# विदेशी फंडों की गतिविधियां तय करेंगी बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह वैश्विक कारकों और विदेशी फंडों की कारोबारी गतिविधियों से बाजार की आगे की दिशा तय होगी। विशेषज्ञों ने यह राय दी। स्वास्तिका इंवेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, "इस सप्ताह कोई महत्वपूर्ण संकेत नहीं आना है। इसलिए हम तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देख सकते हैं। अमेरिकी बाजार इस समय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के बाद बिकवाली की दूसरी लहर का अनुभव कर रहा है। ये रुझान आगे भी जारी रह सकता है।" उन्होंने आगे कहा, "एफआईआई दिसंबर के एक महत्वपूर्ण हिस्से में शुद्ध विक्रेता थे और इसलिए संस्थागत आवक एक और महत्वपूर्ण कारक होगा, जो बाजार को प्रभावित कर सकता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि किसी भी बड़ी घटना के अभाव में बाजार वैश्विक सूचकांकों, विशेष रूप से अमेरिकी संकेतों से प्रभावित होगा। यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) और बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) जैसे वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरों में वृद्धि और आक्रामक टिप्पणी देने में अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अनुसरण किया। इस वजह से पिछले सप्ताह दुनिया भर के बाजारों में गिरावट आई। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 843.86 अंक या 1.36 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी 227.60 अंक या 1.23 प्रतिशत टूट गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व ने तेजतर्रार रुख को बरकरार रखा, जबकि निवेशक कुछ नरमी की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रमुख घटनाक्रम की कमी के कारण इस सप्ताह घरेलू बाजार वैश्विक सूचकांकों का अनुसरण कर सकते हैं।

## चाय, कॉफी के मसौदा विधेयकों पर नीति आयोग से चर्चा करेगा वाणिज्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय चाय, कॉफी, मसाले, रबर और तंबाकू जैसी नकदी फसलों से संबंधित पांच मसौदा विधेयकों पर नीति आयोग के साथ नए सिरे से चर्चा कर सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस साल की शुरूआत में मंत्रालय ने इन क्षेत्रों पर दशकों पुराने कानूनों को निरस्त करने और नया कानून लाने का प्रस्ताव दिया था। इस कवायद का मकसद इन उत्पादों के विकास को बढ़ावा देना और व्यवसायों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना था। अधिकारी ने कहा, नीति आयोग ने इन पांच विधेयकों पर मंत्रालय के समक्ष कुछ आपत्तियां जताई हैं। इन मुद्दों पर हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक बैठक में चर्चा हुई थी। नीति आयोग ने इस पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया है और मंत्रालय ने इस पर मदद मांगी है।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 364 परियोजनाओं की लागत 4.52 लाख करोड़ रुपए बढ़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 364 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.52 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गई है। एक आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,476 परियोजनाओं में से 364 की लागत बढ़ गई है, जबकि 756 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,476 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 20,84,124.75 करोड़ रुपए थी लेकिन अब इसके बढ़कर 25,36,179.03 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 21.69 प्रतिशत यानी 4,52,054.28 करोड़ रुपए बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,67,245.45 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 53.91 प्रतिशत है। मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की संशोधित समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 513 पर आ जाएगी। इन परियोजनाओं में देरी के लिए कोविड-19 महामारी के चलते लागू किए गए लॉकडाउन को प्रमुख कारण बताया गया है।

## जेएसपीएल विशेष इस्पात के लिए 7,930 करोड़ रुपए निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के प्रबंध निदेशक विमलेंद्र झा ने कहा कि कंपनी विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत 7,930 करोड़ रुपये खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि इस निवेश के तहत देश में आठ प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले एलॉय बनाए जाएंगे। जेएसपीएल सरकार की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत योग्य है। पीएलआई योजना के तहत निवेश की जाने वाली राशि के बारे में पूछने पर झा ने कहा, "पीएलआई योजना (विशेष स्टील के लिए) के लिए हमारी प्रतिबद्धता लगभग 7,930 करोड़ रुपये होगी।" उन्होंने बताया कि जेएसपीएल ने अपनी सहायक कंपनी जिंदल स्टील ओडिशा के जरिए आठ प्रकार के विशिष्ट इस्पात उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रविष्टियां जमा की हैं।

## पेज एक के शेष

### इश्क, लिव इन...

दिलदार अंसारी का नाम सामने आया है। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। शनिवार की देर शाम बोरियो संथाली में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे से मानव के पैर का टुकड़ा मिलने के बाद पुलिस हरकत में आयी। छानबीन के दौरान पास के ही एक बंद घर से बोरे में रखा मांस का टुकड़ा मिला। सूचना मिलने पर रात में ही एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा दल बल के साथ बोरियो थाना पहुंच गये थे। पुलिस का कहना है कि दिलदार, बीते दो साल से रूबिका के साथ रह रहा था। उसी ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। इस वारदात में दूसरे लोग भी शामिल हैं। जांच-पड़ताल के बाद कुछ लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस उन्हें किसी गुप्त जगह पर रखकर पूछताछ कर रही है। रूबिका और दिलदार एक दूसरे को दो साल से जानते थे। कुछ लोगों ने बताया कि रूबिका और दिलदार ने शादी कर ली थी। हालांकि, इस बात की पुष्टि होनी अभी बाकी है कि दोनों ने शादी की थी या नहीं।

**लिव-इन में रहने के बाद की शादी :** रुबिका पहाड़िया से दिलदार अंसारी ने लगभग डेढ़ माह पहले दूसरी शादी की थी। ये लोग दो साल से लिव-इन रिलेशन में रह रहे थे। दो दिन पहले ही दिलदार ने बोरियो थाने में अपनी पत्नी के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। डीआईजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि घटना में पति समेत कई लोगों का हाथ है। मामले की जांच जारी है।

### शीत सत्र : विपक्ष...

की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के स्थानीय लोगों की जन भावनाओं को देखते हुए नियोजन नीति बनायी थी, लेकिन हाईकोर्ट में यह नीति रद्द हो गयी। जब एक दरवाजा बंद होता है तो दूसरा दरवाजा खुलता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस मसले पर कुछ न कुछ रास्ता जरूर निकलेगा। उन्होंने कहा कि सदन में कार्य मंत्रणा की बैठक के दौरान इस बात पर चर्चा होगी कि किन विषयों पर स्पेशल डिबेट कराया जा सकता है।

**19-23 दिसम्बर तक चलेगी सत्र की कार्यवाही :** संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि शीतकालीन सत्र की कार्यवाही 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक चलेगी। पहले दिन शोकप्रकाश होगा। इस सत्र के दौरान सरकार अनुपूरक बजट लायेगी। जिस पर वाद-विवाद भी होगा। इसके अलावा सामान्य रूप से प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण की कार्यवाही भी होगी। कार्यवाही के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प पर सरकार जवाब देगी। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से चले ताकि जन समस्याओं का निदान हो सके।

### कुआं तो तैयार...

आ रहा है कि करें तो क्या करें। बाला यादव के अनुसार, उसे कुएं के निर्माण हेतु मिलने थे चार लाख रुपये। लेकिन, उसे मिले मात्र 1 लाख 54 हजार रुपये ही। सीमेंट, बालू, छड़ तथा अन्य चीजों की खरीद का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। कुआं बनाने में लगे मिस्त्री, मैंसन और मेट की मजदूरी का भी भुगतान आज तक नहीं किया गया है। लोग नाराज हैं। जिसका पैसा रूका है, वह तो नाराज होगा ही। शेष राशि के लिए वह दो साल से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा है लेकिन आज तक बात नहीं है।

### पूर्वोत्तर में 'विवादों ...

गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्वोत्तर को बांटने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन अब हम इस तरह के प्रयासों को रोक रहे हैं।

**परियोजना का किया शिलान्यास**

**नॉर्थ** ईस्टर्न काउंसिल की गोल्डन जुबली समारोह में पीएम मोदी के सामने परिषद की 50 वर्षों की यात्रा पर एक लघु फिल्म की स्क्रीनिंग की गयी। इस मौके पर पीएम मोदी ने बीते 50 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में एनईसी के योगदान को उल्लेखित करनेवाला स्मारक ग्रंथ गोल्डन फुटप्रिंट्स जारी किया। राज्य में 2,450 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने यहां चार सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जो मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरेंगी।

मेघालय में टेलीकॉम कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए राज्य को 4जी टावर समर्पित किये, जिनमें से 320 से अधिक का काम पूरा हो गया है और करीब 890 निर्माणाधीन है। पीएम ने उमसावली में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) शिलांग का उद्घाटन किया। शिलांग के मशरूम विकास केंद्र में एक स्पॉन प्रयोगशाला और एक एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा और असम में 21 हिंदी पुस्तकालयों का भी उद्घाटन उन्होंने शिलांग से ही किया। शिलांग टेक्नोलॉजी पार्क के फेज-2 की आधारशिला भी रखी।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज के निवेशकों को भारी नुकसान, शेयर गिरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते सप्ताह मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैपिटल 29767.66 करोड़ रुपये घटकर 17,35,405.81 करोड़ रुपये रह गया। टॉप 10 मार्केट कैप वाली कंपनियों में रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। इस दौरान रिलायंस का शेयर भाव 2500 रुपये के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी कंपनियों का हालः टीसीएस को अपने बाजार मूल्यांकन में 19,960.12 करोड़ रुपये की गिरावट का सामना करना पड़ा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 19,722.3 करोड़ रुपये घटकर 6,29,380.54 करोड़ रुपये और इंफोसिस का कैप 19,567.57 करोड़ रुपये घटकर 6,40,617.19 करोड़ रुपये रह गया। सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 11,935.92 करोड़ रुपये घटकर 6,27,434.85 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,735.86 करोड़ रुपये घटकर 5,38,421.83 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह भारती एयरटेल, अडानी एंटरप्राइजेज और एचडीएफसी के बाजार पूंजीकरण में भी गिरावट हुई। बता दें कि इन 9 कंपनियों का मार्केट कैप संयुक्त रूप से 1,22,092.9 करोड़ रुपये घट गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### मध्य प्रदेश में कोरोना के तीन नये मामले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान 554 सैंपलों की जांच में कोरोना के तीन नये मामले सामने आने के साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या छह हो गयी है। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के तीन नये केस आये हैं। यह नये मरीज 554 सैंपलों की जांच में मिले हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल सक्रिय मरीज छह हैं, वहीं संक्रमण दर 0.54 प्रतिशत और रिकवरी रेट 98.70 प्रतिशत है।

### मदरसों की पठन सामग्री की स्क्रूटनी करवाने पर विचार : नरोत्तम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मदरसों की पठन सामग्री की स्क्रूटनी करवाने पर विचार किया जा रहा है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ मदरसों में बच्चों को आपत्तिजनक कंटेट पढ़ाने से संबंधित विषय संज्ञान में आया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए हम मदरसों की, जो पठन सामग्री है, उसे हम कलेक्टर से कहेंगे कि वह संबंधित शिक्षा विभाग से वह इसकी स्क्रूटनी करवा लें।

### ऑस्टियोआर्थराइटिस से जूझ रहे लोगों का इलाज करायेंगे सोनू सूद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ऑस्टियोआर्थराइटिस बीमारी से जूझ रहे लोगों का इलाज करायेंगे।



उनके चैरिटी संस्थान 'सूद चैरिटी फाउंडेशन' ने घुटने की बीमारी से पीड़ित रोगियों की मदद करने के लिए 'कदम बढ़ाये जा' अभियान शुरू किया है, जिसके तहत वह ऑस्टियोआर्थराइटिस बीमारी से जूझ रहे मरीजों का इलाज कराने में उनकी मदद करेंगे। सोनू ने बताया कि 50 साल की उम्र के बाद से बीमारी लोगों के बीच बेहद कॉमन हो जाती है। गंभीर मामलों में रोगी को दर्द से राहत देने के लिए टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत होती है। इसे सभी लोग अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। इसलिए सूद चैरिटी फाउंडेशन की मुहिम के जरिए हम ऐसे जरूरतमंद मरीजों को मदद पहुंचाने की कोशिश करेंगे, जिससे उनकी जिंदगी पहले जैसी हो सके।

# भारत की समुद्री ताकत होगी मजबूत

## नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ विध्वंसक युद्धपोत मोरमुगाओ, बढ़ेगी ताकत

**एजेंसी, मुंबई ।** स्वदेश निर्मित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ को रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आईएनएस मोरमुगाओ को सेना में शामिल किये जाने के लिए मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। सिंह ने कहा कि युद्धपोत को शामिल किये जाने से भारत की समुद्री ताकत मजबूत होगी।

नौसेना के बेड़े में मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ के शामिल होने पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस मोरमुगाओ भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली युद्धपोत में से एक है। यह भारत की समुद्री क्षमता में बढ़ोतरी करेगा। एमडीएसएल द्वारा इस युद्धपोत को तैयार किया गया है जोकि स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता का एक बड़ा उदाहरण पेश करती है। रक्षा मंत्री ने आईएनएस मोरमुगाओ को प्रौद्योगिकी आधार पर सबसे उन्नत युद्धपोत बताया। सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विशेषज्ञों के अनुसार यह 2027 में शीर्ष तीन में शामिल हो जायेगी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धपोत को गोवा मुक्ति दिवस की पूर्व संध्या पर नौसेना में शामिल किया जाना पिछले एक दशक में युद्धपोत डिजाइन और निर्माण क्षमता में हुई बड़ी प्रगति की ओर इशारा करता है।



### यह एक और मील का पत्थर : नौसेना प्रमुख

**नौसेना** प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के इतिहास में आज का दिन एक और मील का पत्थर है, क्योंकि हमने विध्वंसक मोरमुगाओ को चालू किया है, खासकर जब हमारी सिस्टर शिप विशाखापत्तनम को एक साल पहले ही भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। नौसेना प्रमुख ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले दशक में युद्धपोत डिजाइन और निर्माण क्षमता में हमारे द्वारा उठाए गए बड़े कदमों का संकेत है।

### युद्धपोत की खूबियां

भारतीय नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करनेवाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से लैस है। नौसेना ने बताया कि इस युद्धपोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर तथा वजन 7,400 टन है। इसे भारत द्वारा निर्मित सबसे घातक युद्धपोतों में गिना जा सकता है। पश्चिमी तट पर स्थित ऐतिहासिक गोवा बंदरगाह शहर के नाम पर मोमूर्गाओ नाम रखा गया है। संयोग से यह पोत पहली बार 19 दिसम्बर, 2021 को समुद्र में उतरा था, जिस दिन पुर्तगाली शासन से गोवा की मुक्ति के 60 वर्ष पूरे हुए थे। मोरमुगाओ 'विशाखापत्तनम' श्रेणी के चार विध्वंसकों में से दूसरा विध्वंसक है। इसका डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार किया है तथा निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है।

# अफगानिस्तान में तेल टैंकर में विस्फोट, 19 लोगों की मौत



**एजेंसी, काबुल ।** अफगानिस्तान में राजधानी काबुल की एक सुरंग में तेल के टैंकर में विस्फोट होने की घटना में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 32 लोग जख्मी हो गये हैं। सालंग सुरंग देश के उत्तरी हिस्से को दक्षिण से जोड़ने के लिए अहम मार्ग है। इसका निर्माण 1960 के दशक में सोवियत संघ को हमला करने में मदद करने के लिए किया गया था। परवान प्रांत के प्रवक्ता सईद हिमतुल्लाह शमीम के मुताबिक, शनिवार रात को सुरंग में हुए विस्फोट की वजह से कम से कम 19 लोगों की जान चली गयी। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित मलबे में फंसे हुए हैं और हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। यह फिलहाल साफ नहीं हो सका है कि घटना की वजह क्या थी। यह विस्फोट रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ।

स्थानीय अधिकारी डॉ. अब्दुल्लाह अफगान के मुताबिक, परवान के स्वास्थ्य विभाग को अबतक 14 शव मिले हैं और 24 लोग जख्मी हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे हैं, बाकी पुरुष हैं, जो गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं और उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। लोक निर्माण मंत्रालय के प्रवक्ता मौलवी हमीदुल्लाह मिस्बाह ने रविवार को कहा कि आग बुझा दी गयी है और सुरंग को साफ करने के लिए दल अब भी काम कर रहे हैं।

# गडकरी ने अपना वजन 89 किलोग्राम कर लिया

### अभी भी खाने का शौक है बरकरार

### उनके पसंदीदा ताज लैंड्स एंड के चाइनीज रेस्टोरेंट के शेफ का वेतन 15 लाख रुपये

**आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शुद्ध शाकाहारी हैं और खानपान के इतने शौकीन हैं कि नागपुर, मुंबई, दिल्ली में जिस भी प्रसिद्ध व उच्च होटल में बढ़िया शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलता है, वहां खाने चले जाते हैं। हालत यह है कि उनका यह शौक अपना बढ़ा वजन 135 किलोग्राम से घटाकर 89 किलोग्रामकर लेने के बाद भी बरकरार है।

वह अपने परिचितों व खास जनों के बीच बातचीत में बिना लाग लपेट कहते भी हैं कि वह अक्सर तमाम होटल और रेस्टोरेंट में पसंदीदा शाकाहारी पकवान खाने के लिए चले जाते हैं और शाकाहारी केवल भारतीय भोजन ही नहीं, चाइनीज भी पसंद है। इसी शौक के चलते वह मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल के चाइनीज रेस्टोरेंट में भी जाते हैं। जिसमें थाईलैंड का डेविड नामक एक शेफ था। जिसको होटल में ही रहने का कमरा मिला हुआ था और वेतन था पंद्रह लाख रुपये।

# दिल्ली में बेकाबू कार ने तीन बच्चों को कुचला, स्थिति गंभीर

**एजेंसी, नयी दिल्ली ।** दिल्ली के गुलाबी बाग इलाके में रविवार को एक कार ने फुटपाथ पर खड़े तीन बच्चों को कुचल दिया। तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक बेकाबू कार फुटपाथ पर खड़े तीन बच्चों को कुचल देती है। इसके बाद एक बच्चा उछलकर कार के पीछे गिरते हुए दिख रहा है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग दौड़कर घायल बच्चों के पास पहुंचे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने कार चालक को भी पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। घायल होनेवाले बच्चों में



दो की उम्र 10 साल है, जबकि तीसरा बच्चा छह साल का है।

डीसीपी (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान प्रताप नगर निवासी गजेंद्र (30) के रूप में हुई है। उसने रविवार को लीलावती स्कूल के पास कार से तीन बच्चों को कुचल दिया था। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# हेलीकॉप्टर खरीदने को सरकार से मांगे पैसे

### महाराष्ट्र सीएम को रिटायर्ड फौजी ने लिखा लेटर

### कहा- सड़क खराब है, उड़कर करेंगे पार

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में गांव तक सड़क न बनने से परेशान एक रिटायर्ड फौजी ने सरकार से हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए पैसे मांगे हैं। आर्मी के रिटायर्ड मेजर ने सीएम एकनाथ शिंदे को चिट्ठी लिखकर कहा है कि हमारी बस्ती तक जाने के लिए सड़क नहीं है, इसलिए हमें हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए सरकारी अनुदान दिया जाये। यहां गड्ढ़ों और कीचड़ की वजह से चलना मुश्किल होता है। अगर हेलिकॉप्टर दे दिया जायेगा, तो हम उड़ते हुए गड्ढ़ों को पार कर सकेंगे।



### परेशान होकर लिखा पत्र

रिटायर्ड आर्मी मेजर दत्तू भापकर शेवगांव तहसील के सालवडगांव के रहनेवाले हैं। उन्होंने बताया कि यहां कि सड़क इतनी ज्यादा खराब है कि चल पाना भी मुश्किल है। रोड बनवाने के लिए पहले कई बार प्रशासन से निवेदन कर चुके हैं, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इसलिए परेशान होकर उन्होंने सीधे सीएम को लेटर लिखकर हेलीकॉप्टर की मांग की। उन्होंने बताया कि सीएम के अलावा लेटर की कॉपी शेवगांव के तहसीलदार, अहमदनगर के जिला अधिकारी, अहमदनगर दक्षिण के सांसद सुजय विखे और शेवगांव- पाथर्डी की विधायक मोनिका राजले को भी भेजी है।

# धुंध में टकरायीं दो दर्जन गाड़ियां, चार घायल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

**एजेंसी, यमुनानगर।** यमुनानगर में औरंगाबाद के पास एक के बाद एक लगभग दो दर्जन गाड़ियां भारी धुंध के चलते आपस में टकरा गयीं। इस हादसे में चार लोगों को गंभीर चोटें आयी हैं। उन्हें ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया है। बताया जा रहा है कि लगातार दूसरे दिन यमुनानगर में भारी धुंध थी। विजिबिलिटी काफी कम थी जिस कारण वाहन एक दूसरे को दिखाई नहीं दे रहे थे। इसी कारण एक गाड़ी की दूसरी गाड़ी से टक्कर हुई। जैसे ही घायल गाड़ी से निकलने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान और गाड़ियों ने उन्हें पीछे से टक्कर मारनी शुरू कर दी। इसके बाद लगातार एक दर्जन गाड़ियां एक से दूसरी गाड़ी से भिड़ती चली गयीं। पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गयी।

एंबुलेंस व पुलिस की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। गाड़ियों के एक दूसरे से टकराने के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कहा कि पिछले दो दिनों से भारी धुंध के चलते विजिबिलिटी काफी कम है। इसी के चलते पुलिस अधिकारी भी वाहन चालकों को वाहन धीरे धीमी गति से चलाने की अपील कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस तरह के हादसे सामने आ रहे हैं।

## सीजेआई बोले - हर साल प्यार करने या जाति से बाहर शादी करने के कारण होती हैं अनेक हत्याएं

# जाति के बाहर शादी करने पर मारे जाते हैं कई लोग

**एजेंसी, नयी दिल्ली ।** सीजेआई ने कहा कि नैतिकता एक तरल अवधारणा है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होती है। सीजेआई ने कहा कि हर साल प्यार करने या जाति से बाहर शादी करने के कारण अनेक हत्याएं होती हैं, यकीन ना हो तो एक हफ्ता सुप्रीम कोर्ट में आकर देख लीजिये। सीजेआई ने एक लेख का हवाला दिया जिसमें बताया गया था कि कैसे 1991 में उत्तर प्रदेश में एक 15 वर्षीय लड़की को उसके माता-पिता ने मार डाला था। सीजेआई ने कहा कि लेख में कहा गया है कि ग्रामीणों ने अपराध स्वीकार कर




लिया है। उनके कार्य स्वीकार्य और न्यायसंगत थे (उनके लिये), क्योंकि उन्होंने उस समाज के आचार संहिता का अनुपालन किया जिसमें वे रहते थे। हालांकि, क्या यह तर्कसंगत लोगों द्वारा आचार संहिता है जिसे आगे रखा गया होगा? प्यार में पड़ने या अपनी जाति के बाहर शादी करने या अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध शादी करने के लिए हर साल कई लोग मारे जाते हैं। उन्होंने कहा कि नैतिकता अक्सर प्रभावशाली समूहों द्वारा तय की जाती है।

### अक्सर प्रभावशाली समूहों द्वारा तय की जाती है नैतिकता

उन्होंने कहा कि कमजोर और हाशिए पर रहनेवाले समूहों के सदस्यों को प्रमुख समूहों को प्रस्तुत करने के लिए मजबूर किया जाता है और उत्पीड़न के कारण संस्कृति विकसित नहीं हो पाती है। सीजेआई ने कहा कि हाशिए पर पड़े समुदायों से संबंधित सदस्यों के पास अपने अस्तित्व के लिए प्रमुख संस्कृति को प्रस्तुत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़क समूहों के हाथों अपमान और अलगाव के कारण समाज के कमजोर वर्ग एक संस्कृति को चुनौती देने में असमर्थ हैं। वहीं, केंद्र सरकार के साथ सुप्रीम कोर्ट का टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ दिन पहले कानून मंत्री ने संसद में सुप्रीम कोर्ट को नसीहत दी तो शुक्रवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को करारा जवाब दिया।

# स्वस्थ महिला या पुरुष का वजन कितने किग्रा. के लगभग होना चाहिए

**आरपी सिंह**

**नयी दिल्ली।** एक स्वस्थ व्यक्ति या महिला का वजन कितना होना चाहिए यह कई बातों पर निर्भर करता है। किस देश में पैदा हुआ है, वहां के लोग किस कद काठी के होते हैं, क्या खाते हैं, किस वातावरण में रहते हैं। इसमें भी कौन कसरत करता है, कौन सामान्य तरह से रहता है, कौन क्या काम करता है। क्या खाता है। उनका वजन इन सब पर निर्भर करता है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ भी व्यक्ति के वजन का आंकड़ा बदलता है। इस हिसाब से आपके परिवार में सबसे छोटे से लेकर दादा-दादी तक के उम्र के लोगों का वजन कितना होना चाहिए। इसके लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के आदर्श वजन वाले चार्ट को देखते हैं -

### उम्र बढ़ने के साथ भी व्यक्ति के वजन का बदलता है आंकड़ा



### पुरुष व महिला के लिए औसत वजन क्या है ?

| आयु | पुरुष का वजन | महिला का वजन |
|---|---|---|
| नवजात शिशु | 3.3 किग्रा | 3.3 किग्रा |
| 2-5 महीने | 6 किग्रा | 5.4 किग्रा |
| 6-8 महीने | 7.2 किग्रा | 6.5 किग्रा |
| 9 महीने से 1 साल | 10 किग्रा | 9.5 किग्रा |
| 2-5 साल | 12.5 किग्रा | 11.8 किग्रा |
| 6-8 साल | 14-18.7 किग्रा | 14-17 किग्रा |
| 9-11 साल | 28-31 किग्रा | 28-31 किग्रा |
| 12-14 साल | 32-38 किग्रा | 32-36 किग्रा |
| 15-20 साल | 40-50 किग्रा | 45 किग्रा |
| 21-30 वर्ष | 60-70 किग्रा | 50-60 किग्रा |
| 31-40 वर्ष | 59-75 किग्रा | 60-65 किग्रा |
| 41-50 वर्ष | 60-70 किग्रा | 59-63 किग्रा |
| 51 से 60 वर्ष | 60-70 किग्रा | 59-63 किग्रा |

**उक्त** चार्ट के अनुसार आपका माप में नहीं होने पर भी घबराने की जरूरत नहीं है। यह चार्ट आपको यह अनुमान लगाने के लिए है कि आप अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य के आधार पर अपना वजन बढ़ा सकते हैं या घटा सकते हैं और वजन के बारे में पहले ही कई और कारक भी बताये गये हैं जो ज़िम्मेदार होते हैं।